दैनिक
# नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◊◊ 6 | आंचलिक 2 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | आस-पास

रांची, बुधवार, 27 नवंबर 2024, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष द्वादशी विक्रम संवत-2081 वर्ष-09 अंक-219 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये
रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

शपथ ग्रहण से पहले पीएम से मिले सीएम

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे संग जीत का ठहाका

## शपथ ग्रहण की तैयारी

## जन आशीर्वाद की ऊर्जा, प्रचंड जीत का जश्न व अपनी संस्कृति का संस्कार

## आशीर्वाद देने जरूर आएं!

पीएम मोदी को दिया शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण

हम साथ-साथ हैं

जीत की जश्न के भागीदार बनें राहुल भाई!

प्रियंका दीदी आना जरूर!

### आज
## बेबाक

इसे ही कहते हैं मीठा-मीठा गप-गप, कड़वा-कड़वा थू-थू। झारखंड और वायनाड में जीते तो लोकतंत्र की जीत हुई। महाराष्ट्र में हारे तो ईवीएम ने हराया। बंगाल में उपचुनाव जीते तो दीदी की जीत, यूपी में भाजपा जीती तो बाबा के दादागिरी की जीत। मतलब ईवीएम उनके मन माफिक नतीजे उगले तो ठीक यदि दूसरे को जिताए तो ईवीएम खराब। अपनी पराजय का ठीकरा ईवीएम और चुनाव आयोग पर फोड़ने वाले नेता जनादेश को नकार कर मतदाताओं का अपमान करने से बाज न आए तो अपनी बची खुची साख पर बट्टा लगाएंगे। सिर पर हाथ रखकर पछताएंगे।

### सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 06:10 प्रातः
अस्त : 05:02 संध्या

### प्रदेश का तापमान (आज)

| स्थान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.0 | 12.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 14.0 |
| हजारीबाग | 26.0 | 12.0 |
| डालटनगंज | 28.0 | 12.0 |

//--सुविचार--//

**दो तरह से देखने से चीजें छोटी नजर आती हैं- एक दूर से और एक गुरुर से!**

### संक्षिप्त खबरें

#### इंस्पेक्टर राजेश सिन्हा का निधन

रांची। कोविड संक्रमण काल में लोगों की सेवा कर अपनी पहचान बनाने वाले पुलिस इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा का निधन हो गया है। पारिवारिक सदस्यों के अनुसार, इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा की हार्ट अटैक की वजह से पूर्वी सिहंभूम (जमशेदपुर) के अस्पताल में मौत हो गई। राजेश कुमार सिन्हा को उनकी मूंछों की वजह से भी लोग उन्हें रांची का सिंघम कहते थे। कोविड संक्रमण के समय जब पूरे देश में लॉकडाउन लगा उस समय राजेश सिन्हा रांची के डेली मार्केट थाना के प्रभारी थे। पूरे लॉकडाउन के दौरान हर उस जरूरतमंद की राजेश सिन्हा ने मदद की थी, जिन्हें खाना और दवाई की जरूरत थी।

### सीएम हेमंत ने शपथ ग्रहण समारोह के लिए खड़गे, राहुल, प्रियंका व प्रधानमंत्री मोदी किया आमंत्रित

# मंत्री बनने लिए विधायकों में होड़

नव प्रदेश संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन की जबरदस्त जीत के बाद अब राज्य में एक बार फिर से हेमंत सोरेन की सरकार बनने जा रही है। हेमंत सोरेन 28 नवंबर को झारखंड के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले हैं। ऐसे में हेमंत सोरेन की नई कैबिनेट में जगह पाने के लिए विधायकों में होड़ सी मच गई है। बताया गया है कि हेमंत सोरेन की सरकार में इस बार पुराने फॉर्मूले छह, चार और एक के आधार पर ही मंत्रिमंडल का गठन होगा। झामुमो से 6, कांग्रेस से 4 और राजद से एक मंत्री बनाए जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि नई सरकार की रूपरेखा पर हेमंत सोरेन की कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से बातचीत हुई है। इस बार झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को 34 सीटों पर जीत हासिल हुई है। कांग्रेस 16 सीटें जीतने में सफल रही है। आरजेडी के खाते में 4 सीटें गई, तो सीपीआईएमएल को भी दो सीटें

मिली हैं।

मंत्री पद को लेकर नव निर्वाचित जेएमएम विधायक मथुरा महतो ने भी अपनी दावेदारी जतायी है। मथुरा महतो ने कहा कि इस बार मंत्री पद मिलना चाहिए। मंत्री पद देने का काम पार्टी नेतृत्व का है। पूर्व में मथुरा महतो कृषि और राजस्व मंत्री रह चुके हैं। पिछली हेमंत सरकार में मथुरा महतो विधानसभा में पार्टी के सचेतक थे। मथुरा महतो के अलावा अन्य विधायकों ने भी मंत्री बनने के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। जानकारी के अनुसार, इस बार के कैबिनेट में पुराने चेहरों के साथ-साथ कुछ नए चेहरे भी दिख सकते हैं।

#### मंत्री बनने की रेस में शामिल नेता ये हैं

झामुमो, कांग्रेस और राजद में नए और पुराने चेहरे भी मंत्री बनने की दौड़ में शामिल हैं। झामुमो से दीपक बिरूआ, हफीजुल हसन, रामदास सोरेन, मथुरा महतो, सुदिव्य सोनू, बंसत सोरेन मंत्री बनने की दौड़ में शामिल हैं। वहीं, झामुमो में संथाल से हेमलाल मुर्मू और लुईस मरांडी के नाम भी चर्चा में हैं, जबकि कांग्रेस से डॉ रामेश्वर उरांव, अनूप सिंह, इरफान, दीपिका पांडेय सिंह, प्रदीप यादव, शिल्पी नेहा तिर्की, नमन विक्सल कोंगाड़ी, राजेश कच्छप का नाम मंत्री बनने की रेस में आगे है। इस बार राजद से सुरेश पासवान मंत्री बनेंगे। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने सुरेश पासवान के नाम की घोषणा भी कर दी है।

#### इन नेताओं को शपथ ग्रहण में किया गया आमंत्रित

रांची के मोरहाबादी मैदान में 28 नवंबर को झारखंड के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह होने वाला है। इसमें इंडिया गठबंधन के कई दिग्गज नेताओं के शामिल होने की संभावना है। इसे लेकर मंगलवार को कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इसकी जानकारी हेमंत सोरेन ने एक्स पर पीएम मोदी के साथ की तस्वीरें साझा करते हुए दी। इस पोस्ट में हेमंत ने लिखा है, दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें 28 नवंबर को अबुआ सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उधर, कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ दिल्ली में सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने तीनों को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया। इसके अलावा लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, फारूख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, दीपांकर भट्टाचार्य, पप्पू यादव सहित इंडी गठबंधन के कई नेताओं को भी न्योता दिया गया है।

## 2000 फोर्स होंगे तैनात गेस्ट के लिए खास इंतजाम

नव प्रदेश संवाददाता

**रांची :** 28 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में हेमंत सोरेन की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से काम कर रहा है। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन के अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, मंत्री और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इसको लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह के साथ-साथ राज्य के आलाधिकारियों के साथ बैठक भी की है।

#### विधायकों के बैठने के लिए खास इंतजाम

सुरक्षा व्यवस्था और शपथ ग्रहण समारोह में आने वाले मेहमानों के अलावा आम लोगों की सुविधा के लिए भी विशेष ध्यान देने के लिए जिला प्रशासन काम कर रही है। इस समारोह के लिए दो स्टेज तैयार किए जाएंगे। मुख्य स्टेज पर मुख्यमंत्री और मंत्रियों का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम होगा। दूसरे स्टेज पर नवनिर्वाचित विधायकों के बैठने की व्यवस्था होगी।

#### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। आईजी और डीआईजी ने शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारी को लेकर बैठक भी की है। पुलिस मुख्यालय से 2000 अतिरिक्त फोर्स शपथ ग्रहण समारोह में सुरक्षा के लिहाज से दिया जा रहा है। इसके साथ ही एसपी, डीएसपी और इंस्पेक्टर, दारोगा रैंक के अधिकारी भी तैनात किए जाएंगे।

#### अतिथि का स्वागत

शपथ ग्रहण समारोह को लेकर वीआईपी मोमेंट के लिए अलग से प्लान तैयार किया जा रहा है। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर रांची डीसी वरुण रंजन ने तैयारी का जायजा भी लिया है। इसके बाद उन्होंने दूर दराज क्षेत्र से काफी संख्या में आने वाले लोगों के व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। शपथ ग्रहण समारोह में आने वाले लोगों को किसी भी तरह की समस्या ना हो, इसको लेकर सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही दूसरे राज्यों से इस कार्यक्रम में शामिल होने आने वाले लोगों का पारंपरिक तरीके से स्वागत करने की तैयारी है।

### सियासत
### झारखंड के चार पूर्व मुख्यमंत्रियों का सियासी सफर संकट में, पांच वर्ष बाद 71 वर्ष के हो जायेंगे बाबूलाल मरांडी

# लोस चुनाव खुद हारने के बाद पत्नी को भी नहीं जीता पाये अर्जुन मुंडा

नव प्रदेश संवाददाता

**रांची :** झारखंड में विधानसभा चुनाव के जो परिणाम आए, उसने यह बता दिया कि राज्य के चार पूर्व मुख्यमंत्रियों का सियासी सफर संकट में है। हालांकि इस चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और बाबूलाल मरांडी खुद किसी तरह से चुनाव जीतने में सफल रहे, लेकिन वो अन्य सीटों पर भाजपा-एनडीए उम्मीदवारों को जीत नहीं दिला सके। वहीं, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों अर्जुन मुंडा और मधु कोड़ा की पत्नियां चुनाव में हार गयीं, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन अपने पुत्र बाबूलाल सोरेन को जीत नहीं दिला सके।

#### कोड़ा दंपती का प्रभाव कोल्हान में हुआ कम

एक जमाने में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा का कोल्हान इलाके में तूती बोला करती थी, मधु कोड़ा ने वर्ष

2009 के लोकसभा चुनाव में खुद निर्दलीय चुनाव जीते और अपनी पत्नी गीता कोड़ा को जगन्नाथपुर से जीत दिलाने में सफल रहे। इससे पहले 2005 में मधु कोड़ा ने खुद यहां से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की। 2014 में भी गीता कोड़ा ने जीत हासिल की और 2019 में कांग्रेस टिकट पर संसद भी पहुंची। लेकिन इस वर्ष लोकसभा और विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद यह साफ हो गया है कि मधु कोड़ा की कोल्हान इलाके में अब पहले जैसी पैठ नहीं रह गई।

#### अर्जुन मुंडा के भविष्य पर सवाल

इसी तरह से पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा इस वर्ष पहले खुद खूंटी संसदीय सीट से चुनाव हार गये। इसके बाद अर्जुन मुंडा ने अपनी परंपरागत खरसावां विधानसभा सीट की जगह पोटका विधानसभा क्षेत्र से पत्नी मीरा मुंडा को चुनाव मैदान में उतारा, लेकिन मीरा मुंडा भी यहां से बड़े अंतर से जेएमएम प्रत्याशी संजीव सरदार से चुनाव हार गयीं। इस हार के बाद भाजपा नेतृत्व की ओर से अर्जुन मुंडा और मधु कोड़ा या गीता कोड़ा को किस तरह से एडजस्ट किया जाता है, इसका आने वाले समय में खुलासा हो पाएगा।

#### बेटे बाबूलाल सोरेन को नहीं जीता पाये चंपाई

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरायकेला विधानसभा सीट खुद चुनाव जीतने में सफल रहे, लेकिन चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को घाटशिला में हार मिली। इस तरह से भाजपा को आदिवासियों के लिए सुरक्षित 28 में से सिर्फ एक सीट पर जीत मिली। यह सीट भी चंपाई सोरेन के जेएमएम से भाजपा में आने के कारण मिली। चंपाई सोरेन यदि भाजपा में शामिल नहीं होते, तो आदिवासियों के लिए सुरक्षित एक भी सीट पर भाजपा नहीं जीत सकती।

#### इस बार भाजपा की चार सीटें हुईं कम

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनवार विधानसभा सीट से खुद चुनाव जीत गये, लेकिन इस बार के चुनाव में भाजपा की चार सीटें कम हो गयीं। वर्ष 2019 में भाजपा को 25 सीटें मिली थीं, परंतु इस बार भाजपा को सिर्फ 21 सीटों पर संतोष करना पड़ा। चुनाव के कई महीने पहले भाजपा नेतृत्व की ओर से बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपते हुए पूरी छूट दी, लेकिन इसके बावजूद सीटें कम हो जाना, बाबूलाल मरांडी के लिए भी व्यक्तिगत रूप से तगड़ा झटका था। चुनाव परिणाम के पहले बाबूलाल मरांडी के समर्थक उन्हें सीएम फेस के रूप में पेश कर रहे थे। लेकिन अब बाबूलाल मरांडी की उम्र 66 वर्ष हो गयी और पांच साल बाद जब चुनाव होगा, तो उनकी उम्र 71 वर्ष हो जाएगी। ऐसे में आने वाले चुनाव तक खुद को प्रासंगिक बनाए रखने भी बाबूलाल मरांडी के लिए बड़ी चुनौतीपूर्ण होगा।

#### रघुवर दास की बहू पूर्णिमा को मिली जीत

एक ओर जहां चार पूर्व मुख्यमंत्रियों के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण रहा, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास अपनी बहू पूर्णिमा दास को जीत दिलाने में सफल रहे। हालांकि रघुवर दास फिलहाल झारखंड की राजनीति से दूर हैं, लेकिन वापसी की स्थिति के लिए रघुवर दास ने जमशेदपुर पूर्वी के किला को सुरक्षित बनाए रखने में कामयाबी हासिल की।

# रांची उपायुक्त ने संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्य परायणता की दिलाई शपथ

नव प्रदेश संवाददाता

**रांची।** संविधान दिवस पर मंगलवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में भारत के संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्य परायणता की सामूहिक शपथ ली गई। उपायुक्त, रांची वरुण रंजन ने पदाधिकारियों और कर्मचारियों को भारत के संविधान के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई। विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारियों एवं समाहरणालय कर्मियों ने उपायुक्त के साथ संविधान की प्रस्तावना का पठन किया। उपायुक्त ने पदाधिकारियों व कर्मियों को भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को न्याय, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढ़ाने के लिए, दृढ संकल्प होकर संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ दिलाई।

## पदक विजेता खिलाड़ियों के रांची पहुंचने पर स्वागत

**नव प्रदेश संवाददाता/रांची।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में संपन्न फेडरेशन कप प्रीमियर लीग एवं यूथ लीग ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में झारखंड टीम की ओर से खेल रहे रांची इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ी अश्विनी खलखो साक्षी ओझा और अभिजीत बनर्जी ने शानदार प्रदर्शन रहा जूनियर और कैडेट अपने-अपने स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर राज्य का परचम लहराया है। विजेता खिलाड़ियों के रांची पहुंचने पर फूल और मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी कमीशन के चेयरमेन सह इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन से राज्य को गौरवान्वित किया है। तीनों खिलाड़ी रांची के इमा कराटे स्टूडियो में प्रशिक्षण ले रहे हैं और जल्द ही आगामी प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन अच्छा करेंगे। जल्द ही सम्मान समारोह का आयोजन कर सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। विजेता खिलाड़ियों के रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के अध्यक्ष अनिल किस्पोट्टा राकेश तिर्की पीटर कच्छाप कुंदन उराव अभिभावक गण एवं खेल प्रेमियों के द्वारा फूल और मालाओं के साथ स्वागत किया गया।

## शोतोकान कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रशिक्षक व मुख्य टेक्निकल डायरेक्टर हांसी मानस सिन्हा सम्मानित

**नव प्रदेश संवाददाता/रांची।** शोतोकान कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के मुख्य प्रशिक्षक व मुख्य टेक्निकल डायरेक्टर हांसी मानस सिन्हा(ब्लैक बेल्ट 8वीं डान) को यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी थडपखना, रांची के 160वे स्थापना दिवस समारोह पर कराटे के क्षेत्र में सहरानीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर शोकफ के कराटेकारो द्वारा कुमिते,ब्रेकिंग, सेल्फ डिफेंस आदि का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में सेंसाई नंद किशोर महतो, परिक्षित पाठक, कृष भल्ला, राहुल कुमार, अश्विन, आदित्य सिंह, मनीष ग्रंथ, आर्यन, दीप्ति, येयती, रेयांश, शारव, गार्विक, अंतरा, तविशी, अर्णव, तेजस, त्रिशिका, रिद्धिमा वत्सल, तनिषा शामिल है। कराटेकारो के बेहतर प्रदर्शन देख उपस्थित लोगो काफी तारीफ किए।

## भाजपा को सड़क पर उतरने को विवश नहीं करें : रविंद्र राय

**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने 26 नवंबर को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव को बहुत ही सहज ढंग से लेती है। पार्टी की पांच निष्ठा है, उसमें दूसरी सबसे महत्वपूर्ण निष्ठा लोकतंत्र है। इसलिए जब झारखंड के विधानसभा चुनाव परिणाम आया था, तब सहज ढंग से उसे परिणाम को स्वीकार किया था। राय ने दुख के साथ कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के समर्थक चुनाव परिणाम आने के बाद अहंकार में चूर हो गए हैं और लोकतंत्र को कलंकित करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से खुशी के माहौल में दूसरे को अपमानित किया जा रहा है। भाजपा इंतजार में थी यह थम जाएगा लेकिन लगातार झारखंड मुक्ति मोर्चा और उनके सहयोगी दलों के लोग प्रदेश में अलग-अलग जगह पर अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। राय ने कहा कि मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र बरहेट में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ने अच्छे ढंग से चुनाव लड़ा। करीब 60 हजार से अधिक वोट भी प्राप्त किया। वहां कई मुस्लिम परिवार के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में काम किया झंडा बांधा। उनके घरों में हमले किए गए। उन्हें भयभीत करने का काम किया गया। अराजकता पैदा करने की कोशिश हर जगह हो रही है। कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि बहरागोड़ा के नवनिर्वाचित विधायक समीर मोहंती का भतीजा राकेश मोहंती और उड़ीसा में रहने वाला उनका भांजा अविनाश पटनायक जगह-जगह पर अपने साथ आपराधिक तत्वों को लेकर उपद्रव करने का काम कर रहे हैं। मनोज पाल की टीवी को तोड़ दिया। उसके साथ मारपीट की गई। कई लोगों ने पुलिस को सूचना भी दी। चाकुलिया के भाजपा कार्यकर्ता शंभू नाथ मल्लिक, मनोज अग्रवाल के घर में जाकर परिवार को अपमानित करने की कोशिश की गई। सुशील शर्मा के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। डॉ राय ने कहा कि सीता सोरेन चुनाव की गणना के बाद जब निकली तब उनके कार्यकताओं द्वारा अभद्र शब्द का प्रयोग किया गया। जामताड़ा में उन्हें मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने का काम किया गया। चुनाव के समय भी उनके खिलाफ गंदे शब्दों का प्रयोग किया गया था। जामताड़ा में हिंदू समाज के परिवार की शादी हो रही थी, वहां जुलूस निकालने वाले मुसलमान लोगों ने शादी में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। वहां थानेदार को माफी मांगनी पड़ी। चाहे राजमहल हो, पाकुड़ हो, जामताड़ा हो या मधुपुर हो। जहां-जहां अल्पसंख्यक समाज की बहुलता है, वहां समाज में तनाव पैदा करने का काम वे कर रहे हैं। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को झारखंड में कमजोर समझने की गुस्ताखी इंडी गठबंधन के लोग नहीं करें। भाजपा ने यहां सरकार भी चलाई है और विपक्ष की भूमिका भी निभाई है। शांति स्थापित करने का काम किया है। हालांकि, झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोगों की संताल परगना में पुरानी आदत है। वह घरों में जाकर भयभीत करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने मुख्य सचिव और डीजीपी से मांग की कि चुनाव से जुड़े कोई भी मामले में प्रदेश में कहीं कोई घटना होती है तो उसे तुरंत नियंत्रित किया जाए। इस विषय पर कड़े निर्देश दिए जाने चाहिए अन्यथा अप्रिय घटनाएं होने की आशंका है। ऐसी घटनाओं पर नियंत्रित नहीं होने पर जनता मजबूर होकर सड़क पर उतरेगी।

## एकादशी तिथि के अवसर पर सरोवरनगर में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ

नव प्रदेश संवाददाता

**रांची।** एकादशी तिथि मंगलवार के शुभ अवसर पर देवी मंडप रोड, हेसल, सरोवरनगर में बजरंग बली व मां भगवती की पूजा अर्चना किया गया। इस पूजा में यजमान के रूप में स्वेता आर्या, विनीत कुमार सिंह शामिल थे। मुख्य पुरोहित सतीश कुमार मिश्रा के सानिध्य में तीन ब्राह्मणों ने जिसमे मनोज कुमार पुटू,अंकित कुमार मिश्रा, विकाश कुमार ने मिलकर सुंदरकांड का पाठ, हनुमान चालीसा का सुमधुर पाठ व भजन धूम धाम से किया गया। इस दौरान भक्तों ने ने भाव विभोर हो सामुहिक रूप से भजन कीर्तन किया। वहीं उसके उपरांत आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मनोज कुमार पुटू,अवनी सिंह, वैष्णवी सिंह, जीतू पांडेय, फूल देवी, रीता देवी, प्रतिमा देवी, इंदु प्रसाद सहित अन्य भक्तगण उपस्थित थे।

## हिंसा मुक्त और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग बधाई के पात्र : भाजपा

नव प्रदेश संवाददाता

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचकर मुख्य चुनाव पदाधिकारी, अतिरिक्त मुख्य चुनाव पदाधिकारी, सभी अधिकारी, कर्मचारी को झारखंड में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापन दिया।

सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की पूरे चुनाव के 40 दिन के दौरान चुनाव आयोग के सभी पदाधिकारी, कर्मचारी दिन रात परिश्रम करके कार्य करते रहे। इस बीच में सभी बड़े पर्व त्यौहार भी आए पर उन सभी छुट्टियां को त्याग कर चुनाव के अधिकारी कर्मचारी आयोग कार्य में लग रहा पूरे चुनाव में एक भी हिंसा नहीं हुई, यह झारखंड के लिए गौरव का विषय है। इसके लिए चुनाव आयोग की पूरी योजना कामयाब रही। पूरे चुनाव के दौरान सीधे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पर आरोप लगाया वह सही नहीं था फिर भी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अपना संयम और धैर्य का परिचय देते हुए लगातार कार्य करते रहे। चुनाव हो चुकी है सरकार का गठन होना है परिणाम आ चुके हैं पर लोकतंत्र का सबसे बड़ा आधार चुनाव आयोग है और चुनाव आयोग को हम सभी को मिलकर सफल बनाना होगा । राजनीति से उठकर चुनाव आयोग जैसी संस्था में हम सभी को विश्वास करना पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से आग्रह किया कि अगले चुनाव में कोई मतदाता वोट देने से वंचित न हो ऐसा रचना करना चाहिए,इस कार्य में भाजपा भी अपने स्तर से पूरा प्रयास करेगी। प्रतिनिधिमंडल में पुष्कर तिवारी शामिल थे।

# खूब सज्यो दरबार खाटू वाले को

### उत्पन्ना एकादशी पर श्री श्याम मन्दिर में मनमोहक श्रृंगार

नव प्रदेश संवाददाता

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में मंगलवार को उत्पन्ना एकादशी पर्व अत्यन्त श्रद्धा भाव व भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः से ही श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए भक्तगण आतुर थे। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर लाल गुलाब-जूही-बेला- रजनीगंधा के ताजे और खूबूदार फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया साथ ही मंदिर में विराजमान शिव परिवार व हनुमान जी का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया।

रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच श्री श्याम नाम की दिव्य ज्योति प्रज्वलित की गई। मनोवांछित मनोकामना के साथ भक्तगण कटारबद्ध होकर दिव्य ज्योत में आहुति प्रदान कर रहे थे।

खूब सज्यो दरबार खाटू वाले को

हम आज सभी मिलकर तेरी रात जगाएंगे

### हमें तो जो भी दिया श्याम बाबा ने दिया

श्याम बाबा को श्रृंगार मन भाव इत्यादि भजनों की लय पर भक्तगण भावविभोर हो श्याम नाम की मस्ती लूट रहे थे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान - फल - मेवा व केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ आज का कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, गोपी किशन ढांढनियां, चन्द्र प्रकाश बगला, सुदर्शन चितलांगिया, बालकिशन परसरामपुरिया, नितेश केजरीवाल, मनोज ढांढनियां , विकाश पाड़िया, नितेश लाखोटिया का विशेष योगदान रहा।

## आलमगीर के पीए संजीव व उसके नौकर जहांगीर की डिस्चार्ज पटिशन खारिज

**नवप्रदेश/रांची।** टेंडर घोटाले के जरिए करोड़ों रुपये मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन मंगलवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने खारिज कर दी है।

इससे पूर्व 25 नवंबर को ईडी, पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

दूसरी ओर, पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के डिस्चार्ज पीटिशन पर आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने मामले में अगली सुनवाई दो दिसंबर निर्धारित की है। इसके अलावा एक अन्य मामले टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आरोपित निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सीए मुकेश मित्तल की भी डिस्चार्ज पिटीशन पीएलएमए की अदालत ने खारिज कर दी है।

## अन्य दलों के लोग भी लोकसभा सीटों से चुनाव जीते : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव व प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संविधान में घमंड का स्थान नहीं होता। जैसे प्रधानमंत्री वाराणसी से चुनाव जीते हैं, ठीक उसी प्रकार से अन्य दलों के लोग भी अपने–अपने लोकसभा सीटों से चुनाव जीते हैं। वे नकारे गये लोग नहीं हैं। सुप्रियो ने कहा कि जब संसद में विपक्ष के लोगों ने मुद्दा उठाया तो प्रधानमंत्री ने बहुमत के आधार पर उनकी आवाज दबवा दी और विपक्ष के सांसदों को जनता द्वारा नकारा गया बता दिया। सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री के ?द्वारा वे सारे लोग नकारे गये हैं। तो जो झारखण्ड में नई सरकार 28 नवम्बर को अस्तित्व में आयेगी, वो क्या, वो भी राज्य की जनता द्वारा नकारे गये लोगों की होगी या स्वीकारे गये लोगों की होगी? यह सवाल वे प्रधानमंत्री से पूछना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जिस संविधान की कसमें खाकर वे शपथ लेते हैं और संवैधानिक दायित्वों का निर्वहण कर रहे हैं।

# जग में सुंदर है दो नाम चाहे कृष्ण कहो या राम

### सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

**रांची।** श्रीमद् भागवत कथावाचक अचिंत्यचक्र दास (मुंबई) ने पहले दिन श्रीमद् भागवत गीता, श्रीमद् भागवतम एवं चैतन्य चरित्रामृत पर विस्तृतरूप से चर्चा किए। उन्होंने कहा श्रीमद् भागवत गीता भगवान श्री कृष्ण की वाणी है, श्रीमद् भागवतम भगवान श्री कृष्ण जी की साक्षात स्वरूप है एवं चैतन्य चरित्रामृत भगवान श्री कृष्ण जी का मन है साथ ही हमें भक्त क्यों बनना चाहिए,हमें भक्ति क्यों करनी चाहिए आदि को बहुत ही सरलतम रूप में समझाएं। उन्होंने यह भी बताया कलयुग में भक्ति करना बहुत ही आसान है। भगवान श्री कृष्ण जी के नाम,दर्शन एवं प्रसाद ही उनके अभिन्न अंग हैं। कलयुग में हम हरि जी का नाम लेकर उन्हें प्राप्त कर सकते हैं, भगवान श्री कृष्ण जी की सभी जीवों पर दया होती है। मनुष्य योनि सबसे उत्तम माना गया है। दूसरे दिन भगवान श्री कृष्ण जी के जन्मोत्सव, उनके बाल लीला पर कथा सुनाए उन्होंने कहा जब भगवान श्री कृष्ण धरती पर प्रकट हुए उस वक्त उन्होनें बहुत ही छोटे उम्र में बड़े-बड़े कार्य,सभी प्रेमी भक्तों को उद्धार किए।

### जग में सुंदर है दो नाम चाहे कृष्ण कहो या राम

कथा के बाद उनके सहयोगी म्यूजिकल टीम संगीत माधव दास प्रभु जी वृंदावन धाम,श्रीमान लाली चरण दास, वीरेंद्र तिवारी, अब्या सैनी दुर्गा (कैमूर भभुआ, बिहार) द्वारा श्री कृष्ण भगवान पर आधारित भक्तिमय भजन संध्या एवं संगीत पेश किया गया।

इस महोत्सव को सफल बनाने में आयोजन कमिटी के गोविंद दास, शिव किशोर शर्मा, श्रीराम प्रभु, रामजतन शर्मा, पंकज लाल, ओमप्रकाश वर्णवाल, रामराज्य दास आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
e-Procurement Notice, Tender Notice
Note: Only e-tenders will be accepted.
Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

Email ID:- saofficeranchi@yahoo.com

| Sl. No. | CAMP | Date | Remarks |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | [illegible] (Minilap Induction) | 25-11-2024 - 06-12-2024 | |
| 2 | [illegible] (Minilap Induction) | 25-11-2024 - 06-12-2024 | |
| 3 | [illegible] (NSV Induction) | 25-11-2024 - 29-11-2024 | |
| 4 | [illegible] (NSV Induction) | 02-12-2024 - 06-12-2024 | |
| 5 | [illegible] (Minilap Refresher) | 03-01-2024 - 05-01-2025 | |
| 6 | [illegible] (NSV Refresher) | 09-12-2024 - 11-12-2024 | |
| 7 | [illegible] (Minilap Induction) | 09-12-2024 - 20-12-2024 | |
| 8 | [illegible] (Minilap Induction) | 09-12-2024 - 20-12-2024 | |
| 9 | [illegible] (NSV Refresher) | 16-12-2024 - 18-12-2024 | |
| 10 | [illegible] (Minilap Refresher) | 07-01-2025 - 09-01-2025 | |
| 11 | [illegible] (Minilap Refresher) | 10-01-2025 - 12-01-2025 | |
| 12 | [illegible] (Minilap Induction) | 15-01-2025 - 26-01-2025 | |

उपायुक्त रांची, वरुण रंजन की अध्यक्षता में जिला के तमाम आला अधिकारी व पदाधिकारी के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

# सभी सम्बंधित अधिकारी व पदाधिकारी टीम समन्वय के साथ दिए गए कार्य करें : उपायुक्त

### शपथ ग्रहण कार्यकम को लेकर सभी आवश्यक तैयारी ससमय पूरा करने का निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त रांची, वरुण रंजन द्वारा मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में मोरहाबादी मैदान, रांची में दिनांक- 28 नवम्बर, 2024 को मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद् के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह को लेकर, कार्यक्रम की व्यापकता को देखते हुए कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू रूप से आयोजन हेतु कोषांगों का गठन कर पदाधिकारी एवं सहयोगी पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी आवश्यक तैयारी ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया।

### सारी व्यवस्था पूर्व से सुनिश्चित हो

उपायुक्त रांची, वरुण रंजन द्वारा सम्बंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की सभी सम्बंधित पदाधिकारी शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सारी तैयारी सुनिश्चित रूप से करा लें , जिसमें चेक लिस्ट के अनुसार कार्य, पार्किंग, यातायात व्यवस्था, एयरपोर्ट अरेंजमेंट के तहत इस समारोह में आने वालें अतिथिगण, विशिष्ट व्यक्तियों के अलावा वरिष्ठ प्रशासनिक पदाधिकारी शामिल होंगे।उनके लिए सारी व्यवस्था जैसे- खान-पान, वाहन टैगिंग, गाड़ी में साइनेज, उनके आगमन व प्रस्थान का समय, रुट टैगिंग, प्रोटोकॉल ऑफिसर की तैनाती, जहां अतिथि रूक रहें हैं वहां हेल्प डेस्क, कंट्रोल रूम, डायस प्लान, मिनट टू मिनट कार्यक्रम का, ट्रैफिक मैनेजमेंट व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्था, ससमय सुनिश्चित करा लें।

### सभी सम्बंधित अधिकारी व पदाधिकारी टीम समन्वय के साथ दिए गए कार्य करें

उपायुक्त रांची, वरुण रंजन द्वारा विशेष रूप से कहा गया की शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम की व्यापकता को देखते हुए सभी सम्बंधित अधिकारी व पदाधिकारी टीम समन्वय के साथ दिए गए कार्य करें। ताकि यह शपथ ग्रहण समारोह अच्छे से सम्पन हो जाए।

## रक्त अधिकोष सदर अस्पताल रांची में सम्मान समारोह का आयोजन

**नव प्रदेश संवाददाता/रांची।** रक्त अधिकोष सदर अस्पताल, रांची में मंगलवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक संजय लाटकर शामिल हुए। उन्होंने रक्तदान महादान के अनेकों फायदे बताए। उन्होंने कहा कि सभी संस्था को ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में ब्लड की आवश्यकता पड़ सकती है। एडीजी संजय लाटकर ने कहा कि रक्त बैंक का स्टाफ यह सुनिश्चित करता है कि आपका रक्तदान एक अच्छा अनुभव हो, ताकि आप बार-बार रक्तदान करने वाले व्यक्ति बन सकें। ऐसे कई लोग हैं, जिन्होंने अपने जीवन में 25-100 से ज्यादा बार रक्तदान किया है। योग्य दाता की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उसकी जीवनशैली स्वस्थ होनी चाहिए। शरीर का वजन 45 किलोग्राम से अधिक होना चाहिए। हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम से अधिक होना चाहिए। उन्होंन 81 संस्थानों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ विमलेश सिंह, डॉक्टर एस प्रसाद डॉक्टर अखिलेश झा, डॉक्टर स्टीफन खेश, डॉक्टर, दो रंजू सिन्हा एमओआईसी ब्लड बैंक, डीपीएम प्रवीण सिंह, दो ईशानी एमओआईसी बुड़मू आदि मौजूद रहे।

## संविधान दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

**नव प्रदेश संवाददाता/रांची।** आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को आयुक्त कार्यालय में अधिकारियों व कर्मियों के साथ संविधान की प्रस्तावना को दोहरा कर संविधान की शपथ दिलवाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ये दिवस मनाने का मुख्य उदेश्य संविधान के लोकतान्त्रिक मूल्यों, संविधान के प्रति निष्ठा को दशार्ने का प्रतीक है। जो कि हमें लोकतंत्र, पंथनिरपेक्ष, धर्म निरपेक्षता तथा सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण मूल्यों की याद दिलाता है तथा अधिकारों एवं कर्तव्यों का एहसास कराता है।

# संविधान दिवस पर डीजीपी ने अधिकारियों को दिलाई शपथ

नव प्रदेश संवाददाता

**रांची।** संविधान दिवस पर रांची के धुर्वा स्थित पुलिस मुख्यालय में भारत के संविधान की प्रस्तावना का शपथ ग्रहण कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया। इस दौरान डीजीपी अजय कुमार सिंह ने उपस्थित वरीय पुलिस पदाधिकारियों, कनीय पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को भारतीय संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलायी।

उक्त कार्यक्रम में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, झारखण्ड के द्वारा उपस्थित वरीय पुलिस पदाधिकारियों, कनीय पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को भारतीय संविधान के उद्देशिका हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढसंकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई० को एतद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं की शपथ दिलाई गई।

इस शपथ ग्रहण के अवसर पर अजय कुमार सिंह, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, आर के मल्लिक, पुलिस महानिदेशक मुख्यालय, संजय आनन्दराव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, सुमन गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण एंव आधुनिकीकरण, अमोल विनुकान्त होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, पंकज कम्बोज, पुलिस महानिरीक्षक, प्रोविजन, अन्नेपु विजयालक्ष्मी, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण, कार्तिक एस, पुलिस उप-महानिरीक्षक, विशेष शाखा, अश्विनी कुमार सिन्हा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, वितंतु, नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक, कार्मिक, चंदन कुमार झा पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा एवं अमित रेणु, पुलिस अधीक्षक, अभियान उपस्थित रहे।

## जामा मस्जिद जैप 1 डोरंडा मे बुलंद दरवाजे का उद्घाटन

नव प्रदेश संवाददाता

**रांची।** डोरंडा जामा मस्जिद जैप 1 के अल्हाज पीरे तरीकत रहबरे शरियत हजरत अल्लामा व मौलाना सैय्यद शाह अलकमा शिबली कादरी साहब इमामों खतीब जामा मस्जिद जैप 1 सह सज्जादा नशी खानकाह मजहरिया मुनअमिया की सरपरस्ती में मस्जिद के बुलंद दरवाजे का उद्घाटन किया गया। उसके उपरांत जोहार की नमाज के बाद से असर तक नातिया मुशायरा का प्रोग्राम आयोजित की गई. मुशायरा और जलसा का आयोजन जिसमें देश विदेश के मशहूर शायर हलीम शबीर, रईस हैदर आजमी, अख्तर इमाम अंजुम, जफर फिरदौस समेत कई शायर मौजूद रहें। रात मे एशा की नमाज के बाद से रात 10 बजे तक जलसे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर मो कैसर सदर जामा मस्जिद कमिटी जैप 1 डोरंडा रांची सह एडवोकेट झारखंड हाइकोर्ट रांची,गुफरान अशरफी, हाजी गुड्डन, नासिर अफसर, एहतेशाम उलहक, इफ्तेखार अहसन उर्फ बब्बर समेत कई लोग मौजूद थे।

## सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में ऊनी वस्त्रो का वितरण

**नव प्रदेश संवाददाता/रांची।** परमहंस डॉ संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में चल रहे पीडित मानव सेवा के पावन तीर्थ राँची में एम.आरएस श्री कृष्ण प्रणामी सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) रांची में मंगलवार को एम.आर.एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के पदाधिकारीगण व ट्रस्ट के सदस्यों के सौजन्य से आश्रम में रह रहे 37 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी व आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों के बीच ठण्ड के मौसम को देखते हुए ऊनी टोपी, मोजा व लोवर (ट्राउजर) का वितरण किया गया। ठंड के मौसम में गर्म टोपी मोजा एवं लोवर मिलने से सभी ने ट्रस्ट के सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद व आशीर्वाद दिया। इस सेवा कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ, सुरेशअग्रवाल, सज्जन पाडिया, नन्द किशोर चौधरी, विशाल जालान, ओमप्रकाश सरावगी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# उत्पन्ना एकादशी पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में कई धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

**रांची।** मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष की उत्पन्ना एकादशी को ले श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में मंगलवार को हुए कई धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जिसमें सर्ववाद्यमय घंटानाद से पूजन का शुरूआत किया गया। विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम और मंगलाशासन कर षोडषोपचार तिरु-आराधना हुआ ।

एक तो मार्गशीर्ष का परम पवित्र महिना और दूसरे में उत्पन्ना एकादशी का विशिष्ट पावन तिथि तथा गुरु-गोविन्द का एक साथ साक्षात दर्शन करके भक्त निहाल हो रहे थे। यह तो भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर की कृपा का अद्भूत संगम है।

मंगलवार को प्रातः जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज के सानिध्य में दिनभर के सारे अनुष्ठान को पांचरात्र आगम विधि से संपादन की गयी। भगवान श्रीमन्नारायण को प्रसन्न करने का साधन अष्टोत्तर शतनाम मंत्र और श्रीविष्णु- सहस्त्रनाम मंत्र से पुष्प अर्चना एवं श्रीलक्ष्म्याष्टोतर शतनाम की अर्चना कुंकुम से की गयी। फिर पुष्पाञ्जलि, दशांग धूप, दीप आदि देकर नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महाआरती हुई । फलाहारी खीर आदि व्यंजनों का बाल भोग नैवेद्य हुआ तथा भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ ।

श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज ने अपने सरस वाणी में उपदेश के माध्यम से कहा कि मार्गशीर्ष (अगहन) महीना पवित्र और भगवान की प्राप्ति कराने वाला है। यह महीना भगवान श्रीकृष्ण हरि के शरीर का विस्तार भी है। भगवान ने स्वयं कहा है 'मासानां मार्गशीर्षोऽहम' महीनों में मैं मार्गशीर्ष हूँ। अतः इस महीने में गरुडध्वज भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर की पूजा करते हैं वे भगवान के धाम में वास करते हैं। इस महीने में दान-पुण्य का विशेष महत्व है। जो दान करते हैं, उस दान कर्ता को परमात्मा श्रीमन्नारायण की कृपा से किसी न किसी रूप में कई गुणा बढ़कर वापस आ जाता हैं। श्रीस्वामी जी ने कहा जब हमारे पूर्व जन्मों के पुण्य का उदय होता है, तो हम प्राणी की निष्ठा भगवान और वैष्णवन के प्रति जागती है और फिर वह भक्त साधु संतों की सेवा करने लगता है।

आज के दिन भर का भोग श्री दयाशंकर शर्मा और प्रकाश कुमार पाठक रांची निवासी ने करवाया जबकि एक-एक समय का भोग अनन्या मिश्रा एवं निलेश अग्रवाल रांची ने लगवाया। अर्चक श्री सत्यनारायण गौतम श्री गोपेश आचार्य और श्री नारायण दास जी ने अनुष्ठान को विधिवत्त संपन्न कराया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्वश्री राम अवतार नारसरिया अनूप अग्रवाल, प्रदीप नरसरिया , राजेश सुल्तानिया, गौरी शंकर साबू घनश्याम दास शर्मा, रंजन सिंह, सुशील लोहिया सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्ति सागर में अवगाहन किया।




# लोगों की उम्मीदों पर कितना खरा उतर पायेगी नयी सरकार

आनंद कुमार

**इंडिया गठबंधन के प्रचण्ड जीत के बाद हेमंत सोरेन पार्ट 2 पुनः नए तेवर , ऊर्जा, बेहतर विकास की परिकल्पना के साथ कमान संभालने के लिए तैयार हैं। कुछ दिनों बाद हेमंत सोरेन अपने घटक दलों के चयनित मंत्रियों के साथ शपथ ग्रहण करेंगे। शपथ ग्रहण के साथ ही चुनाव पूर्व किए गए वायदे, और लोगों की उम्मीदें उनके साथ जुड़ जाएगी। नए मंत्रिमंडल से लोगों को बहुत अपेक्षाएं है । अलग अलग लोगों से बात किया हमारे शहर के संवादाता आनंद कुमार ने।**

शहर के प्रमुख व्यवसायी **विनय कुमार सिंह** ने कहा कि झारखंड में पुनः गठबंधन सरकार का गठन उस दिन हो रहा जिस दिन संविधान बन कर तैयार हुआ था, इसलिए हेमंत सोरेन सरकार



से यह आशा किया जाना चाहिए कि सरकार संवैधानिक दायित्व का निर्वहन करेंगी, भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में मदद करेगी तथा जल जंगल जमीन और जनमानस को ध्यान में रख कर नयी नीतियों को इस तरह बनायें ताकि एक वेलफेयर स्टेंट की पहचान झारखंड को मिल सकें। हमारा झारखंड एक शानदार सांस्कृतिक विरासत का अगुवा रहा है जो मुलत; जंगलों पहाड़ों नदियों से प्रेरित होकर सभी को समान अधिकार देता है, सभी को बेहतर जीवन जीने का अवसर देता है। अवसर, अधिकार, न्याय, समानता के लिए नीति बनाने वाली सरकार को हार्दिक शुभकामनाएं।

युवा छात्र नेता **अभिषेक राज** ने कहा कि सरकार गठन के साथ युवाओं की उम्मीदें और भी बढ़ने वाली है । पूर्ण बहुमत की सरकार जल्द झारखंड के लोगो लिए स्पष्ट



स्थानीय एवं नियोजन नीति पर काम करेगी ऐसी आशा करते है। पिछली सरकार में सबसे ज्यादा निराशा झेलने वाले युवा वर्ग के लिए रोजगार पर प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। सरकार गठन के साथ ही उन सभी बिंदुओं पर सरकार को मंथन करने की आवश्यकता है जिसको लेकर उन्होंने जनसमर्थन को प्राप्त किया।

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र **रजनीकांत मिश्रा** ने कहा कि प्रचंड बहुमत से जीत कर वापस सता में आई हेमंत सरकार से अब यही उम्मीद है कि वो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दों



पर कार्य करे, साथ ही साथ जल्द ही जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति किया जाए जिससे जेपीएससी के विद्यार्थियों को परिणाम मिल सके। पूर्ण बहुमत की सरकार का अर्थ है कि अब झारखण्ड में एक स्थिर सरकार रहेगी जिससे राज्य के युवाओं को सकारात्मक सोच वाली सरकार मिलेगी। सरकार को घुसपैठ, पेपर लीक और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले लोगों को चिह्नित कर सजा दिलाना होगा।

युवा व्यवसाई **आकाश कुमार** ने कहा कि झारखंड के नयी सरकार माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी की सरकार से झारखंड की जो युवा हताश और निराश है उन बेरोजगार युवाओं के लिए पहली कैबिनेट में



अधि संख्या में सरकारी बहाली निकाली जाएं । प्रत्येक प्रखंड में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय का निर्माण हो , बालू की समस्या का पूर्ण समाधान हो, पलामू जिले के साथ अबुआ आवास गरीब परिवारों को बिना बिचौलियों के आसानी से मिले, पलामू जो हमेशा से भीष्म गर्मी का मार झेलता रहा हैं और पानी के लिए भटकना पड़ता हैं कोयल में रबड़ डेम का निर्माण होना चाहिए एंव इस चुनाव में जो वादे आम जनमानस के साथ किए हैं उसे जल्द से जल्द पुरा करें ।

युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव **विकास सिंह** ने कहा कि इंडिया गठबंधन की शानदार जीत से राज्य की जनता उत्साहीत है साथ हीं इंडिया गठबंधन की सरकार पर जन आकांक्षाओं को



पूरा करने की कटिबद्धता भी है मै नई सरकार को बधाई देता हूं साथ हीं राज्य सरकार को खाली पदों की नियुक्तियों सहित किसान मजदूर महिला शिक्षा स्वास्थ्य संबंधित सभी विषयों पर तेज गति से काम करना होगा विशेषकर प्रतियोगी परिक्षाओं की धांधली सम्बंधित उठ रहे सवालों पर हमारी सरकार को युवाओं का भरोसा जीतना होगा।



पूर्व जिला परिषद सदस्य सह युवा समाजसेवी **शैलेन्द्र कुमार शैलू** ने कहा कि नई सरकार को ढेरो बधाई। आप जिन प्रमुख मुद्दों और वायदों के साथ सत्ता में आए है उन्हें पूरा करने पर विशेष फोकस करना चाहिए। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य सहित मूल सुविधाओं की स्थिती को प्राथमिकता के साथ दुरुस्त करना चाहिए।



युवा समाजसेवी **रंजीत कुमार चंद्रवंशी** ने कहा कि नई सरकार अपनी उम्मीदों पर खरा उतरकर ही अपनी विश्वनीयता कायम रख सकती है । शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सहित राज्य का सर्वांगीण विकास ही सरकार का प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए।

## रजवाडीह मध्य विद्यालय में जनजातीय गौरव पखवाड़ा का समापन समारोह

# बच्चों की शिक्षा को मिले सर्वोच्च प्राथमिकता : अमृता

नव प्रदेश संवाददाता

**पलामू।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में 'जनजातीय गौरव पखवाड़ा' का समारोहपूर्वक समापन किया गया। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय के चार संघर्षशील नेतृत्व अदी कुड़ुख सरना समाज के सुनील उरांव,सरिता उरांव ममता उरांव एवं आदिवासी विकास कुंभ के सुरेंद्र सिंह चेरो को उनके रचनात्मक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) की प्राचार्या अमृता सिंह एवं मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने विद्यालय की ओर से उन्हें शाल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने प्राचार्य अमृता सिंह, मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी, शिक्षा विभाग के राजीव चौबे, एसएमसी अध्यक्ष पार्वती देवी एवं प्रधानाध्यापक राहुल शंकर तिवारी को इसी प्रकार सम्मानित किया। बच्चों ने सभी अतिथियों के साथ प्रधानाध्यापक द्वारा प्रदत्त तिथि भोजन धुसका-पुरी,आलू-चना की सब्जी, टमाटर की चटनी एवं जलेबी का आनंद लिया। शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर, लैब इंस्टेक्टर अनूप मिश्रा,बीएड प्रशिक्षु अभिषेक तिवारी व अभय कुमार के सक्रियता से समारोह सफल रहा। इस मौके पर प्राचार्य अमृता सिंह ने जनजातीय समुदाय के योगदान का स्मरण करते हुए बिरसा मुंडा,बुद्धू भगत, सिद्धो, कान्हू, चांद, भैरव सहित अनेक विभूतियों को नमन किया। साथ ही समारोह में आमंत्रित जनजातीय समुदाय के अतिथियों को उनके संघर्षों की सराहना की।

कहा कि अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए, क्योंकि शिक्षा से ही बच्चों का स्तर ऊपर उठता है। उन्होंने आयोजन के लिए विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें यहां आने में प्रसन्नता होती है। मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने कहा उन्हें खुशी है कि विद्यालय प्रगति के पथ पर अविराम अग्रसर है। सम्मानित सुनील उरांव, सरिता उरांव, ममता उरांव व सुरेंद्र सिंह चेहरों ने कहा कि वे विद्यालय परिवार से मिले सम्मान व सराहना से अभिभूत हैं। उन सबने बच्चों से अपने संघर्षों को साझा किया। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि जनजातीय पखवाड़ा मनाने का उद्देश्य बच्चों को जनजातीय गौरव से अवगत कराकर उन्हें प्रेरित करना था।अंत में संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया।

## विश्रामपुर की देवतुल्य जनता ने दिया अपार स्नेह व समर्थन, इसकी आजीवन रहूंगी ऋणी : अंजू सिंह

नव प्रदेश संवाददाता

- जनहित के मुद्दों पर जारी रहेगा संघर्ष
- विश्रामपुर की मतदाताओं के समर्थन को ले सपा प्रत्याशी अंजू सिंह ने किया आभार प्रकट

**मेदिनीनगर (पलामू) ।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के देवतुल्य मतदाताओं ने मुझे अपार स्नेह व समर्थन दिया है। इसकी मैं आजीवन ऋणी रहूंगी। उक्त बातें विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी रही अंजू सिंह ने कही। कहा कि वे देवतुल्य मतदाताओं की आभारी हैं। मतदाताओं ने बड़ी लगन से उन्हें अपार स्नेह व समर्थन दिया है। कहा कि विधानसभा चुनाव में बड़े-बुर्जुग, भैया-बहन, माताएं, नव मतदाता सहित सभी मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर उनका समर्थन किया है। मतदाताओं ने मतदान केंद्रों पर अपना बहुमूल्य समय देकर अमूल्य वोट किया है। बड़ी संख्या में मतदाताओं ने उनके पक्ष में मतदान किया है। मतदाताओं ने उन्हें जो सहयोग किया, वह बड़ी बात है। कहा कि इस बार का चुनाव में उनका अद्भुत अनुभव रहा। प्रचार व जनसंपर्क अभियान के दौरान जहां भी गई, सभी लोगों ने काफी सहयोग किया। क्षेत्र के लोगों के साथ आत्मिक रिश्ते कायम हुए हैं। विश्रामपुर विधानसभा की एक-एक जनता उनका परिवार बन गया है। उनके लिए हार-जीत कोई मायने नहीं रखता। वे पिछले 17 वर्षों से क्षेत्र की जनता के लिए संघर्ष करती रहीं हैं। जनता के बीच जाकर सेवा कार्य करते रहीं हैं। आगे भी क्षेत्र का विकास, जनता का कल्याण व जनहित के मुद्दों को लेकर निरंतर संघर्ष करती रहेंगी। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य हो या फिर व्यक्तिगत रूप से लोगों को सहयोग करने की। हमेशा से क्षेत्र के लोगों के विकास व उत्थान करने का प्रयास किया है व आगे भी यह सेवा कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कवि शिवमंगल सिंह 'सुमन' की कविता के पंक्ति का जिक्र किया। कहा -'क्या हार में, क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं, संघर्ष पथ पर जो मिले, यह भी सही, वह भी सही।'

## कुमार गौरव ने बीजेपी के विजयी उम्मीदवारों को दी बधाई

नव प्रदेश संवाददाता



**पलामू।** भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति के प्रदेश प्रवक्ता कुमार गौरव ने एक बयान जारी कर पलामू प्रमंडल समेत संपूर्ण झारखंड में सभी भाजपा के विजयी उम्मीदवारों को बधाई देते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी है। कुमार गौरव ने झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के संपन्न होने के साथ महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा गठबंधन के नेता माननीय हेमंत सोरेन को इस राज्य के 14 वें मुख्यमंत्री के लिए आमंत्रित किए जाने पर भी विशेष बधाई देते हुए कहा की यही लोकतंत्र की खूबसूरती है और तभी भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है जहां करोड़ों लोग इस व्यवस्था को नमन करते हैं। कुमार गौरव ने राज्य के प्रमुख नेता बाबूलाल मरांडी समेत कई बड़े नेताओं की जीत को सदन के लिए शुभ संकेत माना है जबकि कई प्रमुख नेताओं की हार को सदन के लिए नुकसान बताया है। कुमार गौरव ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद इस चुनाव में सर्वाधिक 12 महिला विधायकों का चुनकर आना भी महिला सशक्तिकरण और देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के द्वारा महिला आरक्षण विधेयक को मजबूती प्रदान करने वाला बताया। कुमार गौरव ने पूरे चुनाव में अपने जैसे हजारों कार्यकर्ताओं की मेहनत और कठिन परिश्रम के सहारे संगठन में कार्य करने वाले लोगों को विशेष रूप से धन्यवाद देते हुए इस चुनाव में संगठन के द्वारा हर संभव सहयोग करने के के लिए सभी को धन्यवाद दिया। कुमार गौरव ने महाराष्ट्र चुनाव में मिली अप्रत्याशित जीत पर जहां प्रसन्नता व्यक्त की है, वहीं झारखंड चुनाव परिणाम पर अफसोस व्यक्त करते हुए कहा की महाराष्ट्र की जनता जहां भाजपा के नेतृत्व में खुशहाली और विकास देखेगी वहीं झारखंड की जनता उसी भाजपा के नेतृत्व में जनहित में संघर्ष के साथ 2029 में परिणाम देखेगी, क्योंकि वर्तमान में महाराष्ट्र हो या झारखंड दोनों राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम स्वस्थ राजनीति का एक हिस्सा है।

# पलामू व्यवहार न्यायालय में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ

नव प्रदेश संवाददाता

**पलामू।** जिला व सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर सामूहिक रूप से संविधान का पाठ किया गया। मौके पर न्यायिक पदाधिकारी, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के अधिवक्ता, व्यवहार न्यायालय के कर्मी ने सामुहिक रूप से संविधान के प्रस्तावना का पाठ किया।

मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, डीजे प्र विनोद कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार, अखिलेश कुमार, राज कुमार मिश्रा, प्रतीक

चतुवेर्दी, स्वेता ढींगरा, आयशा खान, आभाष कुमार, आनंद सिंह, संदीप निशित बारा, शिखा अग्रवाल, अर्पित श्रीवास्तव, परमानंद उपाध्याय, रीतू कुजूर, रोजलिना बारा, प्रज्ञेष निगम,अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय, वीर विक्रम वक्स राय, पुष्कर राज, उत्तम कुमार, नीतू सिंह के अलावे ब्यवहार न्यायालय के तृतीय व चतुर्थ बर्ग कर्मी उपस्थित थे। उधर, केंद्रीय कारा में भी संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर एलएडीसी के असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय ने बन्दियों के साथ संविधान का पाठ किया। उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर, 1949 को हमारे देश का संविधान को अंगीकृत अधिनियमित ओर आत्मार्पित किया गया था।

## झामुमो की अभूतपूर्व सफलता पर अविनाश देव ने सीएम को दी बधाई

नव प्रदेश संवाददाता

**डाल्टनगंज ।** झारखंड माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य सह संत मरियम आवासीय विद्यालय के चैयरमैन अविनाश देव ने सोमवार को राज्य के कार्यवाहक सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान श्री देव ने दुबारा सत्ता में वापसी के लिए हेमंत सोरेन को बधाई दी, कहा कि राज्य की जनता ने हेमंत सरकार के कामकाज के आधार पर हेमंत दुबारा के नारा पर अपनी मुहर लगाया हैं।राज्य में दुबारा हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में सरकार बनने से आदिवासी दलित, पिछडे शोषित, पीडित वर्ग के लोगों का हिम्मत बढा है। साथ ही महिला सशक्तिकरण के कार्य को गति मिलेगी। अब झारखंड में बेटियां बोझ नही रहेगी, बल्कि राज्य और समाज की ताकत बनेगी। ऐसा वातावरण मंईयां सम्मान योजना ने बनाया हैं।

# भारतीय संविधान लोकतंत्र की रीढ़ : डॉक्टर जीएन खान

नव प्रदेश संवाददाता

**पलामू ।** मंगलवार को एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में भारतीय संविधान दिवस धूम-धाम से मनाया गया। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में डी.ए.वी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉक्टर जी.एन खान ने 2000 बच्चों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करवाया। प्रार्थना सभा की संपूर्ण गतिविधियों संविधान दिवस पर आधारित थी। छठी द की छात्रा शान्वी ने 'मैं संविधान हूं' कविता का ओज पूर्ण वाचन किया। आठवीं द की छात्राएं वर्षा और हंसिका ने भारतीय संविधान के निर्माण एवं विशेषताओं पर आधारित प्रश्न पूछ कर छात्रों के संविधान के बारे में जानकारी को टटोला। श्रेया सिंह एवं मीनाक्षी 11वीं द की छात्राओं ने भाषण के माध्यम से भारतीय संविधान के महत्व, गठन एवं बारीकियों पर विस्तृत प्रकाश डाला ।

इस अवसर पर डी.ए.वी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज, डॉक्टर जी.एन खान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। हमारे संविधान निमार्ताओं ने लगभग 3 वर्ष का समय लगाकर एवं भारत के समावेशी विकास को ध्यान में रखकर इसका निर्माण किया। भारतीय संविधान को अंगीकार किए हुए आज 75 वर्ष हो गए हैं। संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य छात्रों में भारतीय संविधान, इसके संवैधानिक मूल्य, मौलिक अधिकारों एवं नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना है । डॉक्टर खान ने छात्रों से कहा कि आने वाले समय में उन्हें संविधान प्रदत्त मताधिकार प्रयोग की शक्ति प्राप्त होगी। उन्हें अपने मत की शक्ति का ज्ञान हो और देश हित में निर्णय लेने की क्षमता का विकास हो। यही संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य है । उन्होंने छात्रों एवं समस्त विद्यालय परिवार को संविधान दिवस की बधाई दी । इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, सी. एस.पांडे, नीरज श्रीवास्तव, ए.के. पांडे, शिखा सिंह उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती सुदेशना राय ने किया एवं कार्यक्रम संयोजक शिक्षक कन्हैया राय थे।

## एक नजर

### संजय को मंत्री बनाने से होगा पलामू प्रमंडल का सपना पूरा : राहिल राज

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवप्रदेश ।** झारखंड विधानसभा में इंडिया गठबंधन के प्रचंड जीत पर राजद के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष राहिल राज उर्फ प्रकाश राम ने सभी निर्वाचित विधायकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार फिर से वापस हुई है तो झारखंडी जनमानस के हरेक समस्या को सुलझा कर आई है। कहा कि झारखंड में राजद कोटे से जीते प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव को सरकार में मंत्रालय मिलनी ही चाहिए। पलामू प्रमंडल इसका हकदार भी है। इसीलिए वे हेमंत सोरेन से मांग करते हैं कि हुसैनाबाद विधायक को हर हाल में मंत्री बनाया जाय।

### वाहन चेकिंग अभियान चलाकर किया फाइन

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवप्रदेश ।** ट्रैफिक पुलिस ने स्थानीय छह मुहान पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इसका नेतृत्व ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने किया। उन्होंने चार पहिया, दोपहिया, टेंपो व ई-रिक्शा सवारी गाड़ी की जांच की। इसमें दो पहिया वाहन के कुछ चालक वगैर हेलमेट, ट्रिपल लोड व बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे। उन सभी वाहनों को जप्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया। 14 दोपहिया मोटरसाइकिल वाहन को चालान फाइन के लिए व्यवहार न्यायालय भेजा गया। साथ ही 11 ई- रिक्शा व टेंपो सवारी गाड़ी अपने निर्धारित रूट में नहीं चल रहे थे। वन- वे में सवारी बैठा रहे थे। उन सभी को जिला परिवहन कार्यालय में फाइन चालान के लिए भेजा गया। 26 नवंबर को जिला परिवहन कार्यालय से 02 दो पहिया वाहन का चालान फाइन 6150 रुपए व दो ई -रिक्शा टेंपो सवारी गाड़ी का चालान फाइन राशि 2300 रुपए वसूल किए गए हैं। सीजीएम कार्यालय से एक दो पहिया वाहन का चलान फाइन राशि 6000 रुपया वसूल किए गए है। कूल चालान फाइन 14450 रुपए वसूल किए गए हैं।

### संविधान दिवस पर समाहरणालय परिसर में प्रस्तावना का हुआ सामूहिक पाठ

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवप्रदेश।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। समाहरणालय परिसर में छत्तरपुर के भूमि उप समाहर्ता व जिला कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व में अन्य कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। इस दौरान सभी ने मौलिक कर्तव्यों का निष्ठा से वहन करने पर बल दिया। छत्तरपुर भूमि उप समाहर्ता सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने सभी को शपथ दिलाते हुए कहा कि आज का दिन राष्ट्रीय एकता व अखंडता का प्रतीक है। आज के दिन ही संविधान को अंगीकृत किया गया था। हमारा संविधान सभी देशवासियों को समानता का अधिकार देती है। समाहरणालय के अलावे अन्य प्रखंडों में भी संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### संविधान ने ही देश को एक सूत्र में बांधे रखा है : श्याम नारायण सिंह

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवप्रदेश।** लोक विचार मंच के तत्वावधान में मंगलवार को कचहरी परिसर स्थित पेंशनर भवन में संविधान दिवस पर परिचर्चा आयोजित की गई । कार्यक्रम की शुरूआत संविधान की प्रस्तावना पढ़कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के शिक्षा विभाग स्टेट चेयरमैन श्याम नारायण सिंह ने कहा कि संविधान सभी धर्म, जाति व वर्ग के 140 करोड़ आबादी वाले देश भारत को एक सूत्र में बांधकर रखता है। जितने भी कानून बनते हैं, सभी संविधानके तहत हीं बनाए जाते हैं। संविधान में ही देश का सिध्दांत व उसे चलाने के तौर-तरीके होते हैं। आज का दिन भारतवर्ष के लिए काफी ऐतिहासिक दिन है। विशिष्ट अतिथि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव चंदशेखर शुक्ला ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में संविधान पर भाजपा लगातार कुठाराघात कर रहा है। किसानों के अधिकार, अभिव्यक्ति की आजादी, महिलाओं व युवाओं के अधिकार पर कुठाराघात किया जा रहा है। हम संविधान की रक्षा के लिए कटिबद्ध है। वरिष्ठ कांग्रेसी अलख निरंजन चौबे ने कहा कि भीमराव अंबेडकर ने जिस लोकतंत्र का सपना देखा था, आज के दिन वह साकार हुआ है । देश में आजादी से पहले कोई लोकतंत्र नहीं था। ऐसे में देश का शासन चलाने के लिए? संविधान सभा का गठन हुआ तो कानून मंत्री के रूप में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने इसकी कमान संभाली। 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी ने कहा कि संविधान को धर्म की तरह पूजने की आवश्यकता है । दीपमाला कुमारी ने कहा कि संविधान की रक्षा हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशनर समाज के अध्यक्ष झूबल राम ने की। मौके पर शिक्षाविद भृगनाथा सिंह, कृष्णा प्रसाद सिंह, विद्या सागर पाठक, मो. उमर अंसारी, रामनरेश तिवारी, रविन्द्र चौबे, कुलदीप सिंह चेरो, सोमारू सिंह, रघुवीर सिंह आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

### चौकीदार बहाली में दोबारा शारीरिक दक्षता परीक्षा लेने का विरोध

**पलामू/नवप्रदेश।** चौकीदार बहाली में पुनः शारीरिक दक्षता परीक्षा लिए जाने की नई तिथि 30 नवंबर निर्धारित करने के विरोध में मंगलवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने पलामू समाहरणालय परिसर में प्रदर्शन किया। सारे अभ्यर्थियों ने प्रशासन के इस निर्णय का विरोध किया और मेरिट लिस्ट जारी करने एवं बहाली करने की मांग की। यह भी कहा कि यदि प्रक्रिया में प्रशासनिक पदाधिकारियों की ओर से गड़बड़ी की गयी तो इसकी जांच कर उनपर कार्रवाई करें लेकिन पुनः शारीरिक दक्षता परीक्षा न ली जाए। कई ऐसे अभ्यर्थी हैं, जिनका पैर खराब हो गया है। महिलाएं गर्भवती हैं। वे कहां से इसका हिस्सा बन पायेंगे। अभ्यर्थियों ने कहा कि शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान पूरी तरह से पारदर्शिता बरती गयी थी। इसके बावजूद पुनः शारीरिक दक्षता परीक्षा की तिथि निर्धारित करना कहीं से भी जायज नहीं है।

# संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार संविधान दिवस के अवसर पर आज समाहरणालय सभागार में संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की उपस्थिति में संविधान के प्रस्तावना को पढ़कर शपथ लिया गया। हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता,

प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपने इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर 1949 ई (तिथि मार्गशीर्ष, शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा के द्वारा संविधान के प्रारूप को अंगीकृत किया गया था। आज का दिन बहुत ही हर्ष एवं उल्लास का दिन है। प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। आगे उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया जाता है। प्रस्तावना संविधान की आत्मा है यह देश के शासनव्यवस्था एवं देशवासियों के लिए मार्गदर्शिका है। प्रस्तावना संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर आज संविधान दिवस के अवसर शपथ लेते हैं कि समाज में संविधान के महत्व का प्रसार करना तथा डॉ भीमराव अंबेडकर के इस अमूल्य योगदान और उनके विचारों व आदर्शों का स्मरण करें।

## कार्तिक पूर्णिमा पशु मेला ऐतिहासिक विरासत व धरोहर : जिप उपाध्यक्ष

नव प्रदेश संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ कार्तिक पूर्णिमा पशु मेला का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी के द्वारा किया गया। उद्घाटन के क्रम में अनीता देवी ने बताया कि बालूमाथ का यह मेला एक ऐतिहासिक धरोहर एवं विरासत है,जो वर्षों पूर्व से यहाँ लगते आ रहा है यह एक प्रसिद्ध मेला है,जहां दूर दराज से क्रेता एवं विक्रेता आते हैं ' विभिन्न प्रकार की पशुओं की कई नस्ल मेले में देखने को नजर आ जाएंगी ।साथ ही साथ अन्य राज्यों से भी व्यापारी इस मेले में अपनी सहभागिता बनाते हैं। मेला एक उत्सव का मंच है जहां व्यापार के साथ-साथ त्यौहार की भांति उल्लास पूर्ण वातावरण होता है। बच्चे बच्चियों से लेकर बड़े बुजुर्ग भी शौक से मेले में घूमने आते हैं। बालूमाथ मेला में बच्चों के मनोरंजन के लिए बहुत सारे झूले एवं अन्य चीजें मौजूद है। जिप उपाध्यक्ष ने विशेष रूप से बताया कि बालूमाथ मेले का आकर्षण भूखल साव जी का लखठो मिठाई जिसकी मांग पूरे राज्य में दूर-दूर तक है। उपाध्यक्ष ने बताया कि पहले यह मेला सड़क के किनारे खाली स्थान में लगाया जाता था आज स्थान की कमी के कारण मेला अपने संकट के दौर से गुजर रहा है। प्रशासन को अवश्य ही इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। ताकि यह ऐतिहासिक धरोहर अपनी पहचान कायम रखने में सक्षम हो सके। इतना सब होने के बाद भी आज भी बालूमाथ मेला का जलवा बरकरार है। मेला के आयोजकों के आग्रह पर उपाध्यक्ष महोदया के द्वारा झूले का भी आनंद लिया गया। जहां उन्होंने उपस्थित बच्चे बच्चियों को भी अपने साथ कई झूलों में झुलाया जिससे बच्चे बच्चियां काफी उत्साहित महसूस कर रहे थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। ज्ञात हो की आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से नियोजन, जमीन विवाद, मुआवजा आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

## प्रकाश राम का विजय जुलूस आज, तैयारियां पूरी

नव प्रदेश संवाददाता

**बालूमाथ।** झारखंड में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में लातेहार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की नवनिर्वाचित विधायक प्रकाश राम की जीत होने पर बुधवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में बैंड बाजे के साथ विजय जुलूस निकाला जायेगा। जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एवं महामंत्री रामकुमार गुप्ता ने बताया कि बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में दोपहर 12 बजे विधायक प्रकाश राम की उपस्थिति में गाजे बाजे के साथ विजयी जुलूस निकाला जाएगा। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने इस विजयी जुलूस में भाजपा के सभी मंडल में निवास कर रहे जिले के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मंडल के पदाधिकारी सदस्य सभी मोर्चा के अध्यक्ष अपने अपने कमिटी सदस्य के साथ,पंचायत के संयोजक सहसंयोजक, सभी बुथों के अध्यक्ष अपने कमिटी सदस्य के साथ कार्यकर्ता से ससमय उपस्थित होकर विजयी जुलूस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान देने की अपील किया है।

## संदिग्ध हालत में युवक का शव मिला

नव प्रदेश संवाददाता

**लातेहार।** NH39 स्तिथ लातेहार एसआर पेट्रोल के समीप सड़क किनारे पुलिस ने एक संदिग्ध हालात में युवक का शव मंगलवार सुबह तकरीबन 8 बजे बरामद किया। मृत युवक की पहचान श्रीराम विश्वकर्मा (30) पिता स्व0 बलराम विश्वकर्मा चटनाही राजहार के रूप में हुई। मृतक के सिर पर चोट के निशान बने हुए थे। वही मृतक के परिजनों का आरोप है कि श्रीराम की हत्या की गई है। प्राप्त जानकारी के

अनुसार आज सुबह जब वहां से गुजर रहे राहगिरों ने सड़क के किनारे एक युवक का शव झाड़ियों में देखा। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

इस संबंध में लातेहार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा। बहरहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले में अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

## लातेहार पुलिस को मिली बड़ी सफलता जेजेएमपी के दो उग्रवादी गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस उग्रवादियों के खिलाफ आज बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस संबंध में आज प्रेस वार्ता का आयोजन कर जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने पत्रकारों को बताया कि हमें गुप्त सूचना मिली थी कि तुबैद कोल माइंस बालूमाथ कुशमाही साइडिंग के बीच चलने वाले पांच हाईवे में आगजनी व फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले अपराधी बंदुआ जंगल के इलाके में फिर से आगजनी वह फायरिंग की घटना को अंजाम देने की योजना बनाने के लिए एक जगह इकट्ठा हुए हैं। इसके बाद एक टीम का गठन किया गया, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बंदुआ जंगल में पहुंच गई। वहीं जब उग्रवादियों ने पुलिस बल को देखा तो फायरिंग शुरू कर दी। उग्रवादियों के फायरिंग के जवाब में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। पर उग्रवादी पुलिस को भारी पड़ता देख अपने हथियार और गोली को झाड़ियां में फेंकते हुए भागने लगे। आगे पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस बल के द्वारा भाग रहे उग्रवादियों में से दो उग्रवादियों को घेरकर पकड़ लिया। पकड़े गए उग्रवादियों में से एक का नाम अजय कुमार उर्फ अजय गंजू पिता विफ ा गंजू बंदुआ हेरहंज थाना का रहने वाला है और दूसरे की पहचान उपेंद्र यादव पिता राधेश्याम यादव बदईबथान थाना मनिका का रहने वाला है। गिरफ्तार उग्रवादियों के निशान देही पर घटनास्थल से पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया है। छापेमारी दल में बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी परमानंद बेरवा सीआरपीएफ इंस्पेक्टर पंकज कुमार मेनका थाना प्रभारी शशि कुमार हेरंज थाना प्रभारी कृष्णानंद सिंह बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार जितेंद्र कुमार मिथिलेश पासवान सुबोध कुमार सिंह उमाकांत उमा पद महतो आफताब आलम एवं सेट वन और सेट 2 07 बल के जवान शामिल रहे।

## सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में मनाया गया संविधान दिवस

नव प्रदेश संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया इस दौरान संविधान की परिभाषा को परिभाषित करते हुए लोगों ने कहा कि संविधान हमें राजनीतिक सिद्धांत अभ्यास और शक्तियां प्रदान करती है। वही बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि देश का एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा यह कर्तव्य है कि हम अपने संविधान का सम्मान करें। देश आजाद होने के बाद हर भारतीय नागरिक संविधान द्वारा दिए गए मौलिक अधिकारों का लाभ लेते हैं, वही बालूमाथ राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय में प्राचार्य रूबी बानो ने कहा कि देश के कानून का पालन करने और संविधान में दिए गए मौलिक कर्तव्यों को निभाने का भी संकल्प लेने लोगों को लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुए हम देश को विकास की नहीं ऊंचाई पर ले जा सकते हैं। संविधान दिवस के अवसर पर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में हजारों के संख्या में उपस्थित होकर छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाई। जो काफी मनमोहक रहा। वहीं इस दौरान कई छात्राओं ने संविधान के विषय पर चर्चा करते हुए भाषण भी दिया। दूसरी और मालूमाथ प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय परिसर में भी संविधान दिवस पंचायत क्षेत्र के मुखिया के नेतृत्व में मनाया गया और संविधान के मौलिक अधिकारों के साथ-साथ संरक्षित करने की बात कही गई।

## जेंडर आधारित नई चेतना अभियान को लेकर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

**लातेहार ।** लातेहार प्रखंड कार्यालय सभागार में पलाश जेएसएलपीएस जिला मिशन प्रबंधन इकाई लातेहार के तत्वावधान में जेंडर आधारित नई चेतना (पहल बदलाव की) को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेमब्रेम,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी लातेहार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला प्रबंधक रोजालिया लकड़ा, आंगनबाड़ी सेविका दीदियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर

किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने जेंडर से संबंधित हिंसा को बहुत ही सरल एवं सहज भाषा में बताया कि हिंसा तो हमारे घर से ही रोजाना शुरूआत होती है जिसपर अंकुश लगाना हमलोगों की पहली प्राथमिकता है तभी आप दुसरों को जागरूक कर सकते हैं।साथ ही रोजाना के जीवनशैली के आधार पर बहुत ही सरल भाषा में जानकारी उपलब्ध कराई गई कि कैसे हम सभी मिलकर जेंडर आधारित महिलाओं बच्चों पर हिंसा पर जागरूकता ला सकते हैं और उस पर अंकुश लग सकता है। वहीं समाज कल्याण विभाग से मिलने वाली महिलाओं एवं बच्चों के लिए सरकारी योजनाओं को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई और पलाश जेएसएलपीएस के सहयोग से इन तक सत प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए अपील की गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि नई चेतना अभियान 25 नवंबर से 23 दिसंबर 2024 तक चलाया जायेगा जिसमें हमलोगों को आंगनबाड़ी सेविकाओं से समन्वय स्थापित कर धरातल पर काम करने की आवश्यकता है ताकि इस कुरितियां से महिलाओं और बच्चों को बचाया जा सके। वहीं डीपीएम संतोष कुमार ने पुरे एक माह के अभियान का प्रतिदिन का रोड मैप को लेकर विस्तार पूर्वक पीपीटी के माध्यम से बताया और अभियान में लग जाने का निर्देश दिया।कार्यशाला में मुख्य रूप से पलाश जेएसएलपीएस के सभी प्रखंडों के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, सामुदायिक समन्वयक, पीआरपी, क्लस्टर मैनेजर एवं लातेहार प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद थे।

## एक नजर

### दुखन साह बाबा के मजार पर कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश महासचिव बाबर खान ने चादर चढ़ाई

**हेमंत सरकार बनने पर अमन चैन की दुआ मांगी**



**नव प्रदेश/चंदवा।** राज्य में हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली महागठबंधन की सरकार बनने की खुशी पर कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश महासचिव रियाज खान उर्फ बाबर ने सोमवार को लोहरदगा में हजरत दुखन शाह बाबा की मजार पर चादर चढ़ाई, फात्हा पढ़ा, अमन चैन की दुआएं मांगी। उन्होंने बताया कि पिछले बार हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार में राज्य में काफी शांति थी, राज्यवासी शुकून के साथ जी रहे थे। सरकार गरीबों वंचितों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया। इसमें मंइया समान योजना, बिजली बिल कृषि लोन माफी सबसे अहम है। इन योजनाओं से महिलाएं सशक्त हुई, इस फैसले से राज्य की जनता काफी खुश थी इसी कारण आम जनों ने इस सरकार के प्रति पुनः भरोसा जताया और अपनी प्रचंड बहुमत देकर सरकार में बने रहने का फैसला सुनाया, इससे मै काफी खुश हूं। आगे मुझे हेमंत सरकार पर विश्वास है कि जनता से किए वादे को फिर पूरा करेंगे। चादर पेश करने के मौके पर कारी गुलाम सैयदूल वरा, मौलाना रियाज, शाहनवाज आलम उपस्थित थे।

### एक दर्जन से अधिक सखुआ बोटा के साथ सात गिरफ्तार

**बरवाड़ीह।** पूर्वी वन पर्यावरण छिपादोहर के हेहेगडा. मंगरदाही जंगल के रास्ते से वनपाल प्रभारी नंदलाल साहू और छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने एक दर्जन से अधिक सखुआ का पीस किये बरामद, बताया जा रहा है कि वन पर्यावरण के डायरेक्टर को गुप्त सूचना मिली थी कि हेहेगड़ा के जंगल में साइकिल पर फगुआ के पीस बेचने के लिए लेगा जा रहा है, वन विभाग और पुलिस द्वारा छापामारी टीम गठित किया गया, और इसी के आधार पर छापामारी की गई जिसमें भारी मात्रा में एक दर्जन से अधिक सखुआ के पीस के साथ सात लोगों गिरफ्तार किया गया है जिसमेंः कमलेश यादव, कृष्ण यादव, चंद्रदेव यादव, सोनू यादव, नागेंद्र यादव, दिलेश्वर यादव, लालू यादव यह सभी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर के लातेहार जेल भेज दिया गया है, छापामारी टीम में शामिल-वनपाल प्रभारी नंदलाल साहू, छिपादोर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, छिपादोहर सब इंस्पेक्टर रितेश कुमार, वनपाल प्रभारी-नवीन कु. प्रसाद, रामनिवास प्रसाद, वन रंक्षी-दिलिप कुमार, अमित प्रसाद, बैजनाथ रविदास, अमर कु. बडाई, अभिषेक कुमार, राहुल कु. दास सत्यनारायण उरांव और वन पर्यावरण पदाधिकारी रेंजर शंकर पासवान ने बोले की वन कर्मियों द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है जिसमें आज भारी मात्रा में सखुआ के पीस बरामद हुआ है साथ ही साथ सात लोगों को गिरफ्तार करके आज जेल भेजा जा रहा है,वन पर्यावरण नष्ट करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा।

### राजेन्द्र भारती की पहली पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**नव प्रदेश/चंदवा।** अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग हुटाप (चंदवा) में आज दिनांक 26/11/2024 को हमारे सचिव श्री इंद्रजीत भारती के स्वर्गीय पिता, माननीय राजेन्द्र भारती जी की पहली पुण्यतिथि के अवसर पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंद्रजीत भारती जी ने अपने पूज्य पिता को दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। संस्था के समस्त सदस्यों ने भी स्वर्गीय राजेन्द्र भारती जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी समाज सेवा के प्रति समर्पण एवं अद्वितीय योगदान को स्मरण किया। सभा में उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए यह बताया गया कि उन्होंने अपने जीवन में जो उपलब्धियाँ अर्जित कीं और समाज सेवा का जो आदर्श प्रस्तुत किया, वह सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके आदर्शों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए हम सभी ने यह संकल्प लिया कि समाज सेवा को ईश्वर सेवा समझकर उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करेंगे। स्वर्गीय राजेन्द्र भारती जी भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके कार्य और सिद्धांत हमेशा हमारे हृदय में जीवित रहेंगे।

### अवैध तरीके से कोयला खनन वाले स्थानों पर चला जेसीबी

**इंस्पेक्टर पदम लोचन ओहदार ने कहा कि आगे भी जारी रहेगा अभियान**



**नव प्रदेश/लातेहार।** जिला खनन पदाधिकारी नदीम शफी के निर्देश पर आज सिकनी के विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर दर्जनों अवैध कोयला सुरंगों को डोजरिंग कर बंद कर दिया। साथ ही अवैध सुरंग तक जाने वाले रास्तों को भी काट कर अवरूद्ध कर दिया गया। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए खनन विभाग के इंस्पेक्टर पदम लोचन ओहृार ने कहा कि डोजरिंग के माध्यम से अवैध कोयला सुरंगों को ध्वस्त कर दिया गया है ताकि किसी भी हालत में अवैध उत्खनन का कार्य संचालित ना हो सके। ओहृार ने आगे कहा कि क्षेत्र में किसी भी हालत में अवैध कार्य नहीं होने दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि अवैध खनन वाले 11 स्थानों को डोजरिंग कर अवरूद्ध कर दिया गया है। अवैध खनन वाले स्थानों पर हमेशा गैस का खतरा बना रहता है, चाल धंसने का खतरा बना रहता है साथ ही इन स्थानों पर हमेशा पानी का भी खतरा बना है, जिससे बचने के लिए यह अभियान चलाया गया है, ताकि किसी भी अनहोनी होने से बचा सकता है। अभियान के दौरान ओहृार ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# संविधान दिवस पर पदाधिकारियों व कर्मियों को दिलायी गयी शपथ

नव प्रदेश संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय संविधान दिवस (26 नवंबर) के मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को भारत देश को संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा देश के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ दिलायी गई। यह शपथ कार्यक्रम जिला व प्रखंड के अन्य कार्यालय में भी आयोजित किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## संविधान दिवस पर व्यवहार न्यायालय में ली गयी शपथ

नव प्रदेश संवाददाता

**लोहरदगा।** व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा में 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा गया। वहीं व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारियों व कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना को सस्वर दुहराया। वहीं प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि भारत का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर पूरा हुआ था। यह संविधान ही स्वतंत्र भारत के नागरिकों को आजाद देश की नागरिक की भावना का एहसास कराता है। साथ ही संविधान में दिए मौलिक कर्तव्य में नागरिकों को उनकी जिम्मेदारियों को भी याद दिलाता है। मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, एडीजे द्वितीय नीरजा आसरी, सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा, एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता, कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली के अधिवक्तागण, कर्मी, पीएलवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

नव प्रदेश संवाददाता

**कैरो।** थाना क्षेत्र के नरौली मोड़ के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई वही दो लोगों गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी अनुसार साइन मोटरसाइकल में सवार उतका निवासी पीताम्बर महतो पिता मोहन महतो,विक्रम लोहरा पिता राजदेव लोहरा और जितेंद्र यादव पिता संजय यादव सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन के चपेट में आ गए। मिली जानकारी के अनुसार तीनो लड़का साप्ताहिक बाजार नगजुवा से लौट रहें थे तभी नरौली मोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया । जिसमे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए वही एक कि मौत हो गई। वंही अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। सभी घायलों को 108 एम्बुलेश से कुडू स्वस्थ केंद्र भेज दिया गया। मौके पर कैरो थाना पहुँच कर सभी घायलों को हॉस्पिटल भेजने के साथ आवश्यक करवाई में जुट गई। घटना में घायल पीताम्बर महतो की इलाज के क्रम में देहांत की सूचना। इधर घटना के बाद पूरा गांव में मातम छाया हुआ है।

## एक नजर

### अंडर 14 जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में लोहरदगा ने गढ़वा को 9 विकेट से किया पराजित

**लोहरदगा/नवप्रदेश।** झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में अंडर 14 जिला स्तरीय टूर्नामेंट मंगलवार से आरंभ हुआ। जिसमें लोहरदगा जिला की टीम भी भाग लेने के लिए हजारीबाग पहुंची हुई है। मंगलवार को लोहरदगा वर्सेस गढ़वा के बीच अंडर 14 क्रिकेट का मैच खेला गया। जिसमें गढ़वा की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। गढ़वा की टीम 37 ओवर, दो बॉल में 114 रन बनाकर आउट हो गया। गढ़वा टीम के तरफ से हिमांशु कुमार ने 28, प्रतीक ने 19 अर्पित ने 11 रन बनाए। लोहरदगा टीम के तरफ से बोलिंग में अंश राज मिश्रा ने चार विकेट, अनिरुद्ध पाठक ने 2 विकेट तथा रणबीर और केशव ने एक-एक विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी लोहरदगा की टीम 27 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाकर मैच 9 विकेट से जीत किया। टीम के तरफ से शानदार बल्लेबाजी करते हुए सुशांत कुमार साहू ने नाबाद 58 रन बनाया तथा सौरभ ने नाबाद 46 रन बनाएं। गढ़वा टीम के तरफ से एकमात्र विकेट अर्पित कुमार ने लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच अंश राज मिश्रा को मिला। लोहरदगा के इस शानदार जीत के लिए क्रिकेट कोच अमित कुमार और सेकेट्री आलोक कुमार रॉय ने टीम के सारे सदस्यों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हुए आगे आने वाले मैचों के लिए प्रोत्साहित भी किया। आज लोहरदगा के टीम का मैच रांची की टीम के साथ होगा।

### कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**लोहरदगा/नवप्रदेश।** झारखंड सरकार कल्याण विभाग द्वारा वित्तपोषित एवं विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में विकास भारती बिशनपुर एवं झारखंड स्वास्थ्य मिशन रांची के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में रांची, लोहरदगा, लातेहार जिले के सुदूर ग्रामीण एवं पहाड़ी इलाके के तकरीबन 50 गांवो से आए 254 मरीजों का हड्डी जोड़ एवं नस रोगों का और ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, सामान्य रोग की जांच एवं नेत्र जांच, एक्स - रे, पैथोलॉजीकल ब्लड,यूरीन आदि का जांच एवं दवाईयां आवश्यकतानुसार दिया गया । साथ ही मोतियाबिंद रेटिना आंख के पर्दे आदि बीमारियों का जांच अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा जांच किया गया। सेंटर फॉर साइट आई हॉस्पिटल रांची के विशाल मिश्रा, दिलीप कुमार एवं पीयूष कुमार के द्वारा नेत्र रोग का जांच एवं परामर्श दिया गया है। इस जांच शिविर में हाइड्रोसील एवं हर्निया के ऑपरेशन के लिए भी निशुल्क परामर्श दिया गया। निशुल्क मेगा कैंप में रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर विजय कुमार, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ शालिनी, जनरल फिजिशियन डॉक्टर शिव शंकर मुंडा, एमडी फिजिशियन एवं कल्याण अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर एसके सिन्हा, डॉक्टर दिलीप, डॉक्टर पी पी सिंह, डॉ एसके मिश्रा आदि चिकित्सकों ने मरीज का इलाज किया। इस मेगा स्वास्थ्य जाट शिविर को सफल बनाने में झारखंड स्वास्थ्य मिशन रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी कल्याण अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, राजीव रंजन, मुकेश साहू, जमुना देवी, अरुण राम, सुखमय कुंडू, लक्ष्मी देवी, अरुण राम, फारूक अंसारी, वरुण सिंह, अंशु कुमारी ,सीमा कुमारी, निर्मला कुजूर ,ललिता देवी, सुगमबर भगत, दिलेश लोहार ,अनीता देवी आदि की महती भूमिका रही।

### संविधान दिवस पर याद किये गये बाबा साहेब अंबेडकर

**सेन्हा-लोहरदगा/नवप्रदेश।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गगेया में 26 नवंबर को नेहरू युवा केंद के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। वही

संविधान दिवस के अवसर पर संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ.भीम राव अंबेडकर को याद किया गया.संविधान दिवस के अवसर नेहरू युवा केन्द्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक आकाश कुमार साहू के द्वारा रैली,पौधारोपण,सफाई जैसे अनेको कार्यक्रम का आयोजित किया गया.कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक भगत ने छात्र छात्राओं को बताते हुए कहा कि देश को आजादी मिलने के उपरान्त राष्ट्र को सुचारू ढंग से चलने के लिये संविधान का निर्माण किया गया.भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है.जिसे 2 वर्ष 11 महीना 18 दिन में डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिल कर तैयार किया था.जो 26 नवम्बर 1949 को बन कर तैयार हुआ और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया.इस लिये प्रत्येक वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जाता है.साथ ही कहा अपना संविधान लागू होने के पश्चात ही हम सभी देश वासियों को स्वतंत्रता का अधिकार,रहन सहन,भाषा और बोली सहित समानता और मौलिक अधिकार प्राप्त हुआ.संविधान के अनुसार इस देश मे रहने वाले सभी नागरिकों के लिये नियम व अधिकार बराबर है.मौके पर लाल गौरव नाथ शाहदेव,आदित्य कुमार साहू,नवनीत प्रजापति, आकाश कुमार साहू सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

### संविधान दिवस पर याद किये गये बाबा साहेब भीम राम अंबेडकर, कर्मियों ने ली शपथ

**कैरो ,लोहरदगा/नवप्रदेश।** मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के कई जगहों पर संविधान दिवस मनाया गया। प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गाराडीह,रविदास विकास मंच हरिजन मुहल्ला कैरो के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। वंही प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य के नेतृत्व में संविधान दिवस मनाया गया.प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य के द्वारा उपस्थित प्रखंड सह अंचल कर्मी एवं जनप्रतिनिधियों को देश के मौलिक कर्तव्य देश की रक्षा अखंडता,सप्रभुता की शपथ दिलाया.छंदा भट्टाचार्य ने कहा बाबा भीमराव अंबेडकर ने हमारे देश को चलाने के लिए कई दिनों के अथक प्रयास के वाद संविधान बनाया जिसके आधार पर आज देश का विधि व्यवस्था संचालित होती हैं.हम सभी देशवासियों को संविधान के तहत देश के गरौव बढाने वाले राष्ट्र ध्वज,मौलिक अधिकार,कर्तव्य,राष्ट्रीय गान,राष्ट्रीय गीत,भाषा,प्रतीक चीन आदि का समान करना चाहिए.साथ ही प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजना के किर्यान्वन में तेजी लाने सहित अधूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराने को लेकर सभी उपस्थित कर्मी को निर्देश दिया। मौके पर मुखिया बीरेंद्र महली, सुमित्रा उरांव,चन्द्रमणि उरांव,सुमन उरांव प्रखंड खाध आपूर्ति पदाधिकारी किशोर उरांव,पंचायत सचिव पावन कुमार,अधीश खाखा,रामशहाय टाना भगत,शशिबाला कुजूर,जनसेवक विनय उरांव,रीना उरांव,रोजगार सेवक नंददा भगत,परवेज अख्तर,मंसूर आलम,राजमणि मिंज,अंचल कर्मी दीपक कुजूर, बुधदेव उरांव,अविनाश शाहदेव,सनाउल्लाहा आदि उपस्थित थे।

### भंडरा में भी संविधान की दिलाई गयी शपथ, प्रखंड सहित सभी पंचायतों में मनाया गया संविधान दिवस

**भंडरा/नवप्रदेश।** प्रखंड कार्यालय सहित सभी पंचायतो में कार्यक्रम आयोजित कर संविधान की शपथ दिलाई गई। संविधान की प्रस्तावना भी पढ़कर सुनाई गई। मंगलवार सुबह लगभग 9.30 बजे प्रखंड मुख्यालय सहित सभी सरकारी विभागों में संविधान दिवस पर संविधान की शपथ दिलाई गई। प्रखंड मुख्यालय मे बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने संविधान की शपथ दिलाई। यहां सीओ दुर्गा कुमार भी मौजूद थे। भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण करते हुए स्वतंत्रता का अमृत काल चल रहा है। वर्ष 2024-2025 में वर्ष-पर्यन्त संविधान से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भारत के संविधान को अंगीकृत किए जाने की तिथि 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## उपायुक्त ने किया छात्रावास का निरीक्षण, दिये कई निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने मंगलवार को किस्को प्रखण्ड में नीति आयोग योजना मद अंतर्गत 1.71 करोड़ रुपए की राशि से निर्मित 45 बेड के छात्रावास के इंडोर जिम का निरीक्षण किया। इसका निर्माण ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा किया गया है। उपायुक्त ने जिम में इस्तेमाल किये गये उपकरणों का भी अवलोकन किया। उपायुक्त ने कल्याण छात्रावास किस्को में किये गये अन्य कार्यों के प्रगति की भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश आइटीडीए परियोजना पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता को दिये। उपायुक्त द्वारा प्रखण्ड में संचालित प्रखण्ड स्तरीय पुस्तकालय के अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली और भौतिक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। भ्रमण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी किस्को, संबंधित विभाग के अभियंतागण आदि उपस्थित थे।

## संविधान हमें जीवन जीने का अधिकार देता है : राजेश

### ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा के ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले संविधान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीएलएसए सचिव राजेश कुमार मुख्य रूप शामिल हुए। संविधान दिवस के मौके पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पेंटिंग में अमन रजा को प्रथम, आयुष कुमार को द्वितीय और पूजा उरांव को तृतीय स्थान मिला। इस मौके पर स्कूल की छात्र छात्राएं के बीच स्पीच और क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्वीज प्रतियोगिता में टीम सी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम सी में शिवांगी सिंह, सौरभ कुमार और अमन कुमार ने संविधान से संबधित सवालों का जवाब बड़ी सुगमता के साथ दिया। स्पीच प्रतियोगिता में आर्शी सिफान प्रथम, स्मृति कुमारी द्वितीय, प्रवीण कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने कहा की संविधान हमें जीवन जीने

का अधिकार देता है। संविधान में 39 ए प्रवाधान के तहत कानूनी सहायता प्रदान कर रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार सबसे नीचे की इकाई है लेकिन बहुत महत्वपूर्ण इकाई है। यह जरूरतमंद लोगों के बीच विधिक सहयोग प्रदान करता है। डीएलएसए लोक अदालत का आयोजन कराती है जहां सुलह के आधार पर मामलों का निष्पादन किया जाता है। हमें संविधान को पढ़ना और समझना चाहिए। पोक्सो एक्ट बच्चों को शारीरिक शोषण से हमारी रक्षा करने के लिए बनाया गया है। दिल्ली में हुए निर्भया कांड के बाद पोक्सो एक्ट बनाया गया। वृद्धजनों के लिए योजनाएं सहित अन्य लाभ संविधान प्रदत्त लाभ है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार हर सिविल कोर्ट में होता है। जिनका इनकम तीन लाख रुपए से कम है वो इसका निःशुल्क लाभ उठा सकते हैं। नालसा के हेल्पलाइन नम्बर 15100 पर कॉल करके कानूनी सहायता या सलाह का लाभ उठा सकते हैं। पीड़ित को डीएलएसए के माध्यम से मुआवजा देने का काम किया जाता है। डीएलएसए के माध्यम से विवाद का निपटारा आपसी सुलह के आधार पर होता है। साथ ही पैनल अधिवक्ता के माध्यम जरूरतमंद लोगों को सहयोग प्रदान किया जाता है। पीएलवी के माध्यम से स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। लोहरदगा के सभी थाना, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर बहाल पीएलवी से संपर्क कर अपने मामलों में सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।इस मौके पर छात्रा आर्शी सिंह ने कहा की अनुच्छेद 21 में जीवन जीने का अधिकार है। हमारा संविधान हमें बहुत ही गहरी बात समझाता है। बदलते समय के साथ संविधान में बदलाव किया जा सकता है। हमारा संविधान पूरे देश को बांध कर रखे हुए हैं।? ये हमें मौलिक अधिकार देता है। अधिकार के साथ जिम्मेदारियां भी आती है। संविधान को पुस्तक की तरह न पढ़ें बल्कि इसके दिए गए अधिकारों को समझें। इस मौके पर प्राचार्य जीपी झा ने कहा की संविधान हमें अनुशासित जीवन जीने की भी बात करता है। मौलिक कर्तव्य जिसका एक उदाहरण है। कार्यक्रम में शामिल छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पीएलवी गौतम लेनिन,अफान अंसारी, शाहिद खान, स्कूल प्राचार्य एसके झा, सुबीर चक्रवर्ती, राजीव कुमार, विशाल आनंद, शुभम सिंह, शिवम कुमार, प्रिति कुजूर, काजल लकड़ा, सुनिता चित्तौड़ा, विकास देव सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौके पर उपस्थित थे।

## भारत का संविधान दुनिया का सबसे विशाल संविधान है : मनीर

- लोहरदगा भाजपा जिला कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

नव प्रदेश संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मंगलवार को जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूवात डॉ भीमराव अंबेडकर एवम भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवम दीप प्रज्वलन कर किया गया।मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारत देश का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बन कर तैयार हुआ और इसे 26 जनवरी 1950 को देश ने अपना कर भारत गणराज्य बन गया। यह संविधान दुनिया का सबसे विशाल सविधान है।उन्होंने कहा कि संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीम राव अम्बेडकर के 125वीं जयंती के अवसर पर 26 नवम्बर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत मे मनाया जाने लगा।इससे पूर्व इसे रास्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था।उन्होंने कहा कि संविधान के निर्माण में 2 वर्ष 11 महीने और 18 दिन का समय लगा।उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर का दिन संविधान के महत्व का प्रचार-प्रसार करने तथा डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर के विचारों और अवधारणाओं का प्रसार करने के लिए चुना गया।उन्होंने कहा कि आज का दिन संविधान निर्माण समिति के एक और वरिष्ठ सदस्य डॉ सर हरी सिंह का भी जन्म दिवस है। मौके पर उपाध्यक्ष अजय पंकज,नवीन कुमार टिंकू,हर्षनाथ महतो,महामंत्री संजय कुमार,प्रखंड अध्यक्ष अशोक साहू, विवेक चौहान, विवेक सोनी,राजेन्द्र महतो,रामकुमार खेरवार, सचिन साहू, सत्यम कुमार,शुकुल राम, जगरनाथ राम, कृष्णा मोदी सहित अनेक कार्यकर्ता एवम मंच मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।

## डीसी ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**लोहरदगा/नवप्रदेश।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा हुई। बैठक में बाईपास सड़क एवं अन्य भू-अर्जन से संबंधित योजना, कुडू एवं सदर प्रखण्ड में दीदी कैफे निर्माण, किस्को प्रखण्ड अंतर्गत सिलाई सेंटर, बीएस कॉलेज स्थित डिजिटल लाइब्रेरी, नये समाहरणालय भवन की अद्यतन स्थिति, किस्को/पेशरार प्रखण्ड में निमार्णाधीन आवासीय विद्यालय योजना, होमी जे० भाभा कोचिंग संस्थान में वर्चुअल कक्षाओं का संचालन, मिलेट प्रसंस्करण यूनिट, कुडू में निमार्णाधीन डेयरी प्लांट, कुडू में निमार्णाधीन तेल प्रसंस्करण यूनिट, किस्को प्रखण्ड में संचालित ब्रिकेट प्लांट, पेशरार में संचालित दरी कालीन प्लांट, मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना में भुगतान की अद्यतन स्थिति, मनरेगा योजना अंतर्गत मानव दिवस सृजन एवं चालू योजनाओं की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, भू-अर्जन पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

### सड़क निर्माण का योजना स्थल बदलने का आरोप

# ग्रामीणों ने विरोध करते हुए काम कराया बंद

नव प्रदेश संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत अकाशी पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कुम्हरीया अंबाटोली से कसपुर तक एक किलोमीटर 200 मी दूरी का सड़क बनाया जा रहा है। इस सड़क निर्माण योजना का प्राक्कलन 1करोड़ 42लाख है। इस सड़क निर्माण की मांग ग्रामीणों के द्वारा लंबे समय से की जा रही थी कुम्हारिया अंबा टोली गांव के लोगों को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली यह सबसे सुलभ रास्ता सड़क है। इस सड़क में ठेकेदार द्वारा मनमानी ढंग से कुम्हारिया अंबा टोली से नहीं बनाकर कुम्हरिया महली टोली से बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का



आरोप है कि ठेकेदार इस योजना में ज्यादा से ज्यादा राशि बचत करने के उद्देश्य से सड़क निर्माण योजना का स्थल बदल दिया है। इसका विरोध कुम्हारिया अंबा टोली के ग्रामीणों के द्वारा की जा रही है। कुम्हारीया अंबाटोली के ग्रामीणों के द्वारा ठेकेदार की मनमानी को विरोध करते हुए काम को बंद कर दिया गया है ।कुम्हारिया अंबा टोली गांव के ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की योजना कुम्हारिया अंबा टोली से कसपुर गांव तक बनाने हेतु स्वीकृत

हुआ है। इसे ठेकेदार द्वारा नहीं बना कर कुम्हारिया महली टोली से बनाया जा रहा है ।जिससे कुम्हारिया अंबा टोली के गांव के लोगों का कसपुर से संपर्क नहीं हो सकेगा। इस रोड को बनाने का उद्देश्य पूरा नहीं होगा। ग्रामीणों के द्वारा इस सड़क के निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। लंबे समय के बाद इस सड़क निर्माण की योजना स्वीकृत हुई परंतु ठेकेदार की मनमानी के कारण योजना स्वीकृत होने के बाद में गांव के ग्रामीणों को इस योजना के लाभ से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है।इस संबंध में इस योजना की तकनीकी देख करने वाले विभाग के कनिय अभियंता जितेंद्र पंडित ने कहा कि ग्रामीणों का विरोध की सूचना मिली है। ठेकेदार को योजना स्थल दिखा दिया गया था इसके बावजूद अगर दूसरे जगह काम किया गया होगा तो योजना निर्माण स्थल का निरीक्षण किया जाएगा। ठेकेदार द्वारा किए गए काम का निरीक्षण किया जाएगा। योजना स्वीकृत स्थल पर ही काम करने का काम किया जाएगा। ठेकेदार की मनमानी नहीं चलेगी। योजना का स्वीकृति ग्रामीणों की लाभ के लिए की गई है। योजना स्थल पर काम बंद करने एवं विरोध करने के समय मुख्य रूप से चंद्र उरांव, जमील अंसारी, इदरीस अंसारी, जमील अंसारी, निरंजन साहू ,नासिर अंसारी, हैदर अंसारी, मोहम्मद अंसारी, विजय साहू, आशिक अंसारी, विकास साहू, बरूगा उरांव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## धोबी महासंघ की बैठक एक दिसंबर को रांची में

**कुडू लोहरदगा/नवप्रदेश।** झारखंड विधानसभा चुनाव में धोबी समाज से जुड़े दो प्रत्याशियों कांके से कांग्रेस की टिकट पर जीतने वाले सुरेश कुमार बैठा तथा झामुमो के टिकट पर चंदनकियारी विधानसभा सीट पर विजयी होने वाले उमाकांत रजक के सम्मान समारोह के सफल आयोजन को लेकर अखिल भारतीय धोबी महासंघ झारखंड प्रदेश की बैठक आगामी एक दिसंबर को रांची के जोहार रेस्टोरेंट में बैठक का आयोजन किया गया है. धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश बैठा तथा प्रदेश मीडीया प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि एक दिसंबर को रांची के बीआईटी मेसरा स्थित जोहार रेस्टोरेंट में दोपहर एक बजे से बैठक का आयोजन किया गया है. बैठक में प्रदेश के सभी पदधारी सभी जिला अध्यक्ष, सचिव तथा केन्द्रीय पदधारी शामिल होंगे. बैठक में दोनों विधायकों के सम्मान समारोह पर चर्चा होगी तथा दिसंबर माह में विधायकों का नागरिक अभिनंदन होगा. बैठक की तैयारियां जोरों से चल रही है।

### संविधान दिवस पर जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन ने जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक को किया सम्मानित

# मेरे काम में कोई गलती दिखे तो मुझे बताएं मैं तत्क्षण उसे सुधार लूंगा : सरयू राय

◆ जनप्रतिनिधियों की कानून बनाने में रुचि बढ़ जाए तो विसंगतियां खत्म हो जाएंगी: सरयू

नव प्रदेश संवाददाता

**जमशेदपुर।** जो आदमी काम करता है, गलती उसी से होती है। जो आदमी काम ही नहीं करेगा, उससे गलती कैसे होगी? इससे भी अहम यह है कि अगर आपसे गलती हो गई है तो आप उसे तत्काल सुधार लें। फिर कोई गड़गड़ी की गुंजाइश नहीं रहेगी। मैं राजनीति में हूं। काम करता हूं। इंसान हूं। मैं आपसे यह अपेक्षा करता हूं कि अगर काम करते वक्त मुझसे भी कोई गलती हो जाए या आपको मेरे किसी भी काम में कोई गलती दिखे तो आप तत्काल मुझे उसके बारे में बताएं। मैं तत्क्षण उस गलती को सुधार लूंगा। जरूरत पड़ी तो उस काम को भी रोक दूंगा। मेरा मकसद बेहतर काम करने का है और मैं इसमें आप सभी अधिवक्ताओं का सहयोग चाहता हूं। उक्त बातें जमशेदपुर पश्चिमी के नवनिर्वाचित विधायक सरयू राय ने कही। वह बार एसोसिएशन के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। संविधान दिवस के मौके पर जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन ने सरयू राय के सम्मान का कार्यक्रम रखा था। श्री राय ने कहा कि हमारा भारतीय संविधान एक लचीला संविधान है। हम सभी अपनी-अपनी भूमिकाओं का निर्वहन कर रहे हैं। आप अधिवक्ता हैं तो आप लोगों को न्याय दिलाने का काम कर रहे हैं। हम लोग राजनीति में हैं। नियम-कानून बनाते हैं। विधानसभा में हम लोग बैठते हैं। अगर नियम-कानून सही तरीके से बन जाएं तो आज जो भी विसंगतियां हमें दिख रही हैं, वह नहीं दिखेंगी। हम लोग जब कानून बनाने के लिए बहस करते हैं, तब विधानसभा हो या लोकसभा, सबसे कम संख्या रहती है। जिनके जिम्मे हमने कानून बनाने का काम सौंपा है, जिन्हें हमने निर्वाचित करके विधानसभा या लोकसभा में भेजा है, उनकी रुचि थोड़ी अगर बढ़ जाए, वो कानून के निर्माता बन जाएं, वो कानून को शक्ति से तौलने वाले न बन जाएं तो हमारी स्थिति बेहतर हो जाएगी। अदालतों से बोझ हटेगा और अधिवक्ताओं को अपनी भूमिका निभाने में सहूलियत होगी। सरयू राय ने कहा कि यह संक्रमण का दौर है। परिवर्तन हो रहा है। अब नये कानूनी प्रावधान आ गये हैं। पहले हम लोगों को यह लग रहा था कि नये कानूनी प्रावधानों से कुछ परेशानियां होंगी लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं। लोगों के मन में कोई शंका-कुशंका नहीं है। इसके पूर्व जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रतीन दास ने श्री राय का स्वागत किया। उनके साथ श्री राय का जनरल सेक्रेट्री राकेश रंजन, अधिवक्ता श्री बरियार, बलाई पांडा, राजहंस तिवारी, आरडी सिंह और कमेटी के अन्य सदस्यों ने स्वागत किया। इसके पश्चात अपने संबोधन में जिला बार कमेटी के सदस्यों ने अपनी जरूरतों को श्री राय के समक्ष रखा। श्री राय ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह इन मांगों को पूरा करने का भरसक प्रयास करेंगे।

## स्वतंत्रता सेनानी सीताराम जायसवाल का निधन

### सीताराम जायसवाल ने अपनी जीप से सुभाष चंद्र बोस को पहुंचाया था कोलकाता

नव प्रदेश संवाददाता

**डुमरी (गुमला)।** प्रखंड अंतर्गत नवाडीह गांव निवासी समाजसेवी और स्वतंत्रता सेनानी सीताराम जायसवाल 98 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन पर पूरे परिवार और प्रखंड में से शोक का माहौल बना हुआ है। सीता राम जयसवाल लम्बे समय से अस्वस्थ थे। इनका निधन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी में हुआ। जिसके बाद मंगलवार को डुमरी श्मशान घाट में उनके बेटे महाबीर जायसवाल ने मुखाग्नि दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जब सुभाष चंद्र बोस मजगांव स्थित टांगीनाथ धाम आए तो कुछ दिन रुके थे। उसके पश्चात सीताराम जायसवाल ने अपने जीप के माध्यम से सुभाष चंद्र बोस को कोलकाता पहुंचाए थे। इस दौरान काफी संख्या में लोग उपस्थिति थे।

### संविधान भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ है, इसकी गरिमा बनाये रखने की जिम्मेवारी सभी भारतीयों की है : डा. अजय

## संवैधानिक पदों पर बैठे लोग उड़ा रहे हैं संविधान की धज्जियां

नव प्रदेश संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारतीय संविधान स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस नेता डा. अजय कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संविधान भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ है, इसकी गरिमा बनाए रखने की जिम्मेवारी हम सभी भारतीयों की है। उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान को 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था और इसके उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। लेकिन संविधान के लागू होने से दो महीने पहले 26 नवंबर 1949 को संविधान बनाने वाली सभा ने कई दौर की चर्चाओं और संशोधनों के बाद 26 नवंबर 1949 के दिन संविधान को स्वीकार किया था। इसी कारण से प्रतिवर्ष हमारे देश में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

डा. अजय ने कहा कि जिस प्रकार एक साजिश के तहत भारतीय संविधान के प्रस्तावना में निहित समाजवादी एवं धर्मनिरपेक्ष जैसे शब्द को हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी जो भाजपा के घृणित मानसिकता का परिचायक है ये और बात है कि सुप्रीम कोर्ट ने उक्त याचिका को खारिज कर ना सिर्फ संविधान की रक्षा बल्कि बीजेपी नेताओं के मुंह तमाचा जड़ने का काम किया है। डा. अजय कुमार ने मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोग ही संविधान की धज्जियां उड़ा रहे है। संविधान की मयार्दा को तार तार कर रहे हैं और देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्थाएं मूकदर्शक बनी हुई है। ऐसे में संविधान की रक्षा करने की जिम्मेवारी हम भारतीयों की है। जिस प्रकार बीजेपी सिर्फ सत्ता के लिए लोगों के बीच नफरत फैलाने का काम कर रही है। इसको समझने की जरुरत है। देश का प्रधानमंत्री चुनावी सभाओं में देश के लोगों को आपस में बांटने के उद्देश्य से बटेंगे तो कटेंगे जैसे नारे लगाते है। इसके मायने क्या है? क्या सत्ता के शिखर पर बैठे लोग सिर्फ सत्ता के लिए इस प्रकार के बयानबाजी करेंगे और देश की संबैधानिक संस्थाएं मूकदर्शक बनी रहेंगी। तो फिर देश का संविधान कैसे बचेगा? इस प्रकार के बयानबाजी से भारतीय लोकतंत्र कहीं ना कहीं कमजोर करने का प्रयास हो रहा है। वहीं ओड़िशा का राज्यपाल रघुवर दास विदानसभा चुनाव में खुले तोर पर लोगों को अपने पक्ष में वोट देने के लिए प्रचार करता रहा और चुनाव आयोग जैसी संस्थाएं मूकदर्शक बनी रही। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अंग्रेजों की फूट डालो राज करो की नीति के तहत देश गुलामी के जंजीरों में जकड़ गया था एक बार फिर भाजपा उसी राह पर देश को ले जाने का प्रयास कर रही है। बीजेपी अपनी सत्ता की लोलुपता के लिए देश की शांति को भंग कर उसे सांप्रदायिकता के आग में झोंकने का साजिश रच रही है। इनकी घटिया मानसिकता को समझने की जरुरत है।

## सिविल कोर्ट में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश समेत सभी पदाधिकारियों ने पढ़ी संविधान की प्रस्तावना

नव प्रदेश संवाददाता

**जमशेदपुर।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशन में मंगलवार को जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया। जिसमे जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय में पदस्थापित सभी न्यायिक पदाधिकारियों ने एक साथ संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। इस दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा ने संविधान के निर्माण इसके प्रस्तावना एवं इसके लागू होने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना एक परिचयात्मक कथन है जो संविधान के मार्गदर्शक सिद्धांतों और मूल मूल्यों को रेखांकित करता है। यह भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करता है और अपने सभी नागरिकों के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान को अंगीकृत किया गया। जबकि 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। संविधान की प्रस्तावना पढ़ने के दौरान जिला विधिक प्राधिकार के सचिव श्री राजेंद्र प्रसाद के अलावा न्यायालय के कर्मचारी भी शामिल हुए।

वहीं घाटशिला व्यवहार न्यायालय में भी मंगलवार को संविधान दिवस पर उसकी प्रस्तावना का पाठ किया गया। जिसमें वहां पदस्थापित सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान सभी ने अंगीकृत किए गए संविधान का अक्षरशः पालन करने की शपथ लिया। दूसरी और जिले के सभी प्रखंड पंचायत एवं थानों में खोले गए विधिक सहायता केंद्र में पदस्थापित पारा लीगल वॉलिंटियर्स के द्वारा अलग अलग जगहों पर संविधान दिवस पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संविधान में वर्णित उनके मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य की जानकारी दी गई। बाद में सभी ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## शर्मा बस्ती में फिर रेलवे का चला बुलडोजर, 70 घरों को किया जमींदोज

नव प्रदेश संवाददाता

**आदित्यपुर।** मंगलवार को आदित्यपुर स्थित शर्मा बस्ती में करीब 50 वर्षों से रेलवे की जमीन पर बसे 70 घरों को चिन्हित कर-के रेलवे ने तोड़कर रेलवे की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। अब यहां रेलवे विस्तारीकरण का कार्य आरंभ करेगा। बता दें कि आज इस बस्ती के चिन्हित 70 घरों को तोड़ने की कार्रवाई रेलवे सुरक्षा बल की मौजूदगी में शांतिपूर्ण तरीके से की गई। इन बस्ती वासियों को एक सप्ताह पूर्व नोटिस दिया गया था. बता दें कि रेल प्रशासन को लाइन विस्तारीकरण में अड़चन आ रही थी यही वजह है कि रेलवे ने आज रेलवे आरआईटी मोड़ आदित्यपुर के पास स्थित शर्मा बस्ती में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान रेलवे की जमीन पर बसी अवैध रूप से बनाए गए कुल 70 चिह्नित कच्चे और पक्के मकानों को तोड़ा। इस अभियान के लिए रेल प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां करके आई थी। रेलवे की भूमि पर अवैध कब्जे के कारण लाइन विस्तारीकरण का कार्य बाधित हो रहा है। प्रशासन के अनुसार, अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन पर ट्रैक रिलेयिंग ट्रेन मशीन (टीआरटी) का निर्माण किया जाएगा जिससे रेलवे के कार्यों में सुगमता आएगी। मौके पर मौजूद आदित्यपुर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि रेल प्रशासन द्वारा पूर्व में ही अवैध तरीके से रेलवे लाइन किनारे बसे लोगों को नोटिस देकर खाली करने का आदेश दिया गया था। जिसके बाद यह कार्रवाई शुरू की गई है। बिना किसी विरोध के रेलवे द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। लोग अपने घरों के सामने आशियाना टूटता देख मायूस थे।

### कार में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**जमशेदपुर (नव प्रदेश)।** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइंयाडीह बर्निंग घाट के पास मंगलवार को अचानक अफरा-तफरी मच गई, जब घाट के बाहर खड़ी एक कार में आग लग गई। कार के अंदर से धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों ने तुरंत हरकत में आते हुए अग्निशमन विभाग को सूचना दी। साथ ही, आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। स्थानीय लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया। हालांकि, तब तक कार का इंटीरियर पूरी तरह जल चुका था। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग को पूरी तरह शांत कर दिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार मालिक ने अपनी पुरानी कार बर्निंग घाट के बाहर खड़ी की थी और अंदर चले गए थे। कुछ देर बाद कार के अंदर से धुआं उठने लगा, जो देखते ही देखते आग में बदल गया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का संभावित कारण बताया जा रहा है।

### सामाजिक-राजनीति संगठनों से जुड़े लोगों ने मनाया संविधान दिवस

**जमशेदपुर (नव प्रदेश)।** साकची में सामाजिक राजनीति संगठनों से जुड़े लोगों ने संविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर वक्ताओं ने संविधान सभा समिति में झारखंड के लोगों के योगदान को याद किया। उन्होंने बताया कि झारखण्ड से जयपाल सिंह मुंडा, रामदयाल मुंडा, कैलाश नाथ कुजूर जैसे महान नेताओं ने संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वक्ताओं ने संविधान के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बताता है और हमें एक सुरक्षित और न्यायपूर्ण समाज में रहने का अवसर प्रदान करता है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि संविधान में आदिवासियों के लिए वर्णित कई मुख्य काम आजतक नहीं हुआ है। उन्होंने झारखंड में पेसा कानून लागू नहीं होने की भी उनमे से एक है। इसके अलावा, देश के आदिवासियों के मानव अधिकारों का हनन हो रहा है, जो कि एक गंभीर मुद्दा है। यह सब भी बंद होना चाहिए। वनअधिकार कानून में वनों पर निर्भर लोगों को वन पट्टा देना है, लेकिन आज भी इस कानून का सही पालन नहीं हो रहा है। वन संरक्षण नियम-2022 आदिवासियों और वनाधिकार कानून-2006 के लिए खतरा है। मौके पर दीपक रंजीत, कृष्णा लोहार, सुबोध गौड़, विकास कुमार, अंकुर कांत, सुनील हेमब्रम, सतेंद्र पाल सिंह, हेमंत गौड़, राइमूल बंडरा, बादल धोरा, आजाद महतो, मुकेश गौड़, मनिंदर सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

### सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला ने प्लेटिनम जयंती स्थापना दिवस समारोह मनाया

## वैश्विक बाजार में एनएमएल वैज्ञानिकों के लिए बहुत संभावनाएं : डॉ. कलैसेल्वी

नव प्रदेश संवाददाता

**जमशेदपुर।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला ने मंगलवार को अपना प्लेटिनम जयंती स्थापना दिवस समारोह मनाया। सीएसआईआर की महानिदेशक एवं डीएसआईआर की सचिव डॉ. एन. कलैसेल्वी ने मैग्नीशियम पायलट प्लांट क्षेत्र, नीलडीह, जमशेदपुर में मैग्नीशियम धातु के उत्पादन के लिए पायलट प्लांट की आधारशिला रखी। मुख्य समारोह की शुरुआत मंच पर उपस्थित व्यक्तियों, सीएसआईआर की महानिदेशक एवं डीएसआईआर की सचिव डॉ. एन. कलैसेल्वी, सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी, टाटा स्टील लिमिटेड के स्टील निर्माण के उपाध्यक्ष चैतन्य भानु और सीएसआईआर-एनएमएल के प्रशासनिक अधिकारी आदित्य मैनक द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। डॉ. संदीप घोष चौधरी, निदेशक, सीएसआईआर-एनएमएल ने स्वागत भाषण दिया और 1950 में अपनी स्थापना के बाद से देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास में सीएसआईआर-एनएमएल के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बात की। डॉ. एन. कलैसेल्वी, महानिदेशक, सीएसआईआर एवं सचिव डीएसआईआर ने प्लेटिनम जयंती के अवसर पर सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक एवं सीएसआईआर-एनएमएल परिवार के सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने सामाजिक मिशन सहित प्रक्रिया/उत्पादों के व्यावसायीकरण के विभिन्न मोर्चों पर सीएसआईआर-एनएमएल के योगदान एवं सफलता पर संतोष व्यक्त किया।

डॉ. कलैसेल्वी ने कहा कि वैश्विक बाजार में अनुसंधान और विकास के मद्देनजर एनएमएल वैज्ञानिकों के लिए बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने भारतीय बाजार को आकर्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जो वर्तमान में तीसरे स्थान पर है। वर्तमान में पूरी दुनिया इस भारतीय बाजार की तलाश कर रही है। उन्होंने समय के साथ मेल खाने वाली विशेषताओं के साथ प्रासंगिक प्रौद्योगिकियों के विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अधिक युवा शोधकर्ताओं और उनके संयुक्त उद्यम को जोड़ने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। टाटा स्टील लिमिटेड के स्टील मैन्यूफैक्चरिंग के उपाध्यक्ष चैतन्य भानु इस अवसर पर सम्मानीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर सीएसआईआर-एनएमएल ने कर्मचारियों के साथ-साथ कर्मचारियों के बच्चों को भी पुरस्कार प्रदान किया। इनमें मुख्य रूप से पिछले कैलेंडर वर्ष में लाइसेंस प्राप्त या व्यावसायीकृत सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी के लिए प्रो. वी.ए. अल्टेकर पुरस्कार, पिछले कैलेंडर वर्ष में प्रकाशित सर्वोत्तम पेपर के लिए डॉ. बी.आर. निझावन पुरस्कार, पिछले वर्ष पूर्ण किए गए सर्वोत्तम इन-हाउस प्रोजेक्ट के लिए प्रो. शिलोभद्र बनर्जी पुरस्कार, वर्ष 2022 के दौरान तकनीकी/गैर-तकनीकी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी के लिए प्रो. पी. रामचंद्र राव पुरस्कार और विभिन्न श्रेणियों में एनएमएल स्टाफ के बच्चों को कई मेधावी पुरस्कार शामिल हैं। इस वर्ष, डॉ. बी आर निझावन का पुरस्कार निशा गुप्ता और डॉ. पल्लब भट्टाचार्य को उनके शोध पत्र माइक्रोवेव-प्लाज्मा प्रेरित एक-चरण संश्लेषण नैनोस्फीयर-लोडेड बायो-वेस्ट व्युत्पन्न को-डॉप्ड कार्बन फॉर एन एसिमेट्रिक सुपरकैपेसिटर विद लॉन्ग लाइफ के लिए दिया गया, जो जर्नल ऑफ मैटेरियल्स केमिस्ट्री सी में प्रकाशित हेतु प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ इन-हाउस परियोजना के लिए प्रो. शिलोभद्र बनर्जी पुरस्कार डॉ. कृष्ण कुमार, वाई उषा, डॉ. एम मदन, डॉ. रोहित बी मेश्राम, एम उदय भास्कर राव, डॉ. नवनीत सिंह रंधावा, निमाई हलदर, डॉ. गणेश चलवाडी, डॉ. अशोक के. को मैग्नीशियम धातु उत्पादन के लिए एनएमएल की रिटॉर्ट प्रौद्योगिकी पर जांच परियोजना के लिए प्रदान किया गया।

## एक नजर

### संविधान दिवस पर उपायुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन



**गुमला (नव प्रदेश)।** मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने संविधान की उद्देशिका के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण की शपथ ली। उपायुक्त ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और नागरिक अधिकारों का आधार स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि संविधान हमें न केवल अधिकार देता है, बल्कि हमारे कर्तव्यों का भी स्मरण कराता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे संविधान में निहित मूल्यों – स्वतंत्रता, समानता, और न्याय – को अपने कार्यों और आचरण में आत्मसात करें। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों ने संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और देश की एकता, अखंडता, एवं समृद्धि के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, जिला नजारत उप समाहर्ता गुमला, जिला योजना पदाधिकारी गुमला सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### प्रखंड सभागार में मनाया गया संविधान दिवस कर्मचारियों को दिलायी गयी शपथ

**चैनपुर (नव प्रदेश)।** प्रखंड सभागार में संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डा. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। बीडीओ यादव बैठा ने लोगों को संविधान में उल्लिखित प्रस्तावना और कर्तव्यों की शपथ दिलाई। बीडीओ यादव बैठा ने कहा कि कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता। संविधान में ही देश के सिद्धांत और उसको चलाने के तौर तरीके होते हैं। 26 नवंबर 1949 के दिन देश की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था। इसलिए इसी दिन की याद में हर साल देश में संविधान दिवस मनाया जाता है। कहा कि इस दिन का मकसद देश के नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता। संविधान में ही देश के सिद्धांत और उसको चलाने के तौर तरीके होते हैं। मौके पर महिला पर्यवेक्षीका अंजली वर्मा, प्रभारी बीपीआरओ संदीप टेटे एवं प्रखंड सह अंचल कर्मी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### करीम सिटी में त्वरित भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**जमशेदपुर (नव प्रदेश)।** करीम सिटी कॉलेज के हिंदी विभाग में त्वरित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. सुभाष चंद्र गुप्ता ने किया। त्वरित भाषण प्रतियोगिता का परिचय देते हुए हिंदी विभाग की प्रो. डॉ. संध्या सिन्हा ने त्वरित भाषण की प्रकृति की चर्चा करते हुए इसके महत्व और भविष्य निर्माण में इसकी उपयोगिता का उल्लेख किया है। इन्होंने बताया कि त्वरित सोच और बोलने के अभ्यास के लिए त्वरित भाषण का आयोजन किया गया है। इसके बाद हिंदी प्रतिष्ठा के सेमेस्टर 1 एवम 2 के 17 विद्यार्थियों ने दिए गए विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। अध्यक्षीय भाषण विभागाध्यक्ष देते हुए डॉ सुभाष चंद्र गुप्ता ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति पर व्यापक चर्चा की। भाषण कला की सूक्ष्मता को बताया और इसके गुर पर प्रकाश डाला। अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रो डॉ फिरोज आलम ने विषय के ट्रीटमेंट की युक्तियों की चर्चा किया। मंच संचालन सुशांत बोबोंगा (द्वितीय सेमेस्टर, मेजर हिंदी) और तानिया परवीन (प्रथम सेमेस्टर, मेजर हिंदी) ने किया। उक्त कार्यक्रम में हिंदी विभाग के प्रथम पुरस्कार मारिया, द्वितीय सुशांत और तानिया तथा तृतीय पुरस्कार लालती ने प्राप्त किया। सेमेस्टर 1,2 एवम 3 के अंकिता, कशिश, प्रीति, सिद्धार्थ, रामानंद आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### दूसरी बार विधायक बनने के बाद मंगल कालिंदी ने पटमदा में निकाली आभार यात्रा

**पटमदा (नव प्रदेश)।** अपनी सादगी के लिए पहचाने जाने वाले झामुमो के जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी ने सोमवार को पटमदा में आभार यात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने पटमदा के धुसरा, बामनी, कुन्दरूकोचा एवं लावा में लोगों के साथ मिलकर उनका आशीर्वाद लिया और उन्हें करीब 43 हजार वोटों के अंतर के साथ दूसरी बार विधायक बनाने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बेलटांड़ चैक से पटमदा बाजार तक पदयात्रा करते हुए अपने हाथों से लड्डू का वितरण किया। इस दौरान बेलटांड़ में भगवान बिरसा मुंडा व पटमदा में सिदो-कान्हू की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। इसके बाद पटमदा बाजार स्थित श्री श्री दौड़ासिनी मंदिर व दुर्गा मंदिर में मत्था टेका व आशीर्वाद लिया। इसके बाद माचा, बिड़रा, काटिन बाजार व बांगुड़दा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं एवं आमलोगों के बीच लड़डू का वितरण किया। काटिन में वीर शहीद निर्मल महतो, बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी। मौके पर उनके साथ झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, चंद्रशेखर टुडू, कालीपद महतो, अश्विनी महतो, समीर महतो, सनत बेसरा, अमर सिंह सरदार, आनंदमय महतो, यामिनी प्रमाणिक, सिजेन हेम्ब्रम, सुधीर हांसदा, राधेश्याम दास, विश्वजीत महतो, विश्वनाथ माझी, वनमाली माझी, रफीक अंसारी, मन्टू महतो, प्रदीप सिंहदेव, ईशान चंद्र गोप, ईशान चंद्र मुर्मू, चंद्रकेतु, कांग्रेस नेता मृत्युंजय महतो व विश्वामित्र दास समेत सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि जनता का अपार समर्थन, विश्वास और आशीर्वाद की बदौलत वे दूसरी बार विधायक बने हैं। उन्होंने कहा कि इस बड़ी जीत के साथ जनता ने बड़ी जिम्मेवारी भी दी है। उन्होंने कहा कि उनके सभी अधूरे कार्यों को पूरा करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा।

### करीम सिटी कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस

**जमशेदपुर (नव प्रदेश)।** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के राजनीतिक विज्ञान विभाग के तत्वावधान में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा प्रांगण में जमा होकर शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने एक साथ मिलकर संविधान की गरिमा बनाए रखने की शपथ ली। इस अवसर पर कोल्हान विश्वविद्यालय के रजिस्टर डॉ राजेंद्र भारती मुख्य अतिथि हुए। भारतीय संविधान के महत्व पर एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने की। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। विभाग अध्यक्ष डॉ अनवर शहाब ने भारतीय संविधान पर विशेष रूप से अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वे लोग महान से भी महान थे जिन्होंने हमारे देश को संविधान दिया। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम संविधान के मूल्यों तथा उसके आदर्शों का सम्मान करें। मुख्य अतिथि डॉ राजेंद्र भारती ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप राजनीतिक विज्ञान के विद्यार्थी हैं तो आप अपने आसपास की दुनिया और समाज का अध्ययन करें और संविधान की रोशनी में अपना नजरिया कायम करें। याद रहे कि हमारा संविधान हमें नकारात्मक विचारों से लड़ना सीखना है ताकि हम कमजोर ना रहे मजबूत बन जाएं। शिक्षक तथा अतिथि के अलावा छात्र-छात्राओं ने भी संविधान के प्रति अपनी सोच और विचार बहुत ही सुंदर तरीके प्रस्तुत किए। सभा का संचालन मुबीना बेगम ने किया तथा डॉ तनवीर जमाल काजमी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस सभा में छात्र-छात्राओं के अलावा डॉ मो अमानुल्लाह, डा आई नबी, डा एस सी गुप्ता, डॉ जकी अख्तर, डॉ उधम सिंह, प्रो मोहम्मद ईसा, डा मुजाहिद उल हक तथा डा फिरोज के अलावा कई शिक्षकों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का सम्मान बढ़ाया।

### जुगसलाई नगर परिषद कार्यालय में संविधान के प्रस्तावना का किया गया पठन



**जुगसलाई (नव प्रदेश)।** संविधान दिवस के उपलक्ष में जुगसलाई नगर परिषद कार्यालय परिसर में संविधान के प्रस्तावना का पठन किया गया। मौके पर नगर प्रबंधक राजेंद्र कुमार, कनीय अभियन्ता दीपक सिंकू, रिशु सिन्हा, अजित कुमार, शकील अहमद अंसारी, राजीव रंजन सिंह, स्वच्छता विशेषज्ञ अमृता साक्षी, हितनारायण सिंह, जगदीप सिंह, सफाई पर्यवेक्षक अजय कुमार सिंह एवं कार्यालय के कर्मचारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# डीसी के साथ सभी ने संविधान की प्रस्तावना का किया पाठ

## संविधान दिवस पर जिला मुख्यालय, सभी प्रखंड मुख्यालयों में संचालित कार्यालयों के वरीय पदाधिकारियों ने कर्मियों के साथ किया भारत का संविधान उद्देशिका का पठन

नव प्रदेश संवाददाता

**बोकारो।** संविधान दिवस पर मंगलवार को जिला मुख्यालय/सभी प्रखंड मुख्यालयों में वरीय पदाधिकारियों द्वारा अधिकारियों, कार्यालय कर्मियों के बीच संविधान दिवस पर कार्यक्रम किया गया। समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त विजया जाधव के नेतृत्व में वरीय पदाधिकारियों, कार्यालय के अधिकारियों व कर्मियों ने भारत का संविधान उद्देशिका पर वाचन/पठन किया। उपायुक्त द्वारा संविधान के तहत दिए अधिकारों व दायित्वों पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है, जिस दिन भारत के संविधान मसौदे को अपनाया गया था। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू होने से पहले 26 नवंबर 1949 को इसे अपनाया गया था। सरकार ने 19 नवंबर, 2015 को राजपत्र अधिसूचना की सहायता से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया था। उन्होंने संविधान दिवस की सभी को बधाई दी।

मौके पर उपायुक्त ने समाहरणालय में पदस्थापित पदाधिकारी/अधिकारी एवं कर्मियों को संविधान के प्रति हम, भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को न्याय, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता,प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा, उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढाने के लिए, दृढ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई0 को एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने का वाचन किया गया। सभी ने इसका दोहराव किया।

मौके पर उपस्थित जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम ने कहा कि विभाग के निदेर्शानुसार संविदान दिवस पर जिले के सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीणों को संविधान की उद्देशिका से अवगत कराया जा रहा है, उन्हें क्या अधिकार है और क्या कर्तव्य है उससे अवगत कराया जा रहा है। इस अवसर पर संविधान से संबंधित कई क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें बढ़-चढ़ कर हर आयु वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। मौके पर डीपीएलआर निदेशक मेनका कुमारी, जिला स्थापना उप समाहर्ता शालिनी खालखो, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक पियुष, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, डीडीएमओ शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी पंकज दुबे आदि उपस्थित थे।

### रामरुद्रा में संविधान दिवस सह मेधा सम्मान आयोजित, प्राचार्य ने कहा

# संविधान हमारे देश की आत्मा, सभी को देता है न्याय का अधिकार

नव प्रदेश संवाददाता

**बोकारो।** डिस्ट्रिक्ट रामरुद्र सीएम एसओई, बोकारो में मंगलवार को संविधान दिवस सह मेधा सम्मान समारोह बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सुबह की प्रार्थना सभा से लेकर दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य भारतीय संविधान के महत्व और इसके मूल्यों को छात्रों और शिक्षकों के बीच प्रसारित करना था। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार और उप-प्राचार्य हरे कृष्णा बागबत्ता ने संविधान दिवस के अवसर पर सभा को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण, उसके मूल अधिकारों और कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संविधान हमारे देश की आत्मा है, जो सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है।

विद्यालय के प्रबंधक एम. पी. सिंह ने भी छात्रों और शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय संविधान के महत्व को समझाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे संविधान में बताए गए अपने अधिकारों और कर्तव्यों का पालन करें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें। इस अवसर पर शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता और पोस्टर निर्माण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से संविधान की मूल भावना को दर्शाया गया।

इसके साथ ही विद्यालय के विभिन्न खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य खेल प्रशिक्षक डॉ. रवि भूषण ने बताया कि विद्यालय के बालक टीम राज्यस्तरीय वॉलीबॉल चैंपियन बनकर उभरी है। अपने उत्कृष्ट खेल के बदौलत इस टीम ने न सिर्फ चैंपियनशिप अपने नाम किया बल्कि इस टीम के चार खिलाड़ियों ने राज्य की टीम में अपना चयन भी पक्का करवाया जो कि अब राष्ट्रीय एसजीएफआई प्रतियोगिता में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। इस मौके पर विद्यालय की बालक वर्ग की कबड्डी टीम के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। इस टीम ने भी अपने उत्कृष्ट खेल से सभी को प्रभावित किया एवं विद्यालय के एक खिलाड़ी ने राज्य टीम में भी अपना स्थान पक्का किया है। विद्यालय के वॉलीबॉल एवं कबड्डी टीम को विद्यालय प्रबंधन एवं सभी छात्र-छात्राओं ने शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### फुसरो नगर परिषद कार्यालय में संविधान दिवस पर दिलायी गयी शपथ

# संविधान किसी से नहीं करता भेदभाव : कार्यपालक पदाधिकारी

नव प्रदेश संवाददाता

**फुसरो (बेरमो)।** फुसरो नगर परिषद कार्यालय के सभागार में मंगलवार को 75वां संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन ने कहा संविधान क्या है इसका इतिहास से पहले समझना होगा कि संविधान क्या है यह सबको एक स्थान देता है यह भेदभाव किसी से नहीं करता है। कहा कि भारत के संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान के रूप में दुनिया का सबसे बड़ा संविधान बनाकर तैयार किया था। यह विश्व में सबसे बड़ा संविधान माना जाता है जिसमें 448 अनुच्छेद 12 अनुसूचियाँ और 94 संसोधन शामिल हैं इसको बनाने में 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन का समय लगा था। 29 अगस्त 1947 को भारत के संविधान सभा का मसौदा तैयार करने वाली समिति की स्थापना की गई थी। इसके अध्यक्ष डॉ भीमराव अम्बेडकर की नियुक्ति हुई थी। 26 नवम्बर 1950 को भारत का संविधान लागू होने से पहले आज ही के दिन 26 नवम्बर 1949 को इसे अपनाया था। संविधान सभा के सदस्यों ने पहला सेशन 9 दिसम्बर 1947 को आयोजित किया था जिसमें संविधान सभा के 207 सदस्य के कमिटि के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर ही थे। कार्यक्रम के अंत में संविधान के प्रस्तावना पढ़ा और सभी को संविधान की शपथ दिलाई। डॉ भीमराव अम्बेडकर के अनुयायियों ने संविधान जिंदाबाद और बाबा साहब अमर रहे के जयकारे व नारों से सभा गुंज उठा। मौके पर कनीय अभियंता राजेश प्रसाद गुप्ता, कर्मी प्रधान सहायक हरेंद्र कुमार, राजीव रंजन कुमार, पंकज अग्रहरि, सुजीत कुमार, शंकर कुमार, दिव्यांश मिश्रा, मनीषा कुजूर, सपना देवी, मंजू देवी, रवि कुमार अजमेरी लाल आदि मौजूद थे।

# बीआरएल डीएवी में मनाया गया संविधान दिवस

**भंडारीदह (बेरमो)।** बीआरएल डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारीदह में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। उक्त अवसर पर सर्वप्रथम भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को नमन किया गया। भारतीय संविधान की प्रस्तावना को हिंदी में प्रस्तुत कर पूरी सभा को भारतीय संविधान की रक्षा हेतु शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एके झा, डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव व दिव्या सिंह ने भारतीय संविधान की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए इसे पालन करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमारा भारतीय संविधान संपूर्ण विश्व में सबसे बड़ा लिखित संविधान है; जिसके निर्माण में 2 वर्ष 11 महीने और 18 दिन लगे। 26 नवंबर को ही संविधान दिवस मनाने के पीछे के कारणों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे संविधान निमार्ताओं ने 26 नवंबर 1949 को संविधान बनाकर राष्ट्र को समर्पित कर दिया था। जिसे बाद में 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। प्राचार्य आरके सिंह ने कहा कि हम सभी को अपने संविधान की रक्षा हेतु प्रयत्नशील रहना चाहिए। हम जहां पर भी तथा जिस पद पर भी हैं, अपने देश के संविधान की रक्षा कर सकते हैं। संविधान के मुताबिक जो कार्य निर्देशित हैं, हमें उसे करने पर बल देने की आवश्यकता है। जिससे देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने में हम सभी कामयाब हो सकेंगे। हमें कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए, जो संविधान के विपरीत हो। संविधान दिवस के प्रति हमारी यही भावना देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ए के झा, सगीर आलम अंसारी, राजेश तिवारी, संजय निर्भय, दीपक कुमार, संतोष कुमार झा, शुभम कुमार, विकास कुमार, विवेक, मोहन ठाकुर सहित दिव्या सिंह, लतिका राय आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संविधान दिवस पर कांग्रेस कमिटी ने की 60 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत

नव प्रदेश संवाददाता

**बोकारो।** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में सेक्टर 4 स्तिथ अम्बेडकर चौक बोकारो में झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा निर्देशित संविधान रक्षक अभियान जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में संविधान की रक्षा और इसके सिद्धांतों के प्रति 60 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत किया गया। बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी इस संविधान रक्षक अभियान को जन जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए जिला, प्रखंड, पंचायत स्तर में रैलियों, घर घर जाकर आम जनमानस से संपर्क कर चचाओं के माध्यम से पहुंचाया जायेगा। इस अवसर पर बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि हमारे संविधान की मूल भावना है कि न्याय और अधिकार सभी के लिए एक समान हो। सभी को स्वाभिमान के साथ जीने का अवसर मिलना चाहिए। संविधान समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्गों की रक्षा के लिए एक शक्तिशाली औजार है। यह जितना मजबूत होगा, हमारा देश उतना ही ताकतवर होगा। इसलिए हम सभी को मिलकर संविधान की रक्षा करनी है। मौके पर इंद्रदेव पासवान, बबला राम, नजीर अहमद, प्रेम पासवान, बनमाली बाउरी, मनोज वर्मा, काशिम अंसारी, संतोष कुमार, अमन कुमार समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बोकारो ओल्ड जैवेरीयनस एसोसिएशन की वार्षिक बैठक संपन्न

**बोकारो।** बोकारो ओल्ड जैवेरीयनस एसोसिएशन की वार्षिक बैठक संत जेवियर्स स्कूल के चैपल हाल में संपन्न हुई। इस बैठक में संत जेवियर्स स्कूल के प्राचार्य फादर अरुण मिंज, बोकारो औलड जैवेरीयन एसोसिएशन की अध्यक्ष गुरजीत कौर पोपली, उपाध्यक्ष श्वेता कुमार, सचिव साजन कपूर, कोषाध्यक्ष नीतेश मिश्रा, रविन्द्र मांड , रोहित तलवार, चंद्रिमा रे, प्रवीर दास, रेनू, अविना, अमित जोहर ने भाग लिया। संत जेवियर्स स्कूल के प्राचार्य फादर अरुण मिंज ने कहा कि हमारे स्कूल के पूर्व छात्र-छात्राएं हर सरकारी और गैर-सरकारी श्रेत्र में बहुत बढ़िया कार्य कर रहे हैं। इस बैठक में बिते दिनों में किये कार्यो की समीक्षा की गयी और आने वाले दिनों में किये जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार की गयी।

## पिछरी उत्तरी पंचायत सचिवालय में मनाया गया संविधान दिवस

नव प्रदेश संवाददाता

**पिछरी (बेरमो)।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत पिछरी उत्तरी पंचायत सचिवालय परिसर में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने संविधान की रक्षा करने तथा उसका पालन करने व लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया गया। पिछरी उत्तरी पंचायत के मुखिया कल्पना देवी के द्वारा संविधान के प्रस्तावना को पढ़ा गया और संविधान के बारे जानकारी दी गई। मुखिया कल्पना देवी ने कहां कि डॉ. आंबेडकर के कहा था कि भारत का संविधान देश को समर्पित एक विलक्षण दस्तावेज है। संविधान हर देशवासी के लिए कर्तव्य और अधिकार की बात करती है और इसलिए संविधान के मार्ग पर चल कर ही देश का विकास संभव है। आज हमें जो कुछ मिल रहा है वह संविधान के प्रावधानों की वजह से मिल रहा है। मौके पर रोजगार सेवक ईश्वर टुडू, उप मुखिया चीकू मिश्रा, वार्ड सदस्य बृजेश मिश्रा, निरू मिश्रा, बजरंगी मिश्रा, टिंकू महतो, मालती देवी, लक्ष्मी देवी, जल सहिया रितिका देवी आदि उपस्थित रहे।

### राजद ने नवनिर्वाचित विधायकों का किया स्वागत

**बोकारो।** विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर आए राष्ट्रीय जनता दल के विधायक का स्वागत अभिनंदन रांची प्रदेश कार्यालय में फूल गुलदस्ता देकर बोकारो जिला राजद के जिला अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव के नेतृत्व में किया गया। जिला अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव अबकी बार राष्ट्रीय जनता दल से सभी निष्ठावान समर्पित नेता जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। हम सभी राजद के कार्यकर्ताओं को उम्मीद है कि इस बार के सरकार गठन में राष्ट्रीय जनता दल को उचित प्रतिनिधित्व एवं मान सम्मान मिलेगा और झारखंड का चौमुखी विकास होगा। स्वागत करने वालों में प्रदेश महासचिव घनश्याम चौधरी, महानगर अध्यक्ष रामजीत यादव, युवा राजद प्रदेश महासचिव जितेंद्र नारायण यादव, जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष विष्णु भगवान, युवा नेता उमेश तिवारी, बेरमो प्रखंड अध्यक्ष नरेश यादव, शैलेश पाठक आदि मिलकर सभी को बधाई दी।

### डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने ली भारतीय संविधान की रक्षा की शपथ, प्राचार्य डॉ. गंगवार ने कहा

# राष्ट्र की समृद्धि के लिए संवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन जरूरी

विजय आनंद

**बोकारो।** भारत का संविधान अंगीकार करने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए विशेष आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को भारत के संविधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, संवैधानिक दायित्वों व अधिकारों की महत्ता से अवगत कराने तथा इसके प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ मिलकर संवैधानिक प्रावधानों और नियमों के अनुपालन तथा इसकी रक्षा की शपथ ली। बच्चों ने संविधान की प्रस्तावना को रंग-बिरंगे अक्षरों में कलाकृति बनाकर लिखे। उन्होंने संविधान-निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर बनाई तथा आकर्षक चित्रकारी करते हुए पोस्टर आदि भी तैयार किए।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने संविधान दिवस की महत्ता रेखांकित करते हुए कहा कि यह दिन भारतीय संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया, जो 26 जनवरी, 1950 से प्रभावी है। उन्होंने संविधान को भारतीय लोकतंत्र की बुनियाद बताते हुए कहा कि राष्ट्र के उत्थान, समृद्धि व शांति के लिए इसका सम्मान और अनुपालन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित दस्तावेज व राष्ट्रीय ग्रंथ स्वरूप है, जिसे अंगीकृत किए हुए 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं। संविधान दिवस का उद्देश्य लोगों को संविधान की मूल बातें और इसके महत्व के बारे में जागरूक करना है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं, जहां सभी नागरिकों को समान अधिकार और स्वतंत्रता प्राप्त है।

## एक नजर

### आप प्रतिनिधिमंडल ने विधायक श्वेता सिंह और उमाकांत रजक से मिल जीत की दी बधाई

**बोकारो (नव प्रदेश)।** मंगलवार को आम आदमी पार्टी बोकारो के प्रतिनिधिमंडल ने बोकारो विधायक श्वेता सिंह और किम्स महामंत्री संग्राम सिंह से उनके निवास पर विधानसभा में जीत पर बधाई दी। साथ ही चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक से भी मिलकर जीत की बधाई दी गयी। आम आदमी पार्टी नेताओं ने नवनिर्वाचित विधायक से जनहित में काम करने तथा चुनाव पूर्व किए गए वादों को पूरा करने का आग्रह किया। कहा कि आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन के घटक के तहत हमेशा सकारात्मक सुझाव देती रहेगी। प्रतिनिधिमंडल में शामिल आप नेताओं और कार्यकर्ताओं में कुमार राकेश, विधान चंद्र राय, अरविंद विकास, गुलाम रसूल, धर्मेंद्र शर्मा, अशोक कुमार, आनंद मंडल, उत्तम सिंह चौधरी, मनौवर अंसारी, संजय कुमार, महावीर कुमार, मनौवर अली, श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, गयासुद्दीन, केएपी वर्मा, सुमन सिंह, मिट्ठू सिंह, मकसूद हयात, मदन पाठक सहित अन्य उपस्थित थे। श्वेता सिंह और उमाकांत रजक ने लगातार जनता के लिए कार्य करने का भरोसा दिया।

### उपद्रवियों ने चाचा-भतीजे को जमकर पीटा, टाइगर मोबाइल के जवान के साथ भी की धक्का-मुक्की

**बोकारो (नव प्रदेश)।** बोकारो के रिहायशी इलाका कहे जाने वाले सेक्टर 1 सी उस समय रणक्षेत्र में तब्दील हो गया जब कुछ उपद्रवी तत्व के युवकों ने एक व्यक्ति को पहले बाइक से जोरदार धक्का मारा। इसके बाद उसकी जमकर धुलाई कर दी। इसके बाद घायल हुए जख्मी सुरेश प्रसाद सिंह ने अपने भतीजे अरविंद कुमार को फोन कर बुलाया और स्थानीय पुलिस को भी इसकी सूचना दी। कुछ समय बाद 50 की संख्या में आए उपद्रवी युवकों ने सुरेश प्रसाद के भतीजे अरविंद कुमार को लाठी-डंडे से पिटाई करने लगा। इसके बाद घटनस्थल रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। मौके पर पहुंची सिटी थाना के टाइगर मोबाइल के जवान घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव करने लगे लेकिन उपद्रवी युवक ने एक न सुनी और टाइगर मोबाइल जवान के साथ भी धक्का-मुक्की कर चाचा-भतीजे को पीटने के बाद मौके से भागने में सफल रहे।

### संविधान दिवस पर बोकारो कोर्ट में कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो (नव प्रदेश)।** मंगलवार को बोकारो कोर्ट परिसर में बोकारो के वरीय अधिवक्ता एमएल ओझा ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। अपने संबोधन में अधिवक्ता ओझा ने कहा कि आज के दिन है 26 नवंबर 1949 को भारत में संविधान अंगीकार किया गया था। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता रणजीत गिरि ने वहा उपस्थित अधिवक्ताओं को संविधान के मूल प्रस्तावना का पाठ करवाया। गिरि ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत में संविधान को लागू हुए 75 वर्ष हो गए उसके उपलक्ष्य में हम सभी एक वर्ष तक संविधान के प्रति जागरुकता के लिए जन जागरण अभियान चलाने का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा ताकि संविधान के बारे में लोग अपने अधिकार को जाने। अधिवक्ता अतुल कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर बीरेंद्र प्रसाद महतो, रंजन कुमार मिश्रा, फटीक चंद्र सिंह, विष्णु चरण महाराज, राणा प्रताप शर्मा, अरूप चक्रवर्ती, काली पद मांझी, गुरु चरण रजवार, मो हरीश, वीणा रानी, भुवनेश्वर प्रसाद, शंकर कुमार महतो, प्रफुल्ल कुमार सिंह, दीपिका सिंह,रीना कुमारी, दीप्ति सिंह, मो हसनैन आलम, वंशिका सहाय, विकास प्रजापति, अंकित ओझा, राज श्री, संजीत कुमार सिंह, संदीप कुमार सिंह, संदीप पूर्ति, रवि कुमार, अशोक कुमार यादव, निखिल कुमार दे समेत सैकड़ों अधिवक्ता शामिल थे।

### सरना धर्म कोड को लेकर राज्य के 32 जनजाती 16 को राजभवन का करेगी घेराव : भुवनेश्वर लोहरा



**बोकारो (नव प्रदेश)।** लोक जन विकास मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भुवनेश्वर लोहरा ने धनबाद जाने के क्रम में बोकारो में पत्रकारों से बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर को पूरे राज्य भर से सरना धर्म कोड लेने के लिए 32 जनजाती राजभवन पहुंच रहे है और यह पहली कोई राजनीतिक दल सरना धर्म कोड लेने को लेकर अपना समर्थन दिया है और इसके लिए कटिबद्ध है जब तक सरना धर्म कोड नहीं मिलता है तब तक लोक जन विकास मोर्चा पूरे देश में आंदोलन करेगी। सरना धर्म कोड को लेकर आदिवासी समाज लगातार संघर्षशील करती रही है जिसमें आदिवासी सेंगेल अभियान द्वारा बोकारो सेंगेल जिला अध्यक्ष सह बोकारो जोनल हेड सुखदेव मुर्मू ने कहा था कि 15 करोड़ आदिवासियों जो प्रकृति पूजक है। सरना धर्म कोड की घोषणा करें ताकि आदिवासियों को जबरन ईसाई, हिन्दू, मुस्लिम आदि धर्म में धर्मातांरण से बाचाया जाए।

### जयराम ने झारखंड के मुद्दों पर सिखलाई राजनीति : सहदेव

**बोकारो (नव प्रदेश)।** जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम के नवनियुक्त केंद्रीय सचिव सहदेव साब ने कहा कि जयराम महतो ने सम्पूर्ण झारखंड के मतदाताओं में जन मुद्दों पर मतदान के लिए जागृत किया है। झारखंडी मुद्दों पर राजनीति के लिए सभी दलों को विवश किया है। यह विगत चुनाव में झारखंडी जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि जेएलकेएम ने झारखंड में 71 सीट पर चुनाव लड़ा था। उसमें कुल 11 लाख वोट मिला है। 20 स्थान में सेकंड और एकदर्जन सीट में तीसरा स्थान मिला है। इतना उत्कृष्ट प्रदर्शन से जेएलकेएम को राज्य स्तरीय राजनीतिक दल का दर्जा मिलना सुनिश्चित हो गया है। उन्होंने कहा कि बोकारो के मतदाताओं को जेएलकेएम विश्वास दिलाता है कि उनके सुख दुख का भागीदार बनेगा। विस्थापन मजदूर किसान के मांगों को लेकर मुखर रहेगा। झारखंडियत के सवाल पर कोई समझोता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की उम्मीदवार श्वेता सिंह को पार्टी की ओर से बधाई है। विधायक को सलाह है कि बिंरची नारायण की गलती नहीं दुहराए। पंचायत चुनाव से वंचित को अधिकार दिलाएं, परती जमीन की वापसी कराएं, बीएसएल के चतुर्थ श्रेणी के पद आरक्षित कराएं, अप्रेंटिस की सीढ़ी बहाली कराएं, ठेका मजदूरों की कटमनी रोकें, 75 प्रतिशत स्थानीय की बहाली बीएसएल में कराएं। और किसानों के लिए खेती को उद्योगिक दर्जा दिलाएं। इन मुद्दों पर पार्टी उन्हें 6 माह का समर्थन करेगा। उसके बाद यदि असफल हुई, तो उनके खिलाफ आदोलन किया जाएगा।

### ट्रेड यूनियन ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ मनाया संविधान बचाओ दिवस



**बोकारो (नव प्रदेश)।** केंद्र सरकार की जनविरोधी, किसान मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आज के दिन को संविधान बचाओ दिवस के रूप में केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों व संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त आह्वान पर ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा, बोकारो द्वारा सेक्टर 4 गांधी चौक पर मनाया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम कोविड-19 महामारी के चुनौतीपूर्ण समय के दौरान, ऐतिहासिक राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन यानी 26 नवंबर 2020 को किसानों के दिल्ली मार्च और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी आम हड़ताल की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर किया जा रहा है। किसानों और मजदूरों के निरंतर संयुक्त और स्वतंत्र आंदोलनों तथा चुनावों में उनके द्वारा दिए गए पर्याप्त संदेशों के बावजूद, केंद्र सरकार मजदूरों के अधिकारों को छीनने और किसानों को दिए गए आश्वासनों को नकारने के अपने एजेंडे को आक्रामक रूप से आगे बढ़ा रही है, इस लिए पूरे देश के साथ-साथ बोकारो के किसान-मजदूरों के विभिन्न संगठन भी कॉपोर्रेट-परस्त और अमीर-परस्त नीतियों के के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्येन्द्र कुमार ने किया। सभा को एटक के रामश्रय प्रसाद सिंह, रामागार सिंह, बीके राम, सीटू के केएन सिंह, आरके गोराई, आरएन सिंह एक्टू के देवदीप सिंह दिवाकर, जेएन सिंह, ओमराज ने संबोधित किया।

संविधान दिवस पर डीसी ने समाहरणालय सभाकक्ष में अधिकारियों व कर्मियों को संविधान दिवस की दिलायी शपथ

# संविधान देश के हर नागरिक को समान अधिकार देता है : उपायुक्त

■ जय हिन्द जिला केंद्रीय पुस्तकालय में भी संविधान की मूल प्रति उपलब्ध है, यह गिरिडीहवासियों के लिए गर्व का पल

नव प्रदेश संवाददाता

**गिरीडीह।** संविधान दिवस के मौके पर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई। संविधान के प्रस्तावना को पढ़कर उन्होंने स्वयं भी शपथ ली और दिलाया कि हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उनसब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढ़ाने के लिए. दृढ़ संकल्प होकर अपने इस संविधान सभा में 26 नवंबर 1949 ई को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश का संविधान बनाने के लिए एक संविधान सभा का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद को बनाया गया था तथा संविधान सभा द्वारा संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए डॉ भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में प्रारूप समिति का गठन किया गया था। संविधान सभा के 2 साल 11 महीने और 18 दिनों की कड़ी मेहनत के उपरांत भारतीय संविधान को तैयार किया गया। उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत ही हर्ष एवं उल्लास का दिन है। आज का दिन संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जय हिन्द जिला केंद्रीय पुस्तकालय में भी संविधान की मूल प्रति उपलब्ध है। यह गिरिडीहवासियों के लिए गर्व का पल है। कहा कि युवा वर्ग को संविधान दिवस के कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संविधान दिवस हर्ष एवं उल्लास के साथ पूरे जिले मनाया जा रहा है। भारत का संविधान ऐसा महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो देश के हर नागरिक को समान अधिकार देता है। मौके पर जिला मुख्यालय समेत सभी अनुमंडल, प्रखंड, अंचल व अन्य कार्यालयों में संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई।

## भ्रष्टाचार मुक्त भारत संगठन की होगी खंडोली में विशाल सभा

नव प्रदेश संवाददाता

**बेंगाबाद।** भ्रष्टाचार मुक्त भारत संगठन के सुप्रीमो बैजनाथ महतो ने पत्रकारों से मुखातिब होकर बेंगाबाद में मंगलवार को कहा है कि संगठन को सशक्त बनाने को लेकर आगामी 28 नवंबर को खंडोली में विशाल सभा होगी, जिसमें प्रखंड के तमाम समाजसेवी प्रबुद्ध गणमान्य एवं युवा वर्ग के लोगों का जूटान होगा। इस सभा के माध्यम से भ्रष्टाचार मुक्त भारत संगठन का आगाज होगा। उन्होंने कहा कि देश आजाद होने में 200 वर्षों तक अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करना पड़ा ।तब जाके मेरा देश आजाद हुआ ।लेकिन मेरा देश में दुर्भाग्य यह है कि यहाँ के कार्यपालिका, व्यवस्थापिका तथा सामन्तवादी लोग यहां के गरीबों का शोषण, दोहन, भय दिखाकर भ्रष्टाचार को चरम सीमा पर पहुंचा दिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में इसी सोच के साथ स्वतंत्र भारत के नव निर्माण समाजिक, आर्थीक, राजनीतिक, सांस्कृतिक आदि विषयों को सुसंगत स्वतंत्र मंच का निर्माण जिसका नाम भ्रष्टाचार मुक्त भारत की नीव रखने के लिए रायसुमारी की जाएगी।

## तीन वर्षीय बच्ची की कुएं में डूबने से मौत

परिजनों ने पड़ोसी पर लगाया हत्या कर फेंकने का आरोप

नव प्रदेश संवाददाता

**बेंगाबाद।** विगत रविवार की देर शाम को बेंगाबाद के नावाडीह गांव में एक तीन वर्षीय बच्चे की कुएं में डूबने से मौत हो गई। वहीं परिजनों ने पड़ोसी के ऊपर हत्या कर फेंकने का आरोप लगाया है। मृतक की मां ने बताया कि वह अपनी बच्ची को पड़ोसी के यहां रखकर अपनी बड़ी बेटी को पुराने मकान से लाने गई थी। वापस लौटने पर बच्ची उनके पास नहीं था। उनसे पूछने पर कुछ अता-पता नहीं चला। इधर-उधर खोजबीन करने पर कुआं में झांका तो देख बच्ची का शव कुएं में तैरता हुआ मिला। स्थानीय लोगों के सहयोग से बच्ची का शव निकाला गया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पड़ोसी के द्वारा बच्ची का हत्या कर कुएं में फेंक दिया गया। परिजनों ने इसकी सूचना सोमवार को बेंगाबाद पुलिस को दी। मौके पर पहुंची बेंगाबाद पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया है। वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इधर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस मामले में यूडी कांड संख्या 19/24 के तहत अप्राकृतिक मौत के मामले दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई है।

## प्रखंड, अंचल व थाना के कर्मियों ने ली शपथ

संविधान दिवस

नव प्रदेश संवाददाता

**बेंगाबाद।** संविधान दिवस पर बेंगाबाद प्रखंड कार्यालय और थाना परिसर में मंगलवार को प्रखंड, अंचल और थाना के सभी कर्मियों सहित ग्रामीणों ने संविधान के प्रस्तावना का पाठ को पढ़ते हुए शपथ ली। बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी ने इस दिन को विशेष दिन बताया। कहा कि आजाद भारत के इतिहास में 26 नवंबर का दिन बहुत ही खास है। कहा कि यही वह दिन है, जिस दिन गुलामी की जंजीरों से आजाद होकर अपने आजाद अस्तित्व को आकार देने का प्रयास कर रहे राष्ट्र ने संविधान को अंगीकृत किया था।

आज के दिन को संविधान दिवस के रूप में मानने का एक मात्र बड़ा कारण पाश्चात्य संस्कृति के दौर में देश के युवाओं के बीच में संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देना है। इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपनी स्वीकृति दी थी। इस वजह से इस दिन को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। भारत में दो साल 11 महीने और 18 दिन की बड़ी लंबी मेहनत के बाद इस देश के लिए संविधान तैयार किया गया था। भारतीय संविधान भारत देश के सभी नागरिकों को हर क्षेत्र में समानता का अधिकार देता है। 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान तैयार हुआ था और इस संविधान को 1950 में 26 जनवरी के दिन इसे लागू किया गया था।

भारत का संविधान पूरे दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। संविधान सभा के प्रमुख सदस्यों में जवाहरलाल नेहरु, डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद आदि थे। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार मुर्मू, अंचलाधिकारी प्रियंका प्रियदर्शी, एसआई रविन्द्र सिंह, विजय मंडल, विभूति देव, सुरेन्द्र सिंह, पीएलवी जयप्रकाश वर्मा, सहायक बबन राय, रफीक अंसारी, बीपीओ, नाजीर, राजस्व कर्मचारी अशोक दास, अमर कुमार सिन्हा, रोहित वर्मा, धनेश्वर प्रसाद यादव, हवलदार प्रमोद कुमार, नरेश रजक, धनेश्वर साव, धनोज कुमार यादव, भुनेश्वर मुर्मू, जावेद, रीना कुमारी, सुरेन्द्र लाल सहित अन्य प्रखंड कर्मी एवं अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## मंईयां सम्मान योजना व कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम रहा एक बड़ा फैक्टर : दिलीप कुमार

नव प्रदेश संवाददाता

**पालोजोरी।** झारखंड विधानसभा आम चुनाव की मतगणना के साथ ही परिणाम भी झारखंड में बड़ा रोचक रहा। वहीं इस पूरे चुनाव की मतगणना से यह स्पष्ट है कि यह झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार झारखंड में एक बार फिर से पूर्ण बहुमत हासिल कर ली। इस बार केवल पूर्ण बहुमत ही प्राप्त नहीं हुआ है बल्कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपनी इस बार पिछली बार से लगभग अंतर मतों से जीती हुई सीटों में अपनी बढ़त बनाई है। साथ ही उनका वोट प्रतिशत भी बड़ा है। वहीं संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं महासचिव उज्जवल तिवारी ने शानदार वापसी पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को शुभकामनाएं दी हैं। ज्ञातव्य हो कि लोकसभा चुनाव 2024 में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था और उन्होंने 14 लोकसभा में से पांच लोकसभा सीट में जीत दर्ज की थी और तब से अब तक लगातार यह जीत का सिलसिला जारी है। सोचने वाली बात यह है कि जब पूरे देश में लगातार एनडीए सरकार को प्रचंड बहुमत मिल रहा है। वहीं आज ही के दिन जब महाराष्ट्र विधानसभा मतगणना हो रही है, उतनी बड़ी विधानसभा में भी एनडीए को प्रचंड बहुमत प्राप्त हुआ है तो फिर ऐसा क्या है जो झारखंड में एनडीए गठबंधन की सरकार अपने आंकड़े से भी आगे नहीं निकल पाई। जबकि उसने यहां पर कई ऐसे प्रयोग किए, कई राज्यों के अपने मुख्यमंत्री मंत्री को भी कैंपेन के लिए बुलाया, कई केंद्रीय स्तर के नेता कैंपेन कर रहे थे, कई सारे मुद्दे उन्होंने उठाए फिर भी वह कमाल झारखंड में क्यों नहीं हो सका यह सोचने वाली बात है। इसका श्रेय जहां एक ओर झामुमो के गठबंधन की सरकार की कई जन कल्याणकारी एवं जन सरोकार की नीतियों को जाता है तो वहीं उसका एक बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा सरकारी कर्मचारी भी रहे हैं। झारखंड सरकार ने पिछली विधानसभा में पुरानी पेंशन बहाली का वादा किया था, जिसे उन्होंने वर्ष 2022 में निभा दिया और जिसके कारण कर्मचारियों के हृदय में उनके प्रति अपार आभार रहा, इसके साथ ही इस बार के चुनाव में भी कर्मचारियों के कई अहम मुद्दों को समूहों ने अपने मेनिफेस्टो में जगह दी जैसे कि शिक्षकों के एमएसीपी, जनसेवकों के कार्य दशा में सुधार, लिपिकों की समान नियमावली और कई प्रकार के मुद्दे.वहीं इस संबंध में झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंड एंप्लॉय फेडरेशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार राय तथा डॉक्टर शिवानंद काशी ने बताया कि हेमंत सरकार ने कर्मचारियों के कई जटिल मुद्दों का समाधान संवाद एवं समन्वय के माध्यम से निकाला है, ओल्ड पेंशन स्कीम, कैशलेस मेडिकल, चाइल्ड केयर लीव जैसी कर्मचारियों के कई बड़ी मांग पूरी हो चुकी है वहीं सत्ता रुढ दल ने अपने घोषणा पत्र में भी शिक्षक संवर्ग को टअउढ सहित कई महत्वपूर्ण मांग को जगह दिया है ।यह दर्शाता है कि वर्तमान सरकार कर्मचारियों के मुद्दों को लेकर गंभीर है कर्मचारियों ने भी इस चुनाव में अपने मुद्दे पर वोट किया है जो पोस्टल बैलेट के परिणाम से स्पष्ट दिखाई पड़ता है।

## भाजपा नेताओं ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को किया याद

**देवघर (नव प्रदेश संवाददाता)।** संविधान दिवस के अवसर पर स्टेशन रोड भाजपा कार्यालय में जिला के प्रमुख नेताओं ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और संविधान की प्रति को नतमस्तक होते हुए संविधान की अनुपालना करने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला महामंत्री संतोष उपाध्याय ने कहा कि बाबा साहब भारत के संविधान के मुख्य शिल्पी रहे हैं। भारत के संविधान में सभी भारतवासियों के लिए अधिकार और कर्तव्यों का संपूर्ण समावेश है। सभी जाति, पंथ, सम्प्रदाय के लिए श्रद्धा व समान भाव का अधिकार है और इसी संविधान के आधार पर भारत देश लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ रहा है। मौके पर जिला महामंत्री अधीर चंद्र भैया ने कहा कि कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता देश में घूम-घूमकर देश को जातियों में बांटने का षड़यंत्र कर रहे हैं। जिन्होंने 60 साल के कांग्रेस राज में संविधान की धज्जियां उड़ाईं, बाबा साहब के संविधान में 70 बार परिवर्तन किया, वोटों के लालच में सांप्रदायिक भावनाएं भड़काईं, अब वो जातियों का विष फैलाकर वोटों की राजनीति कर रहे हैं। वो कांग्रेस जिसने देश में लोकतंत्र की हत्या की, आपातकाल लगाकर लाखों लोगों को जेल की काल कोठरी के पीछे डाल दिया, वो आज संविधान की दुहाई दे रहे हैं।

## तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान

नव प्रदेश संवाददाता

**देवघर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत सिविल सर्जन, देवघर डॉ युगल किशोर चौधरी एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह एनसीडी नोडल पदाधिकारी, डॉ मनोज गुप्ता के निदेर्शानुसार मंगलवार को राजकीयकृत कल्याण +2 विद्यालय, चुल्हिया, मोहनपुर, देवघर में तंबाकू निषेध पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस खतरनाक आदत से दूर रखना है। इस कार्यक्रम में बच्चो को तम्बाकू से होने वाले बीमारियों जैसे कैंसर, अस्थमा, लकवा, श्वास संबधित बीमारी के बारे में चर्चा की गयी तथा इससे होने वाले आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभाव के बारे मे भी बताया गया। विद्यालयों के अंदर और बाहर दोनों स्थानों पर साकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए का प्रयास किया गया साथ ही साथ कोटपा 2003 अधिनियम से संबंधित प्रावधनों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमे बताया गया कि तंबाकू नियंत्रण अधिनियम कोटपा-2003 के मुख्यतः चार धाराओं के बारे में बिस्तर से बताया गया। सर्व प्रथम धारा 4 के बारे में बताया गया कि तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 4 के अनुसार किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित है तथा इसके उल्लंघन करने पर 200 तक का जुर्माना वसूला जा सकता है। धारा 5 में तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 5 के अनुसार किसी भी तंबाकू उत्पादकों के प्रत्यक्ष एवं प्रत्यक्ष विज्ञापन प्रोत्साहन एवं तंबाकू कंपनियों द्वारा किसी इवेंट का प्रयोजन करना अथवा स्पॉन्सरशिप करना प्रतिबंध है। इसके उल्लंघन करने पर 1000 तक का जुर्माना अथवा 2 साल तक का कारावास अथवा दोनों हो सकता है। धारा 6 ए तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 6 ए के अनुसार किसी भी अवयस्क या बच्चों को तंबाकू उत्पादन बेचना या उसके द्वारा बेचवाना प्रतिबंध है। इसके लिए उल्लंघन करता को 200 तक का जुर्माना लिया जा सकता है। तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 6 बी के अनुसार किसी भी शिक्षण संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादन बेचना अपराध है तथा उल्लंघन करता के द्वारा 200 तक का जुर्माना वसूला जा सकता है। तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 7 के अनुसार किसी भी तंबाकू उत्पादकों के पैकेट के मुख्य भागों पर 85% हिस्से पर चित्रित स्वास्थ्य चेतावनी के बिना नहीं बचा जा सकता है तथा ऐसे उल्लंघन करने पर 5000 तक का जुमार्ना तथा 2 वर्ष तक का कारावास या दोनों हो सकता है। स्कूली बच्चों को तंबाकू दुष्परिणाम के बारे में बड़े ही रोचक तरीके से समझाया गया। साथ ही बच्चों के बीच तम्बाकू निषेध पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई, जिसमे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे अर्चना कुमारी, सोनी कुमारी, चांदनी कुमारी एव अन्य पांच को एनसीडी कोषांग देवघर द्वारा पुरष्कृत किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस कार्यक्रम का किया आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

**देवघर।** रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस कार्यक्रम 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्राचार्या डॉ सुचिता कुमारी सहित शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी निमिषा रिचर्ड होरो के विषय परिचय के साथ हुआ। इस विषय पर व्याख्यान के लिये मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ पीसी दास ने कहा की संविधान देश का सर्वोच्च लिखित कानून होता है जो देश के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को नियंत्रित करता है। साथ ही नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों का बोध कराता है और सरकार की संरचना, कार्यप्रणाली और अधिकारों का निर्धारण करता है और विधि के शासन की स्थापना करता है।

प्राध्यापक डॉ किसलय सिन्हा ने सविधान दिवस की प्रसंगिकता और उसके विकास से छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के लोग भारत के लोकतंत्र के इतिहास और भारतीय राजनितिक व्यवस्था को जानने के लिये सविधान को आत्मसात करें। संविधान के उद्देश्यों पर ही चलकर हम एक मजबूत लोकतंत्र की ओर अग्रसर हो सकते हैं। हमने अनेक चुनौतियों का सामना कर आज लोकतंत्र के इस मजबूत स्वरूप को प्राप्त किया है। अध्यक्षीय भाषण देते हुये प्राचार्या डॉ सुचिता कुमारी ने कहा कि संविधान में दी गई अधिकार और कर्तव्य का पालन कर ही हम एक आदर्श नागरिक बन सकते है। संविधान हमें यह बताता है की देश के प्रति, समाज के प्रति हमारी क्या जबाबदेही है। इस कार्यक्रम अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके निर्णायक डॉ किसलय सिन्हा और डॉ सीमा सिंह थीं। भाषण प्रतियोगिता में रानी मेघा प्रथम,ज्योतिका रावत को द्वितीय और मुस्कान तथा प्रिया भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त की! क्विज प्रतियोगिता जिसके निर्णायक डॉ पीसी दास और ममता कुजूर थे। इस प्रतियोगिता में ग्रुप ख प्रथम, ग्रुप ग द्वितीय और ग्रुप अ को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## एक नजर

### गांडेय प्रखंड के विभिन्न सरकारी संस्थानों में दिलायी गयी संविधान की शपथ



**गांडेय, गिरिडीह (नव प्रदेश संवाददाता)।** गांडेय प्रखंड के विभिन्न सरकारी संस्थानों में संविधान दिवस दिवस मनायी गयी। इस दौरान गांडेय प्रखंड परिसर में अंचल अधिकारी मोहमद हुसैन के अगुवाई में संविधान दिवस मनाई गई और संविधान की याद दिलाते हुए संविधान के प्रति शपथ ली गई। अंचल अधिकारी मोहम्मद हुसैन ने कहा संविधान दिवस के अवसर पर गांडेय प्रखंड के विभिन्न सरकारी संस्थानों में संविधान दिवस के प्रति शपथ ली। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1949 ई. को संविधान बनकर तैयार हुआ था। संविधान बनाने में दो वर्ष ग्यारह माह अठारह दिन लगा था। भारत के लोग एक संपूर्ण प्रभुत्व, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय विचार और राष्ट्रीय की एकता को बनाने वाली संविधान को लेकर संविधान दिवस मनाया जाता है। मौके पर बीपीओ मनीषा मुर्मू, प्रवीण कुमार, चंदन कुमार, सुजल कुमार, बिरेंद्र पाण्डेय सहित दर्जनों प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### शटर काटकर दो दुकानों में चोरी की घटना को दिया अंजाम, लोगों में दहशत का माहौल



**बेंगाबाद (नव प्रदेश संवाददाता)।** बीती रात बेंगाबाद थाना क्षेत्र के ओझाडीह मोड़ स्थित दो दुकानों में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया गया कि ओझाडीह मोड़ में अमन स्टूडियो और मां लक्ष्मी ज्वेलर्स दुकान का शटर काटकर चोरों ने लाखों की संपति चोरी करने में सफल रहे। ओझाडीह मोड़ स्थित महंत कुमार राणा का अमन स्टूडियो और स्टूडियो से सटा हुआ धीरज कुमार स्वर्णकार का मां लक्ष्मी ज्वेलर्स एवं बर्तन दुकान है। इनके द्वारा बताया गया कि रोज की तरह हमलोग अपनी-अपनी दुकान को बंद कर रात के करीब 8 बजे घर सोने चले गए। रात्रि करीब 2 बजे को सूचना मिली कि दुकान में चोरी हो गया है। सूचना पाकर हम दुकान के पास पहुंचे तो देखे कि दुकान का सटर टूटा हुआ है। दुकान के अंदर जाकर सामानों का मिलान किया तो पता चला कि मेरे दुकान में रखा हुआ एक एचपी कंपनी का लैपटोप कीमत 35 हजार, दो फिंगर प्रिन्ट डिवाइस एवं 10,000/- (दस हजार) रुपया नगद चोरी हो गया है। बताया कि इसी दुकान में मेरा बैंक ऑफ बड़ौदा का बीसी भी चलाते हैं। इसी बीच धीरज कुमार स्वर्णकार ने अपना दुकान का भी शटर टूटा हुआ देखकर समान का मिलान किया तो बताया कि उसके दुकान से भी कांसा का बर्तन, चांदी के जेवर जिसका कुल कीमत करीब 35 हजार रुपया एवं 5 पांच हजार रुपया नगद चोरी हो गया है।

### मंजू कुमारी ने निकाली आभार यात्रा

**जमुआ, गिरिडीह (नव प्रदेश संवाददाता)।** जमुआ विधान सभा क्षेत्र भाजपा विधायक मंजू कुमारी ने मंगलवार विधान सभा में अपनी बड़ी जीत के बाद आभार यात्रा निकाली। यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। भाजपाई कार्यकर्ताओं ने रंग-गुलाल तथा आतिशबाजी से यात्रा को उत्साहित बना दिया। खुले जीप में सवार होकर कार्यकर्ता खुशी से असहज दिख रहे थे। सभी जगह लोगों ने भाजपा विधायक मंजू का भव्य स्वागत किया। यह यात्रा चितरडीह, नावाडीह, डोमन, पहाड़ी चुंगलो, ताराधुरगड़, झारखंडी पिंडर सोत, कठवारारेबा, कोद, मबरी, हीरोडीह सहित कई जगहों पर गई जहां लोगों से संवाद कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान संबोधन में कहा कि भाजपा की नीति और सिद्धांत पर चलकर पर मै जनता की सेवा करूंगी। कहा भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में विकास की गाथा लिख दी है, वह भुलाया नहीं जा सकता है। जनता ने झारखंड में भाजपा को जो जनादेश देने का काम किया है, वह सराहनीय है। भाजपा की सरकार नहीं बनने की कहां चूक हुई है, वह समीक्षा की जा रही है। आभार यात्रा में मंडल अध्यक्ष गंगाधर वर्मा, राजेश वर्मा, किशोरी वर्मा, दशरथ महतो, नागेश्वर सिंह, संजय पंडित, आशुतोष कुशवाहा, राजेंद्र मंडल, गोविंद मंडल, विकाश मंडल, राम कृष्ण महतो, सच्चिदा नंद राय, राकेश वर्मा, राजेंद्र पंडित, राजू वर्मा, महेंद्र वर्मा, राजेंद्र राय, अशोक सिंह, राजेश तूरी, विवेक वर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

### प्रखंड विद्यालय नेतृत्व अकादमी का गठन शिक्षा सुधार की ओर बड़ा कदम

**मधुपुर (नव प्रदेश संवादाता)।** करौं प्रखंड संसाधन केंद्र में झारखंड शिक्षा परियोजना रांची के निदेर्शानुसार एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद कुमार तिवारी ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड विद्यालय नेतृत्व अकादमी का गठन करना था ताकि विद्यालयों की मॉनिटरिंग कर शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाया जा सके।बैठक में प्रखंड के अंतर्गत आने वाले पांच उच्च विद्यालयों के शिक्षकों के साथ विस्तृत चर्चा हुई। इसके बाद पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। इसमें बसकूपी उत्क्रमित उच्च विद्यालय की प्रभारी इंदु कुमारी, करौं रानी मंदाकिनी उच्च विद्यालय के प्रभारी उदय शंकर पाठक, अश्विनी कुमार और दिनेश राय को शामिल किया गया। हालांकि प्रखंड साधन सेवी का पद रिक्त होने के कारण कमेटी में केवल चार सदस्य ही नियुक्त किए गए। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तिवारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिक्षक विद्यालय अवधि सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक किसी भी सूरत में विद्यालय नहीं छोड़ेंगे। इस दौरान शिक्षकों को पठन-पाठन का कार्य पूरी निष्ठा से करना होगा। बिना कार्य के प्रखंड मुख्यालय आना सख्त मना है, और कोताही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि गठित टीम उन विद्यालयों का दौरा करेगी, जहां शिक्षा व्यवस्था लचर है और सुधार लाने का कार्य करेगी। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संदीप कुमार मोदी ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लाने के लिए सभी शिक्षकों को सजग रहना होगा।

### विभागीय आदेश की अनदेखी पर दो शिक्षकों का वेतन तत्काल प्रभाव से बंद

**मधुपुर (नव प्रदेश संवादाता)।** करौं प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय डहुआ के प्रधानाध्यापक शिवलाल हेंब्रम और सहायक शिक्षक नारायण दास पर बड़ी कार्रवाई की गई है। विभागीय आदेश की अनदेखी, निरीक्षण में मिली गंभीर खामियों और मांगे गए स्पष्टीकरण का जवाब नहीं देने के कारण प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद कुमार तिवारी ने दोनों शिक्षकों का वेतन अगले आदेश तक बंद करने का निर्देश दिया है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि दोनों शिक्षकों को 24 घंटे के भीतर प्रखंड संसाधन केंद्र में जवाब देना होगा। लापरवाही और आदेश की अवहेलना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि 4 नवंबर को विभागीय अधिकारियों ने विद्यालय का निरीक्षण किया था। जांच में कई गंभीर खामियां पाई गईं। सहायक शिक्षक नारायण दास पठन-पाठन छोड़कर एक ग्रामीण से बातचीत में व्यस्त थे। विद्यालय में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं था, मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था ठप पड़ी थी और पाठ योजना पर कोई कार्य नहीं हो रहा था।

# संविधान दिवस पर न्यायाधीशों, वकीलों ने ली संविधान की शपथ
## संविधान के प्रति निष्ठा रखना हम सब का कर्तव्यः प्रधान जिला जज

नवप्रदेश संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय संविधान की शक्ति उसके उद्देश्य उसमे वर्णित सामाजिक, आर्थिक न्याय की परिकल्पना समझने का इससे अच्छा अवसर कोई नहीं हो सकता ऐसे तो हम रोज संविधान के प्रावधानों के तहत ही काम करते हैं परंतु वर्ष में एक दिन ऐसा भी होता है जिसमें हम अपने संविधान के प्रति निष्ठा प्रकट करने के लिए एक जगह एकत्रित होते इसी कारण आज हम लोगों ने संविधान की शपथ ली है और उसके प्रस्तावना को पढा है उक्त बातें मंगलवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने संविधान दिवस के मौके पर

आयोजित कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में धनबाद के तमाम न्यायिक पदाधिकारी,विधिक स्वयंसेवक,सिविल कोर्ट कर्मचारी, बार एसोसिएशन के अधिवक्ता और उपस्थित अधिकारियों ने संविधान के प्रस्तावना को न्यायाधीशों के संग पढा और संविधान में अपनी निष्ठा प्रकट की। न्यायाधीश श्री तिवारी ने सभी से संविधान के प्रावधानों के अनुरूप कार्य करने की अपील की।वहीं बार एसोसिएशन में भी अधिवक्ताओं ने संविधान की शपथ ली और प्रस्तावना को पढा। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने कहा कि संविधान दिवस के अवसर विभिन्न स्कूलों मे जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है जिसके तहत स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग आयोजित की जाएगी जिसमें बच्चे मौलिक अधिकारों के संबंध में अपने विचार व्यक्त करेंगे। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश टी हसन, लेबर जज प्रेमलता त्रिपाठी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक, स्वयंभू, एसएन मिश्रा, प्रभाकर सिंह, पारस कुमार सिन्हा, संजय कुमार सिंह कुलदीप मान, राकेश कुमार, नीरज कुमार विश्वकर्मा, साकेत कुमार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, अवर न्यायाधीश निताशा बारला, एस ए नायर, ऐंजोलिना जोन, सत्यभामा, एम जेड तारा, सिविल जज श्वेता कुमारी ,निर्भय प्रकाश, संतोषनी मुर्मू, रजिस्ट्रार आई जेड खान, धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय, महासचिव जितेंद्र कुमार समेत एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल नीरज गोयल, शैलेन्द्र झा, स्वाति कुमारी, मुस्कान चोपड़ा डालसा के पैनल अधिवक्ता पैरा लीगल वॉलिंटियर राजेश कुमार सिंह, डिपेंटी कुमारी गुप्ता, हेमराज चौहान, बसंत द्विवेदी, किशोर रविदास, पंकज वर्मा, अरविंद प्रसाद अनामिका सिंह, गीता कुमारी, प्रदीप रवानी, ओम प्रकाश दास, चंदन कुमार, सिविल कोर्ट कर्मचारी मनोज कुमार, सौरव सरकार, अरुण कुमार, संतोष कुमार,अनुराग पांडे, शमशेर आलम महबूब आलम, विनय राणा, सुदीप कुमार, नाजिर अनिल कुमार, अमित तिर्की, संजय रक्षित, सतिश कुमार, कुमार अरविंद, अनूप सहाय, शाकिब, रणधीर कुमार, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## टोल प्लाजा के टेंडर की सूचना पर स्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक प्रत्याशी कृष्णा यादव

**नवप्रदेश (विजय कुमार) चंदवारा।** प्रखंड स्थित मंदनगुंडी टोल प्लाजा का टेंडर जारी होने की जानकारी मिलते ही बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी कृष्णा यादव ने टोल कंपनी के मैनेजर से मुलाकात करने की कोशिश की। उन्होंने स्थानीय लोगों, पूरे कोडरमा जिला एवं खासकर बरही चौपारण क्षेत्र के निवासियों के लिए टोल प्लाजा पर फोर व्हीलर वाहनों को छूट देने और स्थानीय नौजवानों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने का पुरजोर प्रयास है। हालांकि, कंपनी के किसी प्रतिनिधि से उनकी मुलाकात नहीं हो पाई। कृष्णा यादव ने इस मौके पर क्षेत्रवासियों को संदेश देते हुए कहा कि मंदनगुंडी टोल प्लाजा जल्द ही चालू होगा, और सभी स्थानीय लोग एकजुट होकर इस मुद्दे पर संघर्ष करेंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे इस मामले में एकजुट होकर अपनी मांगों के लिए आवाज उठाएं।

## अमृत सरोवरों पर मना 75वां संविधान दिवस

**नवप्रदेश/कोडरमा।** कोडरमा जिला अंतर्गत नव निर्मित सभी अमृत सरोवरों पर 26 नवंबर 2024 को 75 वें संविधान दिवस के अवसर पर भारत के संविधान के उद्देशिका/प्रस्तावना को पढ़ा गया, शपथ लिया गया तथा संविधान को सर्वोपरी बनाए रखने, एकता और अखंडता का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर कई अन्य कार्यक्रम, खेल कूद, चर्चा परिचर्चा, एवं स्पर्धा का आयोजन किया गया। चर्चा परिचर्चा के दौरान विश्व के सबसे बड़े और लिखित संविधान के निमार्ताओं को याद किया गया तथा उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर पंचायतों के आम ग्रामीण जनता, गणमान्य, बुद्धिजीवी, सेवा निवृत फौजी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सरकारी कर्मी एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### संविधान दिवस पर पदाधिकारियों व कर्मियों को दिलायी गई शपथ

**नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा।** भारतीय संविधान दिवस (26 नवंबर 2024) के मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा दिन मंगलवार को समाहरणालय सभागार में सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को भारत देश को संपूर्ण प्रभुत्व- संपन्न समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा देश के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ दिलायी गई। यह शपथ कार्यक्रम जिला व प्रखंड के अन्य कार्यालय में भी आयोजित किया गया।

## सिविल सर्जन सभागार कोडरमा में एक दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यशाला आयोजित

**नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा।** जिले के सभी प्रखण्ड़ों के चिकित्सा पदाधिकारियों का एक दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम से संबंधित कार्यशाला सिविल सर्जन सभागार कोडरमा में आयोजित की गई। उक्त कार्यशाला में डॉ अनिल कुमार सिविल सर्जन कोडरमा के साथ-साथ डॉ रमण कुमार जिला यक्ष्मा पदाधिकरी, डॉ मनोज कुमार उपाधीक्षक सदर अस्पताल कोडरमा मौजूद रहे। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक राज्य यक्ष्मा विभाग, झारखण्ड, रॉची से डॉ अरूतसेल्वीन राजेन्द्रीयान, यक्ष्मा चिकित्सा सलाहकार द्वारा यक्ष्मा से संबंधित मोडूलर का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यक्ष्मा रोग के लक्षण, जॉच एवं उपचार की जानकारी दिया जाना है। डॉ अनिल कुमार सिविल सर्जन कोडरमा द्वारा निर्देश दिया।

## भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला द्वारा संविधान दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन

**नव प्रदेश संवाददाता/झुमरी तिलैया।** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला द्वारा संविधान दिवस पर एक संगोष्ठी जिला अध्यक्ष अनुप जोशी के आवासीय कार्यालय में रखी गई। बैठक कि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनुप जोशी तथा संचालन महामंत्री शिवेन्द्र नारायण सिन्हा ने किया। जिला अध्यक्ष अनुप जोशी ने कहा कि सविंधान निर्माण के 75 वें वर्ष में हम सभी भारत के संविधान का सम्मान करते हुए देश वसियों से अपील करते हैं कि सविंधान हमें मौलिक अधिकार देता है कि हम अपने मत से ही सरकार बनाते हैं और देश चलाने का अधिकार देते है सविंधान कि सुन्दरता है कि जनता के हित के लिये संविधान परिवर्तन भी लोकतंत्र के अनुसार विधायिका के माध्यम से बदल सकते हैं। सविंधान हमें समता का अधिकार देता है नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि संविधान में हमें आरक्षण, समानता और न्याय का अधिकार दिलाता है न्याय,और दण्ड प्रक्रिया भी संविधान के तहत ही चलती हैं। बीरेन्द्र सिंह ने कहा लोकतंत्र के तहत हम अपने मत से ही सरकार बनाते है और समाज का प्रतिनिधित्व भी लोकतंत्रों के अनुसार कर ही विकाश होता है।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भारतीय संविधान दिवस मनाया गया

**नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 75वां संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मृदुला भगत एवं सभी सहायक प्राध्यापक सहित प्रशिक्षुओं द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया तत्पश्चात *महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने अपने संबोधन में संविधान के विविध प्रावधानों एवं अनुच्छेदों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया। उन्होंने कहा कि किसी राष्ट्र को सशक्त बनाने में संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हम सभी को अपने संविधान पर गर्व है।

# प्रखंड स्तरीय बैंकर समिति की बैठक हुई संपन्न

### पीएम जन धन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने का बीडीओ ने दिया निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

**मरकच्चो।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय बैंकर समिति की बैठक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलाश महतो की अध्यक्षता में की गई, जहां विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे वित्तीय समावेश, ऋण एवं बीमा से संबंधित योजनाओं का समीक्षा की गई। वहीं वित्त मंत्रालय भारत सरकार के अनुसार दिनांक 15. 10. 2024 से दिनांक 15. 01. 2025 तक मरकच्चो प्रखंड के सभी पंचायतो में विशेष शिविर का आयोजन कर जन सुरक्षा योजना जैसे प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना मे ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश प्राप्त रहने की बातें बीडीओ द्वारा बतलाई गई। इस संदर्भ में मरकच्चो बीडीओ द्वारा सभी शाखा प्रबंधक और बी.सी को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे PMFME, PMEGP मे ज्यादा से ज्यादा आवेदनों को स्वीकृत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में किसानों को केसीसी लोन देने के लिए त्वरित कार्यवाही करने, सभी किसानों को केसीसी उपलब्ध कराने को कहा गया। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक निवाश कुमार, सभी बैंक शाखा प्रबंधक श्याम गगराई, शुशील कुमार, संजीव कुमार, मनीष भारती, पंकज कुमार, शैलेश हंस, जेएसएलपीएस के बीपीएम नंदकिशोर प्रसाद, आकांक्षी प्रखंड मित्र अंकित कुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक उद्योग विभाग लेखराज कुमार, अरविंद कुमार एवं संतोष कुमार मिश्रा समेत कईलोग शामिल थे।

## संविधान दिवस पर बसपा ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**निरसा (धनबाद):** संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में निरसा पीठाकीयारी अंबेडकर मैदान स्थित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर अपने साथियों के साथ बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,जोन प्रभारी सुबल दास ने माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि आज के ही दिन सन 1949 को भारतीय संविधान अंगीकृत किया गया था। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जिस सपना और उद्देश्य के तहत संविधान का निर्माण किया, आज वह अधूरा है। मौके पर संविधान का प्रस्तावना का पाठ यहां सामूहिक रूप से किया गया। श्री दास ने आगे कहा कि भारतीय

संविधान को अक्षरतः लागू करके ही देश का चौहुमुखी विकास होगा और भारत पुनः सोने का चिड़िया बनेगा।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अभय कुमार, निरसा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रंजीत बाउरी, जिला प्रभारी सुनील कुमार रविदास, जिला महासचिव मनोज दास, पूर्व जिला अध्यक्ष बाबूराम माझी, विधानसभा अध्यक्ष खोकेन बाउरी, अजय बाउरी, चीकू मुर्मू, रणजीत राम, नरेश दास, रमेश दास, मनोज बाउड़ी, विनोद धीवर आदि उपस्थित हुए।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में अधिकारियों ने किया संविधान की प्रस्तावना का वाचन

**नवप्रदेश/धनबाद।** संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में वरीय पदाधिकारियों एवं समाहरणालय के कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान सभा ने जिस परिकल्पना के साथ संविधान के निर्माण में अपना योगदान दिया है उसके मूल मंत्र को अपनाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। संविधान के मूल उद्देश्यों का बार-बार पठन करने से ही उसके मूल मंत्र

का हम अपने व्यवहार एवं दिनचर्या में पालन कर सकेंगे। हम सबको मिलकर अपने मौलिक दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लेना है। साथ ही हमारे संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करना है।

मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श पीयूष सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद सहित विभिन्न विभागों के प्रधान सहायक व कर्मी उपस्थित थे।

### संविधान दिवस पर आयोजित पदयात्रा में शामिल हुए विधायक राज सिन्हा

**नवप्रदेश/धनबादः** मंगलवार को भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाती मोर्चा धनबाद महानगर द्वारा पदयात्रा आयोजित किया गया। पदयात्रा में शामिल विधायक राज सिन्हा ने सभी देशवासियों को भारतीय संविधान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## करंट से दो बच्चे घायल

**नवप्रदेश/कोडरमाः** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत जानपुर में करंट की चपेट में आने से दो बच्चे झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिसका इलाज कोडरमा सदर अस्पताल में किया जा रहा है. बताया जाता है कि घटना में सुधीर सिंह उम्र 11 वर्ष पिता उमेश सिंह, रामु सिंह उम्र 9 वर्ष पिता मघे सिंह ग्राम जानपुर थाना डोमचांच के रूप में की गई है.

### मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में संगठनों द्वारा गेट मीटिंग का आयोजन

## चार, पांच व छह दिसंबर को रेल में होने वाले यूनियन के मान्यता के चुनाव में अपने मतों का प्रयोग करने का आह्वान

**नवप्रदेश/धनबादः** मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय धनबाद परिसर में पूर्व मध्य रेल मजदूर संघ,ऑल इंडिया एससी-एसटी रेलवे इंप्लाइज एसोसिएशन, ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन एवं ऑल इंडिया रेलवे इंजीनियरर्स फेडरेशन के धनबाद मंडल के संगठनों की तरफ से एक संयुक्त गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग के माध्यम से रेल कर्मचारियों को रेल के हित, राष्ट्र हित और रेल कर्मचारी के हित को ध्यान में रखकर आगामी चार पांच व छह दिसंबर को रेल में होने वाले यूनियन के मान्यता के चुनाव में अपने मतों का प्रयोग करने के लिए आह्वान किया गया तथा

रेल कर्मियों के प्रमुख मुद्दे जैसे ओल्ड पेंशन स्कीम,आठवें वेतन आयोग का गठन, एलडीसीई ओपन टू ऑल,बोनस की गणना न्यूनतम 18 000/- के बेसिक पर,रनिंग कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण,टी टी ई समवर्ग को रनिंग कर्मचारी का दर्जा,जेई एवं एसएसई को ग्रुप बी में प्रोन्नति,महिला कर्मचारी को कार्य स्थल पर बेहतर सुविधा आदि मांगों का निराकरण करने की प्रतिबद्धता जताई गई। सभा में मुख्य रूप से फूल कंवर, ए. के. पलीत, वेलमुरूगन, इं आरके सिंह, इं एसके दुबे,इं रेखा कुमारी,इं शंभू कुमार, इं आर महतो,इं बी एन सिंह (बीएमएस) जिला मंत्री शधर्मजीत चौधरी, अध्यक्ष सुशील उरांव,प्रदेश मंत्री, कार्य समिति सदस्य रमेश चौबे,सीएमपीएफ के महामंत्री चंद्र भूषण प्रसाद,अशोक राय तथा रेल प्रभारी सह प्रदेश मंत्री प्रभात रंजन, बबलू सिंह, गौतम कुमार, शिव कुमार प्रसाद ,सुजीत कुमार, संजय कुमार रावत के साथ सैकड़े की संख्या में रेल कर्मी शामिल हुए। सभी ने एकमत से आगामी यूनियन के मान्यता के चुनाव में परिवर्तन का संकल्प लेते हुए पूर्व मध्य रेल मजदूर संघ को विजय दिलाने की प्रतिबद्धता जताई।

## विश्वविद्यालय ( बीबीएमकेयू ) में एनएसयूआई ने मनाया संविधान दिवस मनाया

**नवप्रदेश/धनबादः** मंगलवार 26 नवंबर को एनएसयूआई के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर एनएसयूआई विश्वविद्यालय के राज रंजन सिंह भारत के संविधान निमार्ता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विशेष योगदान के बारे में बताया एवं संविधान की प्रस्तावना को विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच रखकर उसकी महत्वता को बताई गई,साथ ही ये बताया कि वर्तमान में भारतीय संविधान में कुल 395 अनुच्छेद 25 भाग और 12 अनुसूचियां हैं। भारतीय संविधान में विभिन्न राजनीतिक दर्शन, नागरिकों के मूल अधिकार, नागरिकों के मूल कर्तव्य के अलावा विधायिका,कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का विभाजन इत्यादि अनेक प्रावधानों को शामिल किया गया है। मौके पर मौजूद विश्वविद्यालय के राज रंजन सिंह, जयप्रकाश यादव, सौरव कुमार रॉय, प्रियंका कुमारी, वहीदा रहमान, अपर्णा गोस्वामी, अब्दुल शेख, शिवम कुमार, आदि लोग मौजूद थे।

### धनबाद लोको सेड में हुई ईसीआरकेयू की जनसभा

## झंडा छाप में मुहर लगा कर ईसीआरकेयू को भारी मतों से विजय बनाने की अपील



**नवप्रदेश/धनबाद।** ईसीआरकेयू मंगलवार को सुबह जनसंपर्क अभियान के तहत धनबाद लोको शेड पहुचे जहाँ एक जनसभा किये। जहाँ उपस्थित ईसीआरकेयू के बख्ता एन के खवास,टी के साहू,आर के सिंह और आर के लकड़ा ने झंडा छाप पर मोहर लगाकर ईसीआरकेयू को भारी मतों से विजय बनाने के लिए अपील की क्योंकि आठवां वेतन आयोग का गठन और ओ पी एस को पूर्ण रूप से लागू किया जा सके। साथ ही साथ बक्ताओ ने आईआरएफ और ईसीआरकेयू के उपलब्धियां को रेल कर्मचारियों को सामने रखें और कहा कि ईसीआरकेयू हमेशा आप लोग के साथ है और साथ ही रहेगा। इस गेट मीटिंग में एन के खवास, टी के साहू,आर के सिंह,आर के लकड़ा के अलावे परमेश्वर कुमार, तपन बिस्वास, एस के गुरुंग, नीलम कुमारी, अनु रंजन, मो इकबाल, जफर सिद्दीकी, मृग भूषण सिंह, एम के तिवारी, एस के मण्डल, रवि रौशन कुमार,कैलाश महतो, सुशील किस्कू, मिथिलेश कुमार दस, अशोक कुमार महतो, सुदर्शन कुमार महतो, शिव जी प्रसाद, चंद्रशेखर रवानी, रविन्द्र रवानी, रंजीत कुमार, राजीव सिंह, प्रशांत बनर्जी, सी.एस. प्रसाद, इजहार आलम, विमान मंडल, दिलीप कुमार, सुरेन्द्र कुमार चौहान, अमरजीत यादव, नागेन्द्र कुमार सिंह, शनि कुमार, मुकेश कुमार उपस्थित थे।

## पिंटू कुमार सिंह के नेतृत्व में जदयू के प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्वाचित विधायक रागिनी सिंह को दी बधाई

**नवप्रदेश/धनबादः** मंगलवार को झरिया विधानसभा क्षेत्र से एन.डी.ए गठबंधन के झरिया प्रत्याशी रागिनी सिंह के धमाकेदार जीत को लेकर जदयू पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष पिंटु कुमार सिंह के नेतृत्व में धनबाद स्थित उनके सिंह मेंशन आवास पर जाकर बधाई दी। उक्त मौके पर ओ.बी.सी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, प्रदेश सचिव राजू सिंह, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रूपेश पासवान, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष बबलू मोदक आदि ने बधाई दी।

## एशियन हॉस्पिटल में नगर आयुक्त ने किया छह डायलिसिस मशीनों का उद्घाटन

**नवप्रदेश/धनबादः** मंगलवार को एशियन जालान सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायलिसिस यूनिट में छह और डायलिसिस मशीनों का उद्घाटन नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने किया। इस अवसर पर उपस्थित नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने कहा शहर के हृदय स्थल सिटी सेंटर के समीप एशियन हॉस्पिटल डायलिसिस यूनिट में छह डायलिसिस मशीनों की वृद्धि हो जाने से डायलिसिस के लिए इंतजारत मरीजों को काफी सुविधा होगी। और नजदीक होने के कारण उनके समय का बचत भी होगा।कहा की विभिन्न विभागों के मरीजों की सेवा में चौबीसों घंटे कार्यरत एशियन हॉस्पिटल को किडनी के मरीजों को अस्पताल में इस सुविधा के वृद्धि के लिए एशियन अस्पताल प्रबंधन की प्रशंसा करता हूं। उद्घाटन के अवसर पर एशियन हॉस्पिटल के डायरेक्टर अनुपम पांडे ने बताया की हॉस्पिटल में पहले से तेरह डायलिसिस मशीने कार्यरत थी। आज डायलिसिस यूनिट में छह डायलिसिस मशीनों की एक्सटेंशन (विस्तार) प्रबंधन ने किडनी के मरीजों की डायलिसिस करवाने की परेशानियों को देखते हुए किया है। पहले हर महीने तेरह डायलिसिस मशीनों से, दस ओपीडी में और दो क्रिटिकल केसेस के लिए प्रयुक्त मशीनों से एक हजार मरीजों का डायलिसिस होता था अब और छह डायलिसिस मशीनों के लगने से अब कूल इक्कीस डायलिसिस मशीनों से हर महीने पंद्रह सौ मरीजों का डायलिसिस होगा। एशियान हॉस्पिटल के सेंटर हेड डॉ. सी राजन ने बताया कि एशियन अस्पताल में 4 घंटे की डायलिसिस सेवा में दौरान एशियन हॉस्पिटल के डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मरीजों का विशेष ध्यान रखा जाता है। उद्घाटन के अवसर पर धनबाद नगर आयुक्त रविराज शर्मा, एशियन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर अनुपम पांडे, हॉस्पिटल के सेंटर हेड डॉ. सी. राजन, ट्रस्टी राजीव शर्मा, संजीव अग्रवाल, डॉ.ए.एम. राय, हॉस्पिटल के ग्रुप मार्केटिंग हेड शैलेश झा, अस्पताल के पदाधिकारी मो. ताजुद्दीन समेत अन्य अतिथि, डायलिसिस के मरीज व उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## धनबाद रेल मंडल में मनाया गया संविधान दिवस

**नवप्रदेश/धनबाद।** सोमवार को धनबाद मंडल में ह्यसंविधान दिवसह्य मनाया गया` इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद में मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया` उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित राष्ट्र को लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढ़ाने के लिए संविधान को अंजीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी में मना संविधान दिवस

**नव प्रदेश/धनबादः** मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष श्वेतांबरा पाठक,आजीवन सदस्य लीला मांजी,प्रेम लता, गंगा, उदय,विवेक एवं रेडक्रास के लक्ष्मी नारायण सहित अन्य की मौजूदगी में संविधान की प्रस्तावना का पठन कर अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता को बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

## सतगावां में लगभग 1 लाख की आबादी, नहीं है एक भी एटीएम

**नव प्रदेश संवाददाता/ कोडरमा** जिले के सतगांवा प्रखंड के लोगों के लिए एटीएम आज भी एक सपना बनकर रह गया है। जबकि यहां बैंक ऑफ इंडिया के दो ब्रांच है वहीं झारखंड ग्रामीण बैंक का एक ब्रांच है और लोगों को पैसा निकासी के लिए बैंक में दिनभर का समय लग जाता है क्योंकि तीन ब्रांच रहने के बावजूद बैंकों में प्रतिदिन सैकडों लोगों का भीड़ देखने को मिलती है जिससे आम जनता के अलावा इस भीड़ से बैंक कर्मी भी परेशान हैं। यहाँ सतगावां ब्रांच के समीप एक एटीएम मशीन पिछले 5 वर्षों पूर्व लगाया गया था जो हाथी का दांत साबित हुआ। बैंकों में भीड़ रहने का मुख्य कारण एटीएम है। अगर इस क्षेत्र में एक भी एटीएम मशीन सुचारु रूप से चलता तो बैंकों के भीड़ में काफी कटौती होती और लोगों को पैसे निकासी के लिए घंटों इंतजार नहीं करना पडता। यहां जैप के दो कैंप स्थापित है और यहां के जैप के जवान भी यहां एटीएम मशीन नहीं रहने से काफी रोष व्यक्त किए हैं. और कहा है कि यहां एटीएम मशीन की अतिआवश्यकता है इधर स्थानीय ग्रामीणों ने भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, मगध ग्रामीण बैंक व एटीएम की मांग के लिए गुहार लगाई है मांग करने वालों में सूरज मोदी, रंजीत कुमार, धर्मेंद्र कुमार यादव, दीपक कुमार, बबलू कुमार, राजेंद्र पंडित, अविनाश कुमार, भोला वर्मा, परमेश्वर शर्मा, संतोष तिवारी, दयानंद पंडित, विनोद यादव, मिथिलेश यादव, अविनाश कुमार, मो.सलीम मियाँ, कपिलदेव रविदास, किशोरी साव, सुनीता देवी, अनिता देवी, शोभा देवी, कारी देवी, शकुन्तला देवी, प्रमिला देवी , उषा देवी, मीना देवी, रेखा देवी, बच्ची देवी, सुशीला देवी, ममता देवी, यशोदा देवी, बुधनी देवी, जागेश्वरी देवी, सोमरी देवी, रूखसाना खातून, गजाला प्रवीण, रेशमा खातून, इरशाद आलम आदि का नाम शामिल है। सतगावां की कुल आबादी करीब 1 लाख है लेकिन यहां एक भी एटीएम मशीन नहीं यहां के बैंकों में काफी भीड़ रहती है इसका मुख्य कारण एटीएम का अभाव है एटीएम रहने से बैंकों की भीड़ में कमी आएगी लाभुक राहत की सांस लेंगे पैसे की निकासी व जमा में परेशानी नहीं होगी यहां बासोडीह बाजार व नासरगंज में एटीएम मशीन की अति आवश्यकता है।

# झारखंड के 45 छात्रों की एक टीम उत्तराखंड के सात दिवसीय सांस्कृतिक और शैक्षिक यात्रा पर जाने के लिए तैयार

**नवप्रदेश/धनबादः** झारखंड के विभिन्न जिलों के 45 छात्रों का एक दल 28 नवंबर, 2023 से उत्तराखंड की सात दिवसीय सांस्कृतिक और शैक्षिक यात्रा पर जाने के लिए तैयार है। यह पहल एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत आयोजित युवा संगम (चरण श) का हिस्सा है, जो भारत सरकार की एक पहल है जिसका उद्देश्य राष्ट्र के युवाओं के बीच संपर्क को बढ़ावा देना है।इस यात्रा को आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के स्कोलोमिन क्लब में एक समारोह के दौरान झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा, जहां छात्रों के साथ छह समन्वयक होंगे। इस यात्रा का उद्देश्य प्रतिभागियों को उत्तराखंड का एक अद्भुत अनुभव प्रदान करना है, जिसे देवभूमि या देवताओं की भूमि के रूप में भी जाना जाता है, जो इसके लुभावने परिदृश्य और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करता है।यात्रा कार्यक्रम में भगवानपुर, सिडकुल, हरिद्वार, ऋषिकेश, पतंजलि गांव, कोटद्वार, लैंसडाउन और देहरादून जैसे प्रमुख स्थानों का दौरा शामिल है।आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में मैथेमेटिक्स और कम्प्यूटिंग विभाग के प्रो. संजीव साहू और युवा संगम (चरण 5) के लिए झारखंड राज्य समन्वयक ने कहा टीम 28 नवंबर को ट्रेन से धनबाद से प्रस्थान करेगी, 29 नवंबर को आईआईटी रुड़की पहुंचेगी, जहां वे 30 नवंबर को भगवानपुर और सिडकुल की औद्योगिक यात्रा में भाग लेंगे।1 दिसंबर को, छात्र हरिद्वार और ऋषिकेश के आध्यात्मिक स्थानों का पता लगाएंगे, जिसमें पतंजलि गांव की यात्रा भी शामिल है, जहां वे विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ जुड़ेंगे (SHGs) पतंजलि गांव में एसएचजी सदस्यों को पारंपरिक और हर्बल दवाओं के साथ-साथ योग का प्रशिक्षण दिया जाता है।अगले दिन, 2 दिसंबर को, दल कोटद्वार और लैंसडाउन का दौरा करेगा, जिसमें सिद्धबली मंदिर, भुल्ला ताल, गढ़वाल राइफल्स और तारकेश्वर धाम मंदिर जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण होगा। यह समूह 3 दिसंबर को देहरादून में अपनी यात्रा का समापन करेगा और 4 दिसंबर को धनबाद लौटने से पहले राजभवन, शहास्त्रधारा और रॉबर्स कैंप का दौरा करेगा।

एक पारस्परिक पहल में, उत्तराखंड के छात्रों की एक टीम जनवरी 2025 में धनबाद का दौरा करने वाली है। इस आदान-प्रदान कार्यक्रम का उद्देश्य दोनों राज्यों के युवाओं के बीच सांस्कृतिक समझ और सहयोग को और बढ़ाना है।आईआईटी (आईएसएम) धनबाद को युवा संगम के तहत इस सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम की मेजबानी करने पर गर्व है, जिसमें चयनित प्रतिभागियों में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र शामिल हैं, साथ ही साथ झारखंड के विभिन्न जिलों के एनसीसी, एनएसएस, खेल और कला में शामिल ऑफ-कैंपस युवा शामिल हैं, जिनमें देवघर, दुमका, गोड्डा, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, गुमला, खूंटी, रांची, गढ़वा, पलामू, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला खरसावां

# सीएम नीतीश ने जिला अतिथि गृह व बिहार पशु विज्ञान विवि भवन का किया निरीक्षण

नव प्रदेश संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज जिला अतिथि गृह, पटना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जिला अतिथि गृह के पुराने कमरों को तोड़कर यहां जो 55 कमरे का नया अतिथि गृह भवन बना है, उसके अनुरूप नया निर्माण कराया जाय। अतिथि गृह के इस नये निर्माण से आने वाले अतिथियों को काफी सुविधा होगी। जिला अतिथि गृह के अंदर के रास्तों को भी ठीक कराने का मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया। उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण का भी निर्देश दिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय भवन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने साइट प्लान के माध्यम से निमार्णाधीन कार्यों की प्रगति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय भवन के बचे हुये निर्माण कार्य में तेजी लाकर यथाशीघ्र पूर्ण करायें। इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से शिक्षकों, कर्मियों, पशुपालकों एवं छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की प्रधान सचिव एन विजयलक्ष्मी, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि सहित बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# आईएएस-आईपीएस के नाम पर ठगी करने वाले को पुलिस ने हरियाणा से उठाया

नवप्रदेश संवाददाता

**सारण।** सारण एसपी के नाम पर फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाने वाले युवक को हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक लोगों से पैसे की मांग करता था। युवक की गिरफ्तारी हरियाणा के मेवात से की गई है। बिहार में सारण एसपी के नाम पर फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाने वाले युवक को हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक लोगों से पैसे की मांग करता था। युवक की गिरफ्तारी हरियाणा के मेवात से की गई है। जानकारी के अनुसार 5 अगस्त 2024 को सारण एसपी कुमार आशीष के नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर युवक द्वारा फर्नीचर बेचे जाने के नाम पर लोगों से पैसे की मांग की गई थी।

### हरियाणा का रहनेवाला है साइबर ठग

जिसके बाद पुलिस कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार की है। युवक की पहचान हरियाणा के मेवात जिला के फिरोजपुर झिरका थाना अंतर्गत महू गांव निवासी जाकिर पिता हसन खान के रूप में की गई है। यह जानकारी साइबर डीएसपी अमन ने प्रेसवार्ता कर दी है।

### फेसबुक पर फर्जी अकाउंट बनाकर करता था खेल

साइबर अपराधी एसपी के फर्जी अकाउंट से उनके म्युचुअल फ्रेंड्स को रिक्वेस्ट भेजता था। रिक्वेस्ट भेजने के बाद साजिश के तहत लोगों से पैसे की मांग करता था। इसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने एसपी कुमार आशीष को दी। जिसके बाद एसपी ने कार्रवाई करते हुए साइबर सेल को निर्देशित किया।

### गिरफ़्तारी के लिए चार दिन चला सर्च अभियान

साइबर सेल ने स्पेशल टीम बनाकर गंभीरता से जांच की। जिसके बाद युवक को हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को पकड़ने के लिए सारण पुलिस के पांच लोगों की टीम मेवात में चार दिन तक सर्च अभियान चलाया। पकड़ा गया आरोपी अनपढ़ बताया जा रहा है।

## प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज और उनकी गिरफ्तारी निंदनीय : माले

**नव प्रदेश/भागलपुर।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर मंगलवार को भागलपुर समाहरणालय गेट पर प्रदर्शन कर रहे मजदूरों-किसानों पर भागलपुर एसडीओ और उसके साथ आए पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए लाठी चार्ज और प्रदर्शनकारी नेताओं की गिरफ्तारी की भाकपा-माले ने तीखी निंदा की है। भाकपा-माले के नगर प्रभारी और ऐक्टू के राज्य सचिव मुकेश मुक्त ने भागलपुर एसडीओ की इस कायराना बर्बर कार्यवाही का तीखा विरोध करते हुए कहा कि नीतीश झ भाजपा शासन में नौकरशाहों का मनोबल चरम पर है। संविधान दिवस पर नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचला गया। ये संविधान पर हमला है। भाजपा के इशारे पर नौकरशार लगातार नागरिक अधिकारों पर हमला कर रहें है। भाकपा-माले मजदूरों किसानों के अधिकारों की लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि निहत्थे और शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे गरीब मजदूरों-किसानों को जानवर की तरह लाठी से पीटना कोई बहादुरी नहीं है। भागलपुर एसडीओ ने अपने भाजपा आकाओं को खुश करने लिए जो ये साजिशपूर्ण कायराना हरकत की है, इसके लिए उसे शर्म आनी चाहिए। लाठीचार्च में कई मजदूर-किसान और संगठनों के नेतृत्वकारी चोटिल हुए हैं। नीतीश सरकार भी केंद्र की मोदी सरकार की तरह तानाशाही के राह पर है। भाकपा-माले मांग करती है कि संविधान दिवस पर अपने जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे मजदूरों किसानों पर बर्बर लाठीचार्ज करवाने वाले भागलपुर एसडीओ और लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाय तथा गिरफ्तार सभी प्रदर्शनकारियों को अविलम्ब छोड़ा जाय। भाकपा-माले इस बर्बरता के खिलाफ आंदोलन तेज करेगी।

## बेतिया में मतदान कर सड़क किनारे बैठे वोटरों को तेज रफ्तार कार ने रौंदा

नवप्रदेश/ बेतिया। बेतिया में सड़क हादसा हुआ है। जहां नौतन प्रखंड के महुआहा बूथ पर पैक्स चुनाव में मतदान कर सड़क किनारे बैठे वोटरों को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। इस घटना में आधा दर्जन वोटरों के घायल होने की सूचना है। सभी वोटर बगीचे के किनारे बैठे थे। तभी जगदीशपुर से मच्छरगावां जा रही कार ने सभी को रौंदकर घायल कर दिया। घायलों में तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिनका इलाज जीएमसीएच बेतिया में चल रहा है। वहीं चालक कार छोड़ फरार हो गया है। बता दें कि नौतन प्रखंड में पैक्स का चुनाव चल रहा है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि इस घटना में वरदाहा मनियारी गांव के गोविन्द राम, रामचंद्र साह की पत्नी, घूटन महतो की बहू सुगांनती देवी, वीरू यादव और उनकी बहन घायल हो गए हैं। वहीं इस घटना में पैक्स प्रत्याशी विजय साह की बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गई है। हादसे के बाद मतदान केंद्र के आसपास घंटों अफरा-तफरी मची रही। उधर टक्कर मारने वाली कार को ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। पुलिस आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामले की जांच कर रही है। नौतन थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि लोगों को शांत कर दिया गया है। गाड़ी की पहचान कर ली गई है।

# लॉटरी के अवैध धंधे पर पुलिस का शिकंजा, 5 गिरफ्तार

## मोतिहारी में 28 हजार कैश सहित 170 पीस टिकट बरामद

नवप्रदेश संवाददाता

**मोतिहारी।** मोतिहारी पुलिस ने लॉटरी और जुए के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की। एससी-एसटी थाना प्रभारी अमित कुमार को गुप्त सूचना मिली कि नगर थाना क्षेत्र के बलवा ओवरब्रिज के नीचे लॉटरी का अड्डा संचालित हो रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 28 हजार रुपये नगद, 170 लॉटरी टिकट और चार मोबाइल बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे लॉटरी के संचालन में शामिल हैं और उनका एक बड़ा सिंडिकेट है। इनका मुख्य लक्ष्य युवाओं को लालच देकर इस अवैध धंधे में फंसाना है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लॉटरी का जाल

नगर थाना क्षेत्र के मीना बाजार, ज्ञान बाबू चौक, बलुआ, राजा बाजार और छतौनी थाना क्षेत्र के बस स्टैंड समेत अन्य इलाकों में लॉटरी का अवैध कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। प्रतिदिन लाखों रुपये की लॉटरी खेली जाती है। बड़े स्तर पर कार्रवाई की कमी के चलते यह धंधा बढ़ता जा रहा है।

### तेजी से फल-फूल रहा अवैध कारोबार

नगर थाना क्षेत्र के मीना बाजार, ज्ञान बाबू चौक, बलुआ, राजा बाजार और छतौनी थाना क्षेत्र के बस स्टैंड समेत अन्य इलाकों में लॉटरी का अवैध कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। प्रतिदिन लाखों रुपये की लॉटरी खेली जाती है। बड़े स्तर पर कार्रवाई की कमी के चलते यह धंधा बढ़ता जा रहा है।

### एसपी का सख्त संदेश

एसपी स्वर्ण प्रभात ने लॉटरी संचालकों को चेतावनी दी है कि वे इस धंधे को छोड़ दें, अन्यथा सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने इसके लिए एक विशेष टीम का गठन किया है, जो नियमित छापेमारी करेगी। हालिया कार्रवाई में एससी-एसटी थाना प्रभारी अमित कुमार, महिला थाना प्रभारी प्रत्याशा कुमारी, साइबर थाना के एसआई नवीन कुमार समेत कई पुलिसकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# तिलौथू में संविधान दिवस का भव्य आयोजन

## समाजसेवियों ने किया बाबा साहेब को नमन

नव प्रदेश संवाददाता

**तिलौथू।** यू एरिया स्थित विद्या निकेतन स्कूल परिसर में अंबेडकर चेतना मंच के द्वारा संविधान दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी डॉ. बैजनाथ सिंह ने की, जबकि मंच का संचालन अनिल कुमार कौशल ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, जिसमें शिक्षक, छात्र-छात्राएं और अतिथियों ने भाग लिया।

डॉ. बैजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम 75वें संविधान दिवस के अवसर पर एकत्र हुए हैं। यह दिन हमें डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान की याद दिलाता है, जिन्होंने संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 26 नवंबर 2008 को हुए मुंबई आतंकी हमलों का भी जिक्र किया और शहीद हुए सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धांजलि दी।

समाजसेवी शेषनाथ ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे देश की आत्मा है। बाबा साहेब के नेतृत्व में बनाया गया यह संविधान पिछले 75 वर्षों से देश को एकता और प्रगति की राह पर अग्रसर कर रहा है। उन्होंने संविधान की विशेषताओं और इसकी सार्वभौमिकता पर प्रकाश डाला। मौके पर शिक्षक सुखदेव कुमार वर्मा, जियाउर रहमान, प्रियेश कुमार, सुशील कुमार श्रीवास्तव, ओम प्रकाश, विकाश कुमार चौधरी, नेहा कुमारी, रीमा कुमारी, रोशनी कुमारी, और स्नेहा कुमारी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने संविधान के महत्व और बाबा साहेब के आदर्शों पर चर्चा की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भी अपनी भागीदारी निभाई और संविधान के प्रति अपने विचार प्रस्तुत किए। पूरा आयोजन उत्साह और प्रेरणा से भरा हुआ था।

# प्रशांत किशोर का नीतीश कुमार पर तीखा हमला, कहा कोई प्रयास बिहार के विकास के लिए नहीं किया गया

नवप्रदेश संवाददाता

**पटना।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने अपने शुरूआती पदयात्रा में स्पष्ट किया था कि जन सुराज का मुख्य उद्देश्य बिहार का विकास है। इसी क्रम में वे अक्सर सरकार से सीधे सवाल करते हैं और उसकी विफलताओं को आम जनता के समक्ष लाने का प्रयास करते हैं। प्रशांत किशोर ने अपने बयान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए उनकी नीतियों और प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा, कोई ऐसी खबर बताइए कि नीतीश कुमार केंद्र सरकार से बात करने गए हों कि बिहार में चीनी मिल कब चालू होगी। मुख्यमंत्री केवल जेडीयू की सीटों के बंटवारे, एमएलसी टिकट और राज्यसभा की चर्चा के लिए दिल्ली में दो-दो दिन बैठते हैं। लेकिन बिहार के बच्चों का पलायन कैसे रोका जाए, इस पर 18-19 साल में कोई वर्कशॉप, कोई बैठक, कोई प्रयास नहीं किया गया है। प्रशांत किशोर ने आगे कहा, जब तक प्रयास शुरू नहीं होंगे, तब तक कुछ नहीं बदलेगा। लेकिन यहाँ तो सरकार प्रयास ही नहीं कर रही। नेता हंसते हुए कहते हैं कि अगर बिहार के लोग दिल्ली और मुंबई नहीं जाएंगे, तो वहां की व्यवस्था ठप हो जाएगी। यह कोई गर्व की बात नहीं है। उन्होंने बिहार के लोगों की स्थिति पर जोड़ डालते हुए कहा, हमारे भाई-बंधु दिल्ली और मुंबई में कूड़ा-कचरा साफ कर रहे हैं, ठेले पर सब्जी बेच रहे हैं, ये कोई गर्व की बात नहीं हैं। यह गर्व की बात तब होती जब बिहार के लड़के यहां गया या औरंगाबाद में सब्जी उगाते और ट्रेन से दिल्ली भेजते। तब हम गर्व से कहते कि अगर बिहारियों को गाली दोगे तो सब्जी की आपूर्ति बंद हो जाएंगी, तब दिल्ली में समस्या खड़ी हो जाएगी। लेकिन यहाँ के नेताओं की मानसिकता देखिए, वे इसे गर्व की बात मानते हैं कि बिहारी मजदूर दिल्ली में सफाई और मजदूरी का काम कर रहे हैं।

# तृतीय जन संवाद को लेकर सासाराम पहुंचे आईपीएस विकास वैभव

## जन संवाद कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों से पहुंचेंगे लोग

नवप्रदेश संवाददाता

**सासाराम।** आगामी 1 दिसंबर को सासाराम ने होने वाली तृतीय बृहद जन संवाद को लेकर मंगलवार को आईपीएस विकास वैभव सासाराम पहुंचे। बता दे के आईपीएस विकास वैभव लेट्स इंस्पायर बिहार की मुहिम चला रहे हैं। इसी के उद्देश्य से आगामी 1 दिसंबर को सासाराम के फजलगंज स्थित न्यू स्टेडियम के मैदान में तृतीय वृहद जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस कार्यक्रम को लेकर आईपीएस विकास वैभव लगातार रोहतास जिला का भ्रमण कर रहे हैं और लोगों को लेट्स इंस्पायर बिहार के मकसद को बता रहे हैं। इसी के उद्देश्य से मंगलवार को आईपीएस विकास वैभव सासाराम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि बिहार में विकास देखना है तो जाती, लिंग, भेद भाव जैसे विचारधाराओं से ऊपर उठने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सासाराम की धरती से पूरे बिहार के लोगों को यह मैसेज देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लेट्स इंस्पायर बिहार का मुख्य मकसद शिक्षा, समता और उद्यमिता के बारे में सोचना है। विकास वैभव ने कहा कि यदि हम इन सब के बारे में सोचेंगे तभी हम बिहार से पलायन को रोक सकेंगे और बिहार का विकास कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में स्टार्टअप के माध्यम से उद्योग बढ़े इसके लिए हम लोग लगातार प्रयास कर रहे हैं, और यह तभी संभव होगा जब बिहार के लोग जाति, पाती धर्म से ऊपर उठकर सिर्फ बिहार के बारे में सोचेंगे। वही तृतीय वृहद जन संवाद को लेकर विकास वैभव ने कहा कि इस कार्यक्रम में रोहतास जिले के तो लोग शामिल होंगे ही इसके अलावा बिहार के विभिन्न जिलों के लोग भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे, क्योंकि इस कार्यक्रम का मुख्य मकसद हीं बिहार का विकास है, इसलिए बिहार के विभिन्न जिलों से लोग इसमें शामिल होंगे। विकास वैभव ने कहा कि बिहार को आगे बढ़ता देखना मेरा उद्देश्य है और रोहतास जिला से मेरा काफी लगाव रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में रोहतास जिला भी एक ऐसा स्थान है जहां उद्योग के साथ-साथ पर्यटन के अपार संभावनाएं हैं। यदि इस पर विचार करके आगे बढ़ा जाए तो यहां के लोगों को भी कई फायदे होंगे और अपने जिले में ही कई सारे व्यवसाय स्थापित हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम समिति हर तरह के व्यवस्थाओं में लगी हुई है। इस जन संवाद में किसी प्रकार से किसी को दिक्कत ना हो इसके लिए रोहतास जिले के लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

## एक नजर

### 1 दिसंबर को नासरीगंज के अमियावर में लगेगा नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर

**नवप्रदेश/नासरीगंज।** आगामी 1 दिसंबर को रोहतास युक्त कॉरपोरेशन ग्रुप शाहाबाद के द्वारा नासरीगंज प्रखंड के अमियावर गांव में विशाल निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मेगा शिविर में बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी, मेडिसिन विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, छाती रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ के साथ-साथ चर्म रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ सहित एक दर्जन से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद होंगे। इसकी जानकारी देते हुए रोहतास यूथ कॉरपोरेशन ग्रुप शाहाबाद के लोगों ने बताया कि यह एक विशाल मेगा स्वास्थ्य शिविर 1 दिसंबर को आयोजन होगा और पूरी तरह से नि:शुल्क होगा। उन लोगों ने बताया कि इस मेगा शिविर में सासाराम के साथ-साथ बनारस के भी प्रसिद्ध चिकित्सक शामिल होंगे। उन लोगों ने बताया कि रोहतास यूथ कॉरपोरेशन ग्रुप शाहाबाद लगातार समय-समय पर इस तरह के कार्यों का आयोजन करते आया है। उन लोगों ने बताया कि यह मेगा स्वास्थ्य शिविर पूरी तरह से निशुल्क होगा और सभी रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक इस शिविर में मौजूद होंगे। संस्था के लोगों ने बताया कि इस शिविर में कोई भी व्यक्ति अपने रोग से संबंधित विशेषज्ञ से मिलकर परामर्श ले सकते हैं।

### पुलिस अधीक्षक ने की थानाध्यक्ष इनरवा को तत्काल प्रभाव से निलंबित

**नवप्रदेश/बेतिया** । पुलिस अधीक्षक पश्चिमी चम्पारण बेतिया को दिनांक 23/11/24 को रात्रि में सूचना प्राप्त हुई थी की थानाध्यक्ष इनरवा के द्वारा अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त करने के पश्चात अवैध तरीके से छोड़ दिया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के जांच उपरांत थानाध्यक्ष की भूमिका संदिग्ध पाई गई। इस आलोक में पुलिस अधीक्षक पश्चिमी चम्पारण बेतिया डॉ शौर्य सुमन के द्वारा पु0अ0नि0 बसंत कुमार थानाअध्यक्ष इनरवा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए निलंबन की अवधि में इनका मुख्यालय पुलिस केंद्र किया गया तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक पश्चिम चम्पारण, बेतिया द्वारा बेहतर विधि-व्यवस्था एवं उपयोगिता हेतु वर्तमान गोपालपुर मे पदस्थापित प्रभारी को इनारवा थानाध्यक्ष के रूप मे पु०अ०नि० जय कुमार को नव पदस्थापन किया गया।

### धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस



**नवप्रदेश/पश्चिमी चंपारण।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिम चंपारण बेतिया के तत्वाधान में धूमधाम से संविधान दिवस मनाया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष आनंद नंदन सिंह के कुशल नेतृत्व में व्यवहार न्यायालय परिसर बेतिया में व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारी, एवं अधिवक्तागण के साथ संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया गया। वहीं प्राधिकार के सचिव अमरेंद्र कुमार राज ने सुबह में प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं विपिन उत्तर माध्यमिक विद्यालय में सचिव द्वारा हुआ उपस्थित सभी बच्चे एवं बच्चियों को संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया गया एवं उनको संविधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला जज ने बताया कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में सभी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। वही 26 नवंबर से 2 दिसंबरके बीच संविधान दिवस सप्ताह अभी मनाया जाएगा जिसमें आम लोगों को नालसा एवं बालसा से संबंधित योजनाओं एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा तथा विभिन्न विद्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। न्यायालय परिसर में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अमित कुमार दीक्षित ने प्रस्तावना का पाठ कराया। मौके पर सभी न्यायिक पदाधिकारी गण अधिवक्ता गण एवं कर्मचारियों की उपस्थित रहे। तथा विपिन उत्तर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी उत्पाद अधीक्षक सभी स्कूलों के प्राचार्य एवं छात्र-छात्राएं तथा जिला समन्वयक विधिक साक्षरता क्लब राकेश डिक्रूजउपस्थित रहे।

### संविधान के मूल अधिकारों व कर्तव्यों की विस्तार से की गई चर्चा



**नवप्रदेश/जगदीश पुर।** संविधान दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र, भोजपुर एवं जन विकास क्रांति के संयुक्त तत्वावधान में नयका टोला, जगदीशपुर में हस्ताक्षर अभियान, पदयात्रा एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र, भोजपुर की जिला युवा अधिकारी निकिता सिंह ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन अधिवक्ता मुकेश कुमार सिंह, जिला युवा अधिकारी सुश्री निकिता सिंह, जन विकास क्रांति के महासचिव डॉ. हिमराज सिंह एवं स्नेहा कुमारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य वक्ता अधिवक्ता श्री मुकेश कुमार सिन्हा ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संविधान के मूल अधिकारों और कर्तव्यों की विस्तार से जानकारी दी। इसके उपरांत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम स्थान: मधु कुमारी,द्वितीय स्थान: अमृता कुमारी, तृतीय स्थान: अरबाज आलम ने प्राप्त किया।युवाओं ने रैली के माध्यम से नायका टोला में संविधान दिवस के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कुमारी स्नेहा सिंह, प्रचार्या संतोष कुमार, विकास चौधरी, धनजी सिंह, खुशी कुमारी, करिश्मा कुमारी, निकिता कुमारी सहित सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया।

### सहार की दो जर्जर सड़कों का होगा कायाकल्प : मीना कुमारी

**नवप्रदेश/सहार (भोजपुर)** । सहार-पूर्वी की जिला पार्षद मीना कुमारी ने बताया कि सहार के नहर पुल से सहार टोला होते हुए बंशीडिहरी गांव तक पुरानी नहर रोड तथा शंकर टोला से कोरनडिहरी गांव तक की जर्जर सड़क का कायाकल्प किए जाने का मामला मेरे द्वारा जिला परिषद के सदन मे बराबर गूँजता रहा है जिसके बाद उक्त जर्जर सड़क के मरम्मत कर कायाकल्प किए जाने का मामला कार्यपालक अभियंता व अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, आरा के द्वारा डीपीआर तैयार किए जाने के बाद मुख्य अभियंता-1 ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को कार्य कराने हेतु समर्पित किया जा चुका है जिसपर अग्रेतर कारवाई करते हुए मुख्य अभियंता ने अपने पत्रांक 733 द्वारा नोडल पदाधिकारी, शीर्ष 3054 मरम्मति, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को समर्पित कर दिया है जिसके स्वीकृतोपरांत कार्य का टेंडर कराकर बहुत जल्द उक्त दोनो जर्जर सड़क का कायाकल्प किया जाएगा।

### अररिया-जोकीहाट में हो रहे पैक्स चुनाव का मतदान केंद्रों पर जाकर डीएम और एसपी ने लिया जायजा

**नव प्रदेश/अररिया।** अररिया और जोकीहाट प्रखंड में प्रथम चरण के तहत मंगलवार को हो रहे पैक्स चुनाव का डीएम अनिल कुमार और एसपी अमित रंजन ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान कार्यों का जायजा लिया।मौके पर डीएम और एसपी ने मतदान कर्मियों और पुलिस अधिकारियों को निष्पक्ष मतदान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। अररिया प्रखंड के नौ पंचायतों के 34 मतदान केंद्रों पर 13 पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट,तीन सेक्टर मजिस्ट्रेट को पुलिस अधिकारियों और बलों के साथ लगाया गया है।इसके अलावे उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है।अररिया में दस पंचायतों में चुनाव होना था,लेकिन बटुरबाड़ी पंचायत में निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष शाहीन परवीन निर्विरोध निर्वाचित हुई है।अररिया प्रखंड में 20 हजार 670 मतदाता 34 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जोकीहाट प्रखंड में छह पंचायतों में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए मतदान हो रहा है।12 हजार 447 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर पैक्स अध्यक्ष और सदस्य का चुनाव करेंगे।जोकीहाट के चकई में 3 हजार 336,भगवानपुर में 1 हजार 608,सिमरिया में 3 हजार 757,महलगांव में 1 हजार 349,चैनपुर मसूरिया में 1 हजार 347 और गिरदा पंचायत के पैक्स में 1 हजार 20 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर पैक्स अध्यक्ष उर सदस्य को चुनेंगे। निरीक्षण के क्रम में डीएम अनिल कुमार और एसपी ने शांतिपूर्ण मतदान होने का दावा किया। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण और निर्भीक एवं निष्पक्ष मतदान को लेकर मुकम्मल व्यवस्था की गई है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पेट्रोलिंग टीम का गठन किया गया है।जिसके द्वारा सुबह से ही सभी मतदान केंद्रों पर अपनी नजर बनाए हुए है।शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए प्रखंड कार्यालय में नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है।डीएम और एसपी ने पैक्स के मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में निर्भीक और निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील की।

# मांडर विस क्षेत्र में कोई कीचड़ नहीं जहां कमल खिलेगा यह समुंदर है समुंदर : शिल्पी नेहा तिर्की

## शिल्पी नेहा तिर्की के जीत पर विजय जुलूस सह आभार यात्रा निकाली गई, ऐतिहासिक महादानी मंदिर में माथा टेका, लिया आशिर्वाद



**सुनील कुमार गुप्ता (नव प्रदेश) बेड़ो।** मांडर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की की जीत की खुशी में बेड़ो में मंगलवार को विजय जुलूस सह आभार यात्रा निकाली गई। आभार यात्रा केशा मोड़ से निकलकर कॉलेज गेट, तेतर टोली, देवी मंडप, बजारटांड़, गुमला सड़क, लोहरदगा सड़क होते हुए महादानी मैदान पहुंची। जहां विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि ये जीत का श्रेय जनता को जाती है। जिन्होंने इस झारखंड को लूटने से बचाया, जिन्होंने झारखंड को बंटने और कटने से बचाया। चुनाव के दौरान एक से बढ़कर एक खिलाड़ी आये असम से भी आए, मध्यप्रदेश से भी आये। मगर आप लोगों ने सबको बेरोजगार कर दिया।

सब बोरिया-बिस्तर बांधकर वापस चले गये और आज दोबारा से हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड में बनने जा रही है। जिन लोगों ने हमारे मंईयां सम्मान जैसे योजनाओं का तिरस्कार किया था, वह भी आज खुश हैं कि दिसंबर से 2500 रूपए मिलने वाला है। बहुत लोगों का मंशा यहां कमल खिलाने का था। उन्होंने कहा कि मांडर विधानसभा कोई कीचड़ नहीं हैं, समुंदर है समुंदर। इसमें कोशिश भी करोगे तो खुद डूब जाओगे। आज आपकी ये बेटी अपने आने वाली 25-30 साल के लिए आपलोगों को समर्पित कर रही है। इसके पूर्व शिल्पी नेहा तिर्की ने ऐतिहासिक महादानी मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दरबार में माथा टेका और आशिर्वाद मांगा। मंदिर के पुजारी सोनू पंडा ने शिल्पी नेहा तिर्की को विधिवत पूजा-अर्चना करायी।

विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सरना स्थल पर जाकर मां सरना की आराधना की। विजय जुलूस के दौरान टाना भगतों ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का रणभेरी बजाकर स्वागत किया। विधायक ने गाड़ी के उपर खुले में बैठकर लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया और आभार जताया। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव ने कहा कि लोगों ने मांडर विधानसभा क्षेत्र से विजयी दिलाकर शिल्पी नेहा तिर्की को लगातार दूसरी बार विधानसभा भेज कर कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की अपने पिता बंधु तिर्की और यहां के लोगों के अधूरे सपने को पूरा करेगी।

विजय जुलूस में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव, उपप्रमुख मोद्दसिर हक, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, पिंकु लाल खन्ना, राजेश सहाय, नवल किशोर सिंह, शंभु बैठा, लाल विश्वनाथ शाहदेव, रविंद्र साहु सिंगलू, मो. फहीम, तंजीर हुसैन, साबीर मीर, रईफुद्दीन मिरदाहा, केडी गुरु, एतवा टाना भगत, गोबर्धन महतो, मंजुर अंसारी, रूस्तम अंसारी, बिरसु उरांव, रौशन तिर्की, महेबुल ओहदार सहित कई शामिल थे।

# भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में स्वच्छता कार्यक्रम तथा पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**नव प्रदेश संवाददाता**

**मांडर।** मांडर स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन द्वारा संचालित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा जीएनएम एंव भारथी कॉलेज ऑफ फामेर्सी के विभागों में डाक विभाग जीपीओ रांची के तत्वाधान में प्रभात फेरी, स्वच्छता कार्यक्रम तथा पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही एन॰एस॰एस॰ के तहत जागो ग्राहक जागो अभियान तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसके अलावा महाविद्यालय के सभागार कक्ष मे संविधान दिवस तथा जनजातीय गौरव दिवस का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या दीपाली पराशर, सीनियर पोस्ट मास्टर, जीपीओ राची के संदीप सर उपस्थित थे। दीपाली पराशर ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा गोद लिये गांव करकरा में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन कर गाववासियों को अपने हक व अधिकार को लेकर जागरूक किया गया ताकि वह अपने अधिकारों से वंचित न हों। साथ ही महाविद्यालय में हुए संविद्यान दिवस व जनजातीय गौरव कार्यक्रम के तहत जो झांकी प्रस्तुत की गयी। यह झारखंड के संस्कृति की बेहतर प्रस्तुती की गयी। इस पर उन्होंने कहा कि यहां की आदिवासी संस्कृति में काफी प्रतिभा छुपी हुई है, बस उन्हे महाविद्यालय द्वारा प्लेटफार्म दिया जा रहा है ताकि उसकी प्रतिभा दबी न रह जाय। इसके अलावा पेंटिग प्रतियोगिता के प्रथम स्थान पर रश्मि तोपनो (बीएड विभाग) द्वितीय सुबोध उरांव (नर्सिंग विभाग) तथा तृतीय बुशरा परवीन (फामेर्सी विभाग) को जीपीओ रांची के द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र तथा गिफट देकर सम्मानित किया गया। डीन डॉ. उपेन्द्र उपाध्याय ने संविधान के बारे में लोगों को जागरूक किया। मौके पर व्याख्याता राकेश कुमार राय, आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर मनोज कुमार गुप्ता, विवेक राज जायसवाल, विनोद गुप्ता, रिभा कुमारी, रश्मि सिन्हा जलीस अहमद, सुबोध कुमार, अमित कुमार, सह प्राचार्या नर्सिंग विभाग निहारीका श्रीवास्तव, व्याख्याता अंजेला, प्रतिमा कुजुर फामेर्सी विभाग के प्राचार्य संकेत कुमार, विवेक, सुनील, तुलसीदास आदि उपस्थित थे।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा नगड़ी की समीक्षा बैठक आयोजित

**नव प्रदेश संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा नगड़ी की समीक्षा बैठक मंगलवार को नारो बाजारटांड स्थित जेएमएम पार्टी कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन मजबूत कैसे हो, इस पर विचार-विमर्श हुआ। साथ ही पिछली कार्यो की समीक्षा की गई। देवरी और साहेर पंचायत मे ट्रांसफार्मर की बिजली विभाग द्वारा तत्काल दिलाई गई। नगड़ी और रातू प्रखंड क्षेत्र में पचास टीमों के बीच फुटबॉल जर्सी वितरण किया गया। नवरात्र दुर्गा पुजा के अवसर पर महिलाओं के बीच दो हजार से अधिक साड़ियों का वितरण किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से चेटे, चिपरा और एडचोरो पंचायत समिति को भंग कर दिया। इन पंचायतों में समिति का गठन शीघ्र कराया जायेगा। बैठक मे झारखंड मुक्ति मोर्चा नगड़ी एवं महिला मोर्चा नगड़ी, अल्पसंख्यक मोर्चा नगड़ी, किसान मोर्चा नगड़ी, कीड़ा मोर्चा नगड़ी तथा पंचायत समिति बैठक में शामिल थे। मुख्य रूप से रांची जिला उपाध्यक्ष राखी देवी, प्रखंड उपाध्यक्ष धुचु तिर्की, सुरेश महतो, सचिव पुजा देवी, किसान मोर्चा नगड़ी के प्रखंड अध्यक्ष बांदे उरांव, सचिव अशोक ठाकुर, अल्पसंख्यक मोर्चा नगड़ी के प्रखंड अध्यक्ष तस्लीम अंसारी, गुफरान अंसारी, फिरोज अंसारी, संदीप तिरकी, महिला मोर्चा नगड़ी के प्रखंड अध्यक्षा सुकरनी देवी, उपाध्यक्ष सोमारी उरांव, उर्मिला देवी, नीलम देवी, जीवानी खलखो, बंसती देवी, सचिव सोनी देवी, सुफेदा खातून, कीड़ा मोर्चा नगड़ी के प्रखंड अध्यक्ष स्टेपन तिर्की, सचिव सलीम अंसारी, नौशाद अंसारी, पंचायत अध्यक्ष नगड़ी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# डिस्कस थ्रो में श्रेया, दिया, अंश ने जीता स्वर्ण पदक

**नव प्रदेश संवाददाता**

**अनगड़ा।** जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी के खेल महोत्सव के तीसरे दिन तवा फेंक (डिस्क्स थ्रो) स्पर्द्धा का आयोजन किया गया। सिनियर बालिका वर्ग में दीया थापा क्षेत्री ने स्वर्ण पदक आंचल कुमारी रजत और दिव्या कुमारी कांस्य पदक जीता। बालिका जूनियर वर्ग में श्रेया कुमारी को स्वर्ण, प्रियंका कुमारी को रजत व शीतल कुमारी को कांस्य पदक मिला। वहीं सब जूनियर बालक वर्ग में अंश महतो को स्वर्ण, सैय्यद अंसारी को रजत व सुदेश कुमार को कांस्य पदक मिला है। चॉकलेट रेस में लक्ष्मी कुमारी को स्वर्ण, यश कुमार को रजत व अनिरुद्ध कुमार को कांस्य पदक जबकि पांच वर्ष बालक वर्ग में अमान रजा को स्वर्ण पदक, लक्ष्य कुमार को रजत व विद्यांश कुमार को कांस्य पदक जबकि बालिका गुलाबी कुमारी को स्वर्ण पदक, मनहा नाज को रजत पदक व दिव्यांशी कुमारी ने कांस्य पदक जीता। मुख्य अतिथि अनगड़ा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, विशिष्ठ अतिथि भाजयुमो उपाध्यक्ष अमन यादव व रामसाय मुंडा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया मौके पर कार्यकरी अध्यक्ष कुंती देवी महासचिव सत्यपाल राउत, सचिव राजकुमार, मिडिया प्रभारी दिलीप कुमार दीपू, सक्रिय सदस्य विजय सिंह, राष्ट्रीय तैराकी कोच पिंकी कुमारी, गोविंदा कुमार, कमलेश पाहन संदीप कुमार वर्मा, संजय कुमार गुड्डू, कमलकांत साव, संजू गोस्वामी, ब्रजकिशोर प्रसाद, माघु करमाली, प्रदीप कुमार, निर्णायक मंडली के संजय राणा, टिकेश्वरी पांडेय, ऋषि सिंह, नागेश्वर सिंह, विजय रजवार, विवेक बेदिया, सिद्धू पांडेय, अशीष कुमार, वासुदेव साहू आदि उपस्थित थे।

# कार्यकर्ताओं ने नवीन जायसवाल के पक्ष में निकाला विजय जुलूस

**नव प्रदेश संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी।** हटिया विधायक नवीन जायसवाल के विजयी होने पर नगड़ी और आसपास के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। इसी सिलसिले में मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा विजय जुलूस निकाला गया। विजय जुलूस नगड़ी चेक पोस्ट से आरंभ हुआ और नारो बाजारटांड़, चेकपोस्ट, मस्जिद चौक, मुख्य चौक होते हुए कई मुहल्ले तक गया। इस दौरान लोगों ने भाजपा जिंदाबाद, भारत माता की जय नवीन जायसवाल जिंदाबाद के नारे लगाए। जगह जगह बम, पटाखे, फूलझड़ी चलाये गये। इस अवसर पर विजय जुलूस को संबोधित करते हुए नवीन जायसवाल ने कहा कि यह जीत आमजनों की जीत है, अब हम सब मिलकर इस राज्य और देश के विकास के लिए अपने-अपने स्तर पर प्रयास करें। इस दौरान शशिभूषण भगत, पूनम देवी सहित कई लोगों ने अपने विचार प्रकट किए।

## 75वां संविधान दिवस मनाया गया

**मांडर (नव प्रदेश संवाददाता)।** मांडर कॉलेज में 75वां संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रचार्य डॉ कुमार आदित्येन्द्र नाथ शाहदेव ने संविधान की महत्ता पर विस्तृत रुप से प्रकाश डाला और कहा कि आज हम भारतीय संविधान का 75वां वर्षगांठ मना रहें है। यह निमार्ताओं के दूरदर्शिता का परिचायक है और यह दुनिया के सबसे अच्छे संविधान में से एक है। मौके पर डॉ केपी साही, प्रो सोमरा उराव, बिनोद राय, डॉ पवन कुमार दास ने भी संविधान की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला।

## पतराहातु में आज एवं मुरी में कल आभार पद यात्रा

**सिल्ली (नव प्रदेश संवाददाता)।** झामुमो प्रत्याशी अमित कुमार की जीत को लेकर सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पतराहातु में आज एवं मुरी में कल आभार पद यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान विधायक अमित कुमार महतो शामिल रहेंगे। यह जानकारी झामुमो कार्यकर्ताओं की ओर से दी गई।

## उपद्रवी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**सिल्ली।** शरारती तत्व बूढ़ेश्वर महतो उर्फ बुचा महतो द्वारा झारखंड मोड़ पर बैठाये गये झारखंड के प्रतिष्ठित महापुरुष स्व निर्मल महतो की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ किया गया। साथ ही राजनैतिक पार्टी के झंडा के साथ अनैतिक कार्य किया गया, जिससे क्षेत्र अंतर्गत धार्मिक एवं सामाजिक भावना को ठेस पहुंचने का प्रयास किया गया। इससे विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने की प्रबल संभावना थी। पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त उपद्रवी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया एवं पुलिस प्रशासन द्वारा बताया गया कि अगर किसी व्यक्ति के द्वारा समाज एवं क्षेत्र के माहौल को बिगड़ने का प्रयास किया जाता है तो अविलम्ब कानूनी कारवाई की जाएगी।

## मिडिल स्कूल मारंगकिरी में चोरी

**सोनाहातू।** प्रखंड के मिडिल स्कूल मारंगकिरी में सोमवार की रात अज्ञात चोरों के द्वारा स्कूल का गेट, दरवाजे और रसोईघर के दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर स्कूल से दो गैस सिलेंडर, तीन खाना पकाने वाला डेग, स्टील गमला सहित अन्य कई बर्तनों की चोरी की गयी है। इस संबंध में स्कूल के प्रधानाध्यापक संदीप कुमार दत्त ने सोनाहातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है और विभागीय कार्यालय में भी सूचना दी है।

# गुरु गोष्ठी में छात्र-छात्राओं के यूनिक अपार आईडी की चर्चा

## त्रुटि रहित डाटा के आधार पर अपार आईडी तैयार करने का निर्देश

**नव प्रदेश संवाददाता**

**लापुंग।** प्रखंड संसाधन केंद्र में दो अलग-अलग सत्रों में गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। गुरुगोष्ठी की अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी लीलावती तिर्की ने किया। उन्होंने कहा कि अपार आईडी में डाले गए सूचना में कोई परिवर्तन नहीं होगा। सोच-समझकर करें काम। जरूरत पडे. तो आधार कार्ड के माध्यम से त्रुटि रहित डाटा तैयार करें।। बैठक के दौरान विद्यालयों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा एवं भविष्य में होने वाली परीक्षाओं के संदर्भ में आवश्यक जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रोफाइल माड्यूल, टीचर माड्यूल तथा स्टूडेंट माड्यूल पर चर्चा की गई। सभी प्रधान शिक्षक और शिक्षिकाओं से अविलंब सभी अधुरे डाटा को पूर्ण करने तथा यूडायस प्लस सहित ईविद्यावाहिनी में जाकर सभी तरह के आवश्यक डाटा को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। गुरुगोष्ठी के दौरान कई विषयों पर चर्चा की गई। अपार आईडी के डाटा को पूर्ण करने के पूर्व आधार कार्ड व नामांकन के आधार पर सभी त्रुटियों को दूर करने का निर्देश दिया गया। बीपीओ लीलावती तिर्की ने कहा कि अपार आईडी में जो भी आवश्यक डाटा भरा जाएगा उसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा। यदि पहले से ही कोई त्रुटि है तो उसे सुधार कर लें। गुरु गोष्ठी के दौरान डीडीओ सह प्रधानाध्यापक शिव प्रसाद महतो, मैसेंजर अरविंद कच्छप, रांची जिला अजप्टा के जिला अध्यक्ष सलीम सहाय तिग्गा, राणा जितेन्द्र, मो. जुबैर अंसारी, संजय कुमार सिंह, अरुण कुमार नायक, प्रकाश उरांव, लाल सुजीत शाहदेव, सागेन होरो, ऋषि तेज कुमार केरकेट्टा, विनोद लकड़ा, शंकर खलखो, अशोक मंगल खलखो, संजय तिर्की, शांति एक्का, राकेश पासी, गोपी उरांव, लाल दिलीप कुमार सिंह, भुवंजय कुमार साहु, रुपेश पाठक, हेमचंद्र साहु, ईभांजालिस्ता टोप्पनो, नूतन कुमारी, बुधनाथ मुंडा, संजय कुमार महतो, उर्मिला कुमारी, जोसेफ बृजिया, मेरी मैक्सिमा डुंगडुंग,रामवृक्ष बैठा, उदय कुमार, यू धनेश्वर राव सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौके पर मौजूद थे। बैठक के दौरान लेखापाल दीपक कुमार साहु, कैलाश कुमार पाढ़ी, कंप्यूटर ऑपरेटर फ्रांसिस पन्ना, सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता, चन्द्रमोहन ठाकुर, अजीत कुमार सिंह, मंटु कुमार साहु, लाल मिथिलेश कुमार सिंह, बीआरपी रेशम शाहदेव, लालकेश्वर यादव सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# ग्रामीणों ने की विकास मुंडा को मंत्री बनाने की मांग

**नव प्रदेश संवाददाता**

**तमाड़।** तमाड़ विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) प्रत्याशी विकास कुमार मुंडा की जीत के बाद मुंडा समाज सहित अन्य जाति वर्ग के लोगों ने उन्हें मंत्री बनाने को लेकर मुहिम तेज की है। लोग झामुमो सुप्रीमो को लेकर सोशल मीडिया पर विकास मुंडा को मंत्री बनाने की मांग कर रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि विकास कुमार मुंडा का लंबा राजनीतिक अनुभव रहा है। उन्होंने लगातार तीसरी बार तमाड़ विधानसभा से जीत दर्ज किया है। सभी वर्गों को साथ लेकर संघर्ष करते रहे हैं। तमाड़ जैसे पिछड़े इलाके का सर्वांगीण विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे में वह सरकार में मंत्री बनने की योग्यता रखते हैं। लोगों ने कहा है कि उन्हें मंत्री बनाने पर क्षेत्र और राज्य का और अधिक विकास होगा। इधर झारखंड इंडिया गठबंधन के प्रचंड बहुमत पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश सचिव मुरली कुमार सेठ ने हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा है कि धोबी समाज पूरे राज्य में तमाड़ विधानसभा में संख्या ज्यादा है। हरसंभव इंडिया गठबंधन को समर्थन किया है। इस बार धोबी जाति को झारखंड प्रदेश में धोबी बोर्ड का गठन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग भी किया है। इस आशातीत प्रयत्नशील जेएमएम सरकार का आभारी रहेंगे। इसलिए सभी ने माननीय झामुमो के सुप्रीमो से तमाड़ विधानसभा के विधायक बेदाग चरित्र वाले तीन बार के विधायक विकास कुमार मुंडा को मंत्री पद मिले।

## एक नजर

### लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ जागरुकता अभियान

**ईचागढ़ (नव प्रदेश संवाददाता)।** जेएसएलपीएस के सौजन्य से ईचागढ़ प्रखंड में लिंग आधारित जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान महिलाओं ने लिंग आधारित भेदभाव नहीं करने की शपथ ली एवं जागरूकता रैली निकाली जो ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय से ब्लॉक मोड़ एवं गौरांगकोचा मोड़ होते हुए पातकुम तक गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ ग्रामीण स्तर पर जन-जन तक जागरूकता पहुंचाना है। अभियान प्रत्येक गांव में 25 नवम्बर से 23 दिसम्बर तक चलाया जाएगा। रैली को प्रखंड प्रमुख गुरुपद मार्डी, बीपीएम मनोहर टोप्पो, महिला पर्यवेक्षिका कृष्णा देवी, एफटीसी नरेश कुमार, विनीता महतो, भवानी महतो, विश्वजीत महतो, कुलदीप महतो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### अनुमंडलीय बार एसोशियन में मना संविधान दिवस

**ईचागढ़ (नव प्रदेश संवाददाता)।** अनुमण्डलीय बार एसोशियन चांडिल द्वारा मंगलवार को अधिवक्ता बद्री प्रसाद साहू की अध्यक्षता में 75वां संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारत का संविधान उद्देशिका पढ़कर शपथ लिया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता सह बार एसोशियशन के उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ महतो ने किया। मौके पर बार एसोशियन के संयुक्त सचिव संजय कुमार साह, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार पातर, सचिव देवशीष कुंडू, कमलेश सिंह, कमल महतो, असीम कुमार, शिवेश्वर महतो, जयदेव महतो, सतीश कुमार, विदुभूषण महतो आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

### विधायक सविता महतो को दी शुभकामनाएं

**ईचागढ़ (नव प्रदेश संवाददाता)।** विगत विधानसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन की पूर्ण बहुमत से विजयी होने व ईचागढ़ विधानसभा से रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करने पर ईचागढ़ की लोकप्रिय विधायक सविता महतो के आवास पंहुचकर झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रतिनिधिमंडल ने मिलकर पुष्प गुच्छ देकर अनंत शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला संयुक्त सचिव धर्मु गोप, झामुमो जिला सोशल मिडिया प्रभारी सह जेसीएम जिलाध्यक्ष सुदामा हेम्ब्रम, झायुमो जिला सचिव दीनबंधु महतो, झायुमो जिला उपाध्यक्ष बैधनाथ टुडू आदि उपस्थित थे।

### उदय शंकर सिंह ने दिऊड़ी माता का आशीर्वाद लिया

**तमाड़ (नव प्रदेश संवाददाता)।** प्रखंड के प्रसिद्ध प्राचीनकालीन दिऊड़ी मंदिर में मंगलवार को सारठ विधानसभा से निर्वाचित विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह पहुंचे। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ पूजा-अर्चना कर माता के चरणों में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। विधायक उदय शंकर सिंह ने कहा कि चुनाव से पूर्व दिऊड़ी माता रानी के दरबार आकर अपने जीत की मन्नत मांगी थी। मन्नत पुरी हुई और माता रानी के आशीर्वाद से सारठ विधान सभा क्षेत्र से मैंने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। शपथ ग्रहण करने से पूर्व दिऊड़ी माता रानी की दर्शन कर आशीर्वाद लेने आया हूं।

### सीआईटीई में संविधान दिवस मनाया गया

**अनगड़ा (नव प्रदेश संवाददाता)।** संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को कैम्ब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन, महाविद्यालय बहैया में संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ रविंद्र कुमार ने प्रशिक्षुओं को भारत की गरिमामई संविधान की पवित्रता, महत्ता आदि से वाकिफ कराया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों, प्रशिक्षुओं, कर्मियों ने सामूहिक रूप से संविधान के नियमों के अक्षरशः पालन करने की शपथ ली.कार्यक्रम में बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं के अलावे व्याख्यात एवं कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

### अमित कुमार की जीत पर महिलाओं में खुशी

**सिल्ली (नव प्रदेश संवाददाता)।** विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी अमित कुमार की जीत पर महिलाओं में खुशी है। झामुमो कार्यकर्ताओं ने जीत पर जश्न मनाया। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल भी लगाया और मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। इस अवसर पर पूर्व विधायक सीमा देवी एवं अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

### संविधान दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

**अनगड़ा (नव प्रदेश संवाददाता)।** ऊषा मार्टिन विवि में तीन दिवसीय संविधान दिवस 21, 25 व 26 नवंबर को मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उप कुलपति मधुलिका कौशिज और रजिस्ट्रार डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने दीप प्रज्वलन कर किया। मौके पर विभिन्न प्रतियोगिता विधिक तर्क-वितर्क, नुक्कड़ नाटक, ट्रायल एडवोकेसी आदि का आयोजन किया गया। विधिक तर्क-वितर्क में नलीनी तथा चेतन एवं इंट्रा मूट कोर्ट में राज तिलक, अनिल तथा आयुष की टीम विजेता रही। प्रतियोगिताओं के आयोजन में विधिक विभाग की विभागाध्यक्ष तूलिका सिन्हा के मार्गदर्शन में अनिमेष ऋषि,अनुराग मिश्र, अभिषेक, किशांगी, अमनवीर एवं निधि आदि का योगदान रहा।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)